






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 268

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 12 जुलाई, 2024


# यूपी-बिहार और झारखंड में बारिश-बिजली से 56 की मौत

## बिहार में आज रेड अलर्ट, मध्य प्रदेश समेत 6 राज्यों में भारी बारिश की संभावना

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में बारिश, बाढ़ और बिजली गिरने से पिछले 24 घंटों के दौरान 56 लोगों की मौत हुई है। यूपी में बाढ़-बारिश से जुड़े हादसे में 32 लोगों की जान गई है। राज्य के 12 जिलों के करीब 800 गांवों में बाढ़ जैसे हालात हैं। पीलीभीत और लखीमपुर खीरी में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में लगी हैं। बिहार में बिजली गिरने से 21 और झारखंड में 3 की मौत हुई है। राज्य में गंडक, कोसी, बागमती, कमला समेत कई नदियां उफान पर हैं। गोपालगंज, पश्चिम चंपारण सहित कई जिलों में बाढ़ आ गई है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और गोवा में भारी बारिश को लेकर आज ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल, ओडिशा और कर्नाटक में भी यलो अलर्ट है।



### हिमाचल में 2 हफ्तों में 22 की मौत

हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं से 2 हफ्ते में 22 लोगों की मौत हुई है। राज्य सरकार के अधिकारी ने बताया कि 27 जून को मानसून प्रदेश में पहुंचा था। तब से लेकर अब तक तेज बारिश के कारण सरकार का 172 करोड़ का नुकसान हुआ है। हिमाचल प्रदेश के स्टेट इमरजेंसी सेंटर के मुताबिक, मंडी जिले की 5, शिमला की 4 और कांगड़ा की तीन मुख्य सड़कें लैंडस्लाइड के मलबे के कारण बंद की गई हैं। राजधानी दिल्ली में कल तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा है कि आने वाले दिनों में दिल्ली में और भी ज्यादा बरसात देखने को मिलेगी। गुजरात में अब तक सीजन में 223.37 मिमी बारिश हुई है। यह राज्य की औसत वार्षिक बारिश का 25.30 प्रतिशत है। राज्य की 24 तालुकाओं में 501 मिमी से 1000 मिमी तक बारिश रिकॉर्ड की गई है।

### आज कैसा रहेगा मौसम...

- 12 जुलाई को 9 राज्यों में बहुत भारी बारिश का अनुमान है। इनमें पश्चिम बंगाल, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, गोवा और महाराष्ट्र शामिल हैं।
- 12 जुलाई को पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा में तेज हवा, तूफान और बिजली गिरने का अनुमान है।
- पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार के उप-हिमालयी जिलों में 12 जुलाई तक भारी बारिश होने की संभावना है।



### '10 महीने में पहली बार बढ़ा जलाशयों का जलस्तर'

सेंट्रल वाटर कमीशन ने बताया है कि देश के जलाशयों का जल स्तर पिछले साल सितंबर के बाद पहली बार बढ़ा है। दरअसल, भारत के 150 जलाशयों की निगरानी करने वाले सीडब्लूसी ने 4 जुलाई को नई जानकारी साझा की है। इसमें बताया गया है कि वाटर लेवल कुल 2 प्रतिशत बढ़ा है। हालांकि, सीडब्लूसी ने कहा है कि इन जलाशयों का कुल स्टोरेज लेवल पिछले साल की तुलना में गिर गया है। फिलहाल जो 2 परसेंट बढ़ोतरी के आकड़े सामने आए हैं, वह मौजूदा स्टोरेज लेवल की तुलना में देखे गए आंकड़े हैं। अगर पिछले साल के स्टोरेज लेवल से आज का जल स्तर नापेंगे तो यह कम ही आएगा।

### बिजली गिरने से दंपती और वकील समेत 11 की मौत

प्रतापगढ़ में बिजली गिरने से 11 लोगों की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। यह हादसा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुआ। धान की रोपाई कर रहे पति और पत्नी की मौत हो गई। बारिश मे बकरी चरा रहे युवक की मौत हो गई। बाग मे काम कर रही महिला की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। मानिकपुर में 3, कंधई में 3, फतनपुर में 1, जेठवारा में 1, अंतू में 1, संग्रामगढ़ थाने क्षेत्र में 2 की मौत हुई है। मानिकपुर थाना इलाके में वकीले समेत 3 व्यक्ति की मौत हुई है। कंधई थाना में दंपती समेत 3 की मौत हुई है। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मची है। मामले की जानकारी पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। शव का पोस्टमार्टम करने की तैयारी कर रही है।

### शाहजहांपुर मेडिकल कॉलेज में पानी घुसा

यूपी की नदियां उफान पर हैं। पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती समेत 12 जिलों के करीब 800 गांवों में बाढ़ के हालात हैं। सबसे भयावह स्थिति पीलीभीत और लखीमपुर खीरी में है। गांव के गांव डूब गए हैं। हर तरफ पानी ही पानी दिख रहा है। लोग घर छोड़ने को मजबूर हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू में लगी हैं। शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में बाढ़ का पानी घुटनों तक भर गया। मरीजों को स्ट्रेचर से दूसरे अस्पतालों में शिफ्ट किया जा रहा है। इस दौरान कई एम्बुलेंस पानी से बंद हो गईं। बाराबंकी में सरयू नदी से सटे गांव जलमग्न हो गए हैं। घुटनों तक पानी भरा है, इसके चलते दूल्हे को नाव से बारात लेकर जाना पड़ा, फिर शादी की सारी रस्में निभाई गईं। इसके बाद दूल्हा नाव से ही दुल्हन लेकर लौटा। प्रदेश में 24 घंटे में बाढ़-बारिश से जुड़े हादसों में 32 लोगों की मौत हुई है। आज 37 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। 16 जुलाई तक बारिश होने की उम्मीद है। वेस्ट यूपी में कहीं-कहीं ही बारिश या बादल गरजने और बिजली चमकने का पूर्वानुमान है। 12 जुलाई को 59 जिलों में बारिश का अलर्ट है। अयोध्या में सरयू उफान पर हैं। नदी से सटे इलाके के 50 गांव बाढ़ की चपेट में हैं।

#### सरकार के सहयोगी दलों के दो विधायकों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

# रेलवे ग्रुप डी भर्ती पेपर लीक मामले में योगी सरकार की किरकिरी

- दोनों विधायकों समेत एक दर्जन आरोपियों के कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर वारंट जारी हुआ
- बेदी राम के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक को लेकर केस दर्ज हैं

**जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** रेलवे ग्रुप डी भर्ती पेपर लीक मामले में योगी सरकार के सहयोगी दलों के दो विधायकों समेत 19 के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। इससे आरोपियों के साथ ही, प्रदेश सरकार की साख पर भी बट्टा लगा है। एक के बाद एक अलग-अलग परीक्षाओं में पेपर लीक मामले से युवाओं में रोष है। रेलवे ग्रुप डी भर्ती के पेपर लीक मामले में सुभासपा विधायक बेदीराम व निषाद पार्टी के विधायक विपुल दुबे के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट पुष्कर उपाध्याय ने गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। इस वाद में बेदीराम के साथ 19 अन्य सहअभियुक्तों पर भी कार्रवाई की गई है। दोनों विधायकों समेत एक दर्जन आरोपियों के कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर वारंट जारी हुआ है। बेदी राम के खिलाफ अलग-अलग राज्यों में पेपर लीक को लेकर केस दर्ज हैं।

### 26 जुलाई तक गिरफ्तारी वारंट तामील करने के निर्देश

कोर्ट ने कृष्णानगर इंस्पेक्टर को 26 जुलाई तक गिरफ्तारी वारंट तामील करने के निर्देश दिए हैं। विधायक बेदी राम समेत 19 आरोपी के खिलाफ मुकदमा चल रहा है। एसटीएफ के तत्कालीन एएसपी और उनकी टीम ने 26 फरवरी 2006 को कृष्णा नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसटीएफ ने आरोपियों के पास से रेलवे भर्ती ग्रुप डी की परीक्षा का प्रश्न पत्र बरामद होने का दावा किया था।

### राजस्थान, मध्यप्रदेश में भी दर्ज हैं मुकदमे

2022 में बेदी राम जखनिया अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट से निर्वाचित हुए हैं। जौनपुर के जाफराबाद की वोटर लिस्ट में मतदाता के तौर पर उनका नाम दर्ज है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चुनावी घोषणा पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि उनके ऊपर राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत कुल 8-9 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### बेदीराम और उसके अन्य साथियों को प्रश्नपत्र सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया था

एसटीएफ ने 25 फरवरी 2006 को पता लगाया कि अगले दिन होने वाली रेलवे ग्रुप-डी की परीक्षा का प्रश्नपत्र आउट हो गया है। जांच कर रही एसटीएफ की टीम ने आलमबाग के एक मकान में छापा मारकर बेदीराम और उसके अन्य साथियों को प्रश्नपत्र सहित रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। एसटीएफ ने फरवरी 2006 में बेदी राम और विपुल दुबे को पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किया था। एसटीएफ ने आरोपियों के पास से रेलवे भर्ती ग्रुप डी की परीक्षा का प्रश्न पत्र बरामद होने का दावा किया था। जांच के बाद पुलिस ने चार्जशीट भी दाखिल कर दी थी।

# केजीएमयू के टेंडर में धांधली का आरोप

- पूरे विवरण के साथ राज्यपाल तक पहुंची शिकायत, जांच की मांग
- निविदा संख्या 2274/एम-10 दिनांक 15.03.2024 निर्माण विभाग से जुड़ा है मामला

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




लखनऊ। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी ( केजीएमयू ) के निर्माण विभाग की टेंडर प्रक्रिया में धांधली के गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता ने इस संबंध में गोपनीय पत्र विश्वविद्यालय की चांसलर ( राज्यपाल ) पूरे विवरण के साथ भेजा है। साथ ही, निविदाओं का सत्यापन कराने और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की मांग की है। शिकायती पत्र के अनुसार, निविदा संख्या 2274/एम-10 दिनांक 15.03.2024 निर्माण विभाग की निविदाओं में जमकर धांधली हुई है। आरोप है कि निर्माण विभाग में अनुरक्षण कार्यों के लिए जो वटीर्कल निविदा डाली गयी है उनमें जो फर्म स्वामी द्वारा जो प्रपत्र लगाये गये हैं। उनमें काफी पेपर फर्जी लगाये गये हैं। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि निविदा डालने वाले ठेकेदारों ने अन्य ठेकेदारों को गुन्डागर्दी के द्वारा निविदा डालने नहीं दी। निविदा में जिन ठेकेदारों ने निविदा डाली है उन सभी ने आपस में तय कर कर 2 से 3 प्रतिशत तक निविदायें डाली हैं जबकि विद्युत विभाग में 10 प्रतिशत तक कम दरों पर निविदायें डाली गयी हैं। यह भी प्रतीत होता है कि निमार्ण विभाग के अधिकारियों से मिलकर निविदा डाली गयी है। शिकायतकर्ता ने मांग की है की इन सभी बिन्दुओं पर जाँच करा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। जिससे पारदर्शिता के साथ पुनः निविदायें कराई जा सके। जिससे विश्वविद्यायल को लाभ हो सके और ठेकेदारों को ज्यादा से ज्यादा से निविदा डालने का मौका मिल सके।

## शाइन सिटी घोटाला: मास्टर माइंड राशिद नसीम की विदेश में जब्त होगी संपत्ति, निवेशकों के हड़पे थे 60 हजार करोड़

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

निवेशकों के हजारों करोड़ रुपये लेकर विदेश फरार हुए शाइन सिटी घोटाले के मास्टरमाइंड राशिद नसीम के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय फ्यूजिटिव इकोनॉमिक अफेंडर्स एक्ट के तहत केस दर्ज करने जा रही है। इस एक्ट के तहत यूपी में पहली बार कोई केस दर्ज होगा, जिसके बाद राशिद की विदेश में खरीदी गयी संपत्तियों को जब्त किया जा सकेगा। इस एक्ट के तहत बैंकों की रकम हड़पने वाले उद्योगपति विजय माल्या और हीरा कारोबारी नीरव मोदी समेत देश के 14 भगोड़े अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शाइन सिटी के निवेशकों का करीब 60 हजार करोड़ रुपये हड़पने के बाद दुबई में पनाह लेने वाले राशिद नसीम पर अब इस एक्ट के तहत भगोड़ा घोषित करते हुए शिकंजा कसा जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक इस एक्ट के तहत केस दर्ज करने की कुछ शर्तें होती हैं जिसमें विदेश भागने वाले व्यक्ति द्वारा 100 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी अंजाम देना, उसका विदेश में होना और वापस आने से इनकार करना तथा देश की किसी अदालत द्वारा उसके खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी होना आदि शामिल है।

### अब तक इनके खिलाफ हुई कार्रवाई

विजय माल्या, नीरव मोदी, नितिन संदेसरा, चेतम संदेसरा, दीप्ति संदेसरा, हितेश कुमार नरेंद्र भाई पटेल, जुनैद इकबाल मेमन, बाजारा मेमन, आसिफ इकबाल मेमन, जाकिर नाईक, संजय भंडारी, नितीश ठाकुर, मेहुल चोकसी और जतिन मेहता।

# मुंबई हिट एंड रन मामले में ड्राइवर को 14 दिन की हिरासत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

मुंबई के बीएमडब्ल्यू हिट एंड रन मामले में हर दिन नई बातें, नए खुलासे निकलकर सामने आ रहे हैं। मुख्य आरोपी मिहिर शाह ने पहले ही अपना गुनाह कबूल कर लिया है तो दूसरी तरफ उनके परिवार के ड्राइवर, राजरिशि बिदावत ने 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बिदावत को प्रमुख महानगरीय न्यायाधीश एसपी भोसले के समक्ष पेश किया। दरअसल, 11 जुलाई को बिदावत की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी। पुलिस ने अदालत से अनुरोध किया कि बिदावत की न्यायिक हिरासत को बढ़ाया जाए। पुलिस ने कहा कि इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच अभी भी जारी है। इसके बाद अदालत ने बिदावत को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उधर मुख्य आरोपी मिहिर शाह को मंगलवार को



गिरफ्तार किया गया था। मिहिर शाह को 16 जुलाई तक पुलिस हिरासत में रखा जाएगा। हालांकि, मिहिर के पिता राजेश शाह भी इस मामले में एक अन्य आरोपी हैं और वह फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

### मिहिर शाह ने जमकर पी थी शराब

पुलिस ने अदालत को बताया कि मुख्य आरोपी मिहिर शाह बुरी तरह से नशे में धुत था। मिहिर शाह ने हाल ही में अपना अपराध कबूल कर लिया है। पुलिस जांच के दौरान पता चला है कि मिहिर ने घटना से पहले शराब पी थी। हैरानी की बात यह है कि उसने हादसे वाली रात को दो अलग-अलग जगहों पर जमकर शराब पी थी।

### पुलिस के आरोप पत्र में चौंकाने वाला खुलासा

इस घटना के मुख्य आरोपी मिहिर शाह के पिता, राजेश शाह शिवसेना नेता हैं। हादसे के दिन मिहिर शाह के साथ कार में राजरिशि बिदावत भी बैठे थे। पुलिस ने इस मामले में अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया था। आरोप पत्र में बताया गया था कि कावेरी नखवा को एक बार नहीं बल्कि दो बार कार से कुचला गया था। पहले उन्हें करीब डेढ़ किलोमीटर तक कार से घसीटा गया और उसके बाद बांद्रा वर्ली सी लिंक से ठीक पहले कावेरी को कार के बोनट से हटाकर सड़क में रखा गया। इसके बाद बिदावत ने कार चलाई और वहां से जाने से पहले एक बार फिर से महिला को रौंदा गया। पुलिस का कहना है कि हादसे के बाद मिहिर शाह के पिता राजेश शाह ने बिदावत को कार चलाने के निर्देश दिए थे।

# सीएम योगी ने बाढ़ प्रभावित श्रावस्ती और बलरामपुर का किया हवाई सर्वे, वितरित की राहत सामग्री



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को बाढ़ प्रभावित श्रावस्ती और बलरामपुर का हवाई सर्वे किया। उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ प्रभावित इलाकों की जानकारी ली। साथ ही राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके बाद सीएम ने दोनों जिलों के बाढ़ प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आपदा से प्रभावित बच्चों और महिलाओं से मुलाकात की। इसके अलावा बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री वितरित की। सीएम ने आपदों में अपनों को खोने वाले परिजनों को 4 लाख सहायता राशि का चेक प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ प्रभावितों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने वाले पीएसी के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही स्पेशल इनाम के साथ नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया। इस दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

- सीएम योगी ने बाढ़ से प्रभावित इलाकों का स्थलीय निरीक्षण कर लिया हालात का जायजा
- श्रावस्ती में रेस्क्यू किये गये 11 पीड़ितों से एक-एक कर मुलाकात की, जाना हालचाल
- आपदा की इस घड़ी में राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है, घबराने की जरूरत नहीं
- सीएम योगी ने सभी 7 लोगों को नकद पुरस्कार देने का भी किया ऐलान
- बलरामपुर में सीएम ने बच्चे को गोद में लेकर दुलारा, अपने हाथों से खिलायी चॉकलेट
- अधिकारियों को क्षतिग्रस्त फसलों का तत्काल सर्वे कर मुआवजा देने के दिये निर्देश

### सीएम ने बाढ़ में रेस्क्यू किये गये 11 पीड़ितों से की मुलाकात, बच्चों को बांटी टॉफी और बिस्किट



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 12 बजे श्रावस्ती की बाढ़ प्रभावित इकौना तहसील के सभी गांवों का हवाई सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। देवी पाटन मंडलायुक्त शशि भूषण सुशील और श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने सीएम को बताया कि नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद अचानक पानी छोड़े जाने से जनपद में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई है। फिलहाल पानी का स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। इसके बाद सीएम योगी ने लक्ष्मणपुर कोठी राप्ती बैराज का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने बाढ़ में रेस्क्यू किये गये 11 पीड़ितों से एक-एक कर मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। इस दौरान सीएम ने मौजूद बच्चों को दुलारा। साथ ही उन्हे टॉफी और बिस्किट दिये। सीएम योगी ने बाढ़ में फंसे लोगों की सूचना देने वाली रेखा देवी, गांव के गाइड और 5 पीएसी के जवानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने सभी 7 लोगों को नकद पुरस्कार से सम्मानित करने का ऐलान किया। इसके अलावा आपदा में अपनों को खोने वाले चार परिजनों को 4-4 लाख रुपये की सहायता धनराशि का चेक भी सौंपा। इससे पहले उन्होंने राहत सामग्री किट वितरित की।

### पूरी ताकत के साथ राहत कार्य संचालित कर रही राज्य सरकार: सीएम

सीएम योगी ने बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष, सर्पदंश, आकाशीय बिजली समेत अन्य आपदाओं के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसान और बटाईदार के परिजनों को तत्काल सहायता धनराशि दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 12 जनपद बाढ़ से प्रभावित हैं। इसमें 33 तहसील के 633 गांव शामिल हैं, जिसकी करीब 17 लाख 97 हजार की आबादी प्रभावित है। इसमें 18 हजार से अधिक मवेशी भी प्रभावित हैं। 1 लाख 45 हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि भी प्रभावित है। इन इलाकों में 923 से अधिक बाढ़ चौकियां स्थापित की गयी हैं, जहां से बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों की निगरानी की जा रही है। वहीं एक हजार 33 से अधिक बाढ़ शरणालय स्थापित किये गये हैं, जहां बाढ़ से प्रभावित लोग रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रावस्ती में 116 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं या आंशिक रूप से प्रभावित हैं। यहां 15 गांवों में कटान की स्थिति है, जिसकी 76 हजार की आबादी प्रभावित है। साथ ही 23 हजार से अधिक हेक्टेयर कृषि भूमि प्रभावित है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूरी ताकत के साथ राहत कार्य संचालित कर रही है। यही वजह है कि प्रदेश में अब तक जनहानि-धनहानि काफी कम है जबकि बाढ़ का कहर जारी है। अंत में सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराकर तत्काल मुआवजा देन के साथ आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### सीएम ने बच्चे को गोद में लेकर दुलारा, अपने हाथों से खिलायी चॉकलेट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावस्ती के बलरामपुर के बाढ़ प्रभावित इलाकों को हवाई सर्वे किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से बाढ़ की स्थिति की बारीकी से जानकारी हासिल की। वहीं बाढ़ग्रस्त नदी और क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इसके बाद सीएम योगी ने अतरौला में बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने बच्चों को दुलारा और चॉकलेट दी। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री किट वितरित की। इसके अलावा बाढ़ में मृतक के परिजनों को चार-चार लाख की सहायता धनराशि का चेक वितरित किया। सीएम योगी ने बाढ़ आपदा प्रभावित परिवारों से संवाद करते हुए कहा कि इस संकट की घड़ी में सरकार उनके साथ खड़ी है। उन्हें किसी भी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार उनकी हर संभव मदद के प्रयास कर रही है। हमारा प्रयास है कि उन्हे किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो। उन्होंने कहा कि बलरामपुर में बाढ़ से करीब पचास हजार की आबादी प्रभावित है जबकि 32 हजार हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि भी प्रभावित है। यहां राहत कार्यों के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पीएसी की फ्लड यूनिट के साथ प्रशासन स्तर पर नावों की व्यवस्था की गयी है। बाढ़ से जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हैं, उन्हे मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत मकान उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। अंत में सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत कार्य तेज करने के साथ अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# खाद्य पदार्थों एवं औषधियों में मिलावट किसी भी दशा में नहीं होगी बर्दाश्त: एडीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए गठित जिला स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) वन्दिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टरेट सभागार में हुई। समिति द्वारा खाद्य सुरक्षा मामलों में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का प्रभावी कियान्वयन, अनुश्रवण एवं विनियमों को त्वरित गति से लागू करने के लिए एवं आम जनमानस को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक खाद्य पदार्थ तथा गुणवत्तापरक औषधियां उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में कार्ययोजना तैयार करने के लिए विचार विमर्श किया गया।

प्रभारी सहायक आयुक्त पंकज कुमार ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद में विभिन्न छापेमार कार्यवाहियों कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के 38 नमूनें जॉच के लिए संग्रहित किये गये है। जिनमें से 15 जॉच प्राप्त हुये है। 15 जॉच परिणाम में से 8 जॉच परिणाम मानक के अनुरूप नहीं पाये गये हैं, जिन पर विधिक कार्यवाहियों प्रचलित कर प्रक्रियाधीन है। न्यायालय न्याय निर्णयन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व में कुल 23 वाद दाखिल किये गये है। प्रभारी सहायक आयुक्त ने बताया कि आबकारी, मण्डी परिषद एवं सरकारी सस्ते गल्ले के समस्त प्रतिष्ठानों को खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीकरण से आच्छादित किया जाना है। जिस पर अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) ने जिला आबकारी अधिकारी, मण्डी परिषद एवं जिला पूर्ति अधिकारी को इन प्रतिष्ठानों को खाद्य अनुज्ञप्ति व पंजीकरण से आच्छादित कराये जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिये कि खाद्य पदार्थों एवं औषधियों में मिलावट किसी भी दशा में बर्दाश्त नही की जायेगी। साथ ही इसके लिए कडे कदम उठाये जायेंगे। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रवर्तन कार्यवाहियों में तेजी लाई जाये।

# जिलाधिकारी ने ली जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद ऋण सहायता योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि विभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए बैंक अधिकारियों से कहा कि इन योजनाओं में जो उद्यमियों के उद्योग लगाने के लिए आवेदन पत्र ऋण के लिए लंबित है, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मुहैया हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन उद्यमियों ने विभिन्न विभागों में एमओयू हस्ताक्षर किए हैं, जिनके आवेदन पत्र बैंकों में लंबित है। उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिए कि सम्बन्धित उद्यमियों एवं बैंकों के साथ वार्ता करके कमियां दूर कराते हुए बैंकों से ऋण उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि जनपद में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित करके यहां के बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन उद्यमियों द्वारा विभिन्न विभागों में उद्योग स्थापित करने के लिए एमओयू हस्ताक्षरित किया है, उनसे संपर्क करके अधिक से अधिक उद्योग स्थापित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन उद्यमियों के धारा 80, बैंकों से सम्बन्धित व अन्य जो भी समस्याएं हैं तो उसको अगली बैठक के एजेंडा में रखकर सम्बन्धित अधिकारियों को बुलाकर निस्तारण कराया जाए। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने शहर में विद्युत की समस्या से अवगत कराया। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह को निर्देश दिए कि तत्काल विद्युत व्यवस्था में सुधार कराया जाए। साथ ही शहर की जो विद्युत वायर नीचे हैं, उनको भी ठीक कराया जाए।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, डीसीएनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, उपायुक्त राज्य कर अवनीश कुमार चौधरी, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एम एल धर्मान, उद्यमी मित्र सुधा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी, महामंत्री गुलाब चंद गुप्ता, सुनील द्विवेदी, ऋषि आर्य, राहुल गुप्ता, अंकित पहाडिया, फूलचंद आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 साल की कैद

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** नाबालिक से दुष्कर्म के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 8 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। विशेष लोक अभियोजक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 21 दिसम्बर 2021 को एक व्यक्ति ने बरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार बरगढ़ थाने के लपाव गांव का निवासी सरदारी लाल उसकी नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के चार दिन बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराकर बयान दर्ज कराए थे। जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में आरोपी सरदारी लाल के विरूद्ध नाबालिक लड़की को बरगलाकर ले जाने, दुराचार करने के मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा ने गुरूवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी सरदारी लाल को 10 वर्ष कठोर कारावास के साथ 8 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। न्यायालय के निर्णय के बाद आरोपी को सजा भुगतने के लिए जिला कारागार भेज दिया गया।

### बेतवा नदी किनारे अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के मुहाना स्थित बेतवा नदी किनारे एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उसकी पहचान करानी शुरू कर दी। पुलिस के कड़े प्रयासों के बाद भी मृतक युवक की पहचान नहीं हो सकी। बताया गया कि मृतक युवक के दोनों पैर रस्सी से बंधे हुए थे। जिसके चलते उसकी हत्याकर शव फेंकने की आशंका जताई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही सीओ गिरजाशकर त्रिपाठी, कोतवाली प्रभारी राजेश पाल सिंह सहित थाना चिकासी प्रभारी सन्तोष कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। वही सीओ सिटी गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि एक अज्ञात युवक का शव मिला है। जिसके दोनों पैर रस्सी से बंधे हुए हैं। मृतक हाफ लोवर और टीशर्ट पहने हुये हैं। शव के पास से पुलिस ने एक मोबाइल फोन बरामद किए है। जिससे जल्द से जल्द मामले का खुलासा किया जायेगा। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम पर भेज दिया है, और मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### मासूम की संदिग्ध मौत, परिवार के ही चार लोगों पर मढ़ा हत्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मुहम्मदाबाद में मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में परिवार के ही चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की तहरीर पुलिस को दी। डकोर कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मुहम्मदाबाद निवासी वीरेन्द्र यादव पुत्र हरचरन की बेटी लकी के तीन माह के पुत्र शिवांग की गुरुवार के तड़के संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद वीरेंद्र ने अपनी पुत्री के पुत्र की हत्या का आरोप लगाते हुए परिवार के ही चार लोगों फूल सिंह यादव, राघवेन्द्र, रविन्द्र, वीरपाल के खिलाफ कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी ने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले में सीओ ने बताया कि बीरेंद्र यादव ने गुरुवार को सुबह साढ़े छह बजे थाने में जाकर बताया कि उनके पोते शिवांश को परिवार के ही लोगो ने मारकर हत्या कर दी है। मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गई और लोगो के बयान लिये गए जिसमे आरोपी की पुष्टि नही हुई है। जिस प्रकार के आरोप लगाए गये हैं, उसमें शिशु के शरीर पर कोई चोट के निशान नही पाये गए है। हकीकत जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। बताया कि बीरेंद्र और फूलसिंह तीन चार दिन पहले झांसी के बड़ा गांव में एक शादी समारोह में गए हुए थे। जहा पर शराब के नशे में दोनों में बिवाद हुआ। इसके बाद घर आकर फिर इन लोगो मे बिवाद हुआ। इस मामले में डकोर पुलिस ने उचित कार्यवाही भी की थी। बीरेंद्र यादव व उनके परिजन हत्या के मामले में जिन चार लोगों के नाम तहरीर में दिए गए हैं उनमें से राघवेंद्र नाम का युवक तीन दिन से मुंबई में हैं। फिलहाल मामले की जांच चल रही हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

### पति के साथ त्रयोदशी में शामिल होने जा रही महिला की बाइक से गिरकर मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के कोच रोड पर तेज रफ्तार जा रही बाइक ग्राम मिनोरी पुलिया के पास अचानक अनियंत्रित हो गई। जिसमें पति के साथ बाइक पर पीछे बैठी महिला की गिरकर मौत हो गई। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम के ग्राम सुनाया निवासी रेखा देवी 28 वर्ष अपने पति राघवेन्द्र के साथ बाइक पर बैठ कर एक त्रियोदशी भोज में शामिल होने कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुंआ खेड़ा जा रही थी। तभी उरई रोड के मनोरी गांव के समीप बनी पुलिया के पास बाइक का अचानक संतुलन बिगड़ गया। जिससे बाइक पर बैठी महिला उछल कर सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद वहां राहगीरों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। इस दौरान मौजूद लोगों की मदद से पति ने उसे उठाकर एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही महिला की मौत की खबर उसके घर परिवार के लोगों को मिली तो उनमें कोहराम मच गया। बल्कि रोते बिलखते परिजन भी जिला अस्पताल पहुंच गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खेत पर जानवर चरा रहे किसान की आकाशीय बिजली गिरने से मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम ईंगुई में खेत पर जानवरों को चराते समय किसान पर तेज बारिश दौरान आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रेंढ़र थाना क्षेत्र के ग्राम ईंगुई निवासी भोले राम 58 वर्ष रोज की तरह बुधवार को खेत पर जानवरों को चराने गया था। जहां बारिश होने के साथ आकाशीय बिजली उसके ऊपर गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। परिजनों ने बताया कि मृतक के कोई पुत्र नहीं है, और वह खेती-किसानी करता था।

# डिजिटलाईजेशन के विरोध में शिक्षक संघ ने एबीएसए को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों ने आनलाइन उपस्थिति व डिजिटाईजेशन के विरोध में गुरूवार को बीएसए कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही उत्तर प्रादेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन भी खण्ड शिक्षाधिकारी को सौंपा।

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवधबिहारी सिंह ने बताया कि अपने शिक्षक सहयोगियों के पूर्व से लम्बित समस्याओं के निराकरण किए जाने एवं विभाग द्वारा परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ दोहरा मापदण्ड अपनाते हुए विद्यालय की पंजीकाओं का डिजिटलाईजेशन उपस्थित कराए जाने सम्बन्धित मामलों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एबीएसए को सौंपकर मांग की है। उन्होंने बताया कि परिषदीय शिक्षकों को 15 सीएल, हाफ सीएल, 30 ईएल की सुविधा, कैशलेश चिकित्सा सुविधा, ससमय स्थानान्तरण, पदोन्नत किए जाने, वेतन विसंगति समस्या का निराकरण, लिपिक की नियुक्ति की जाने, चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्ति किए जाने, गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त किए जाने व जनपद स्तर की समस्याओं के निस्तारण की मांग की। इन सब मामलों को लेकर शिक्षकों ने गुरूवार को बीएसए कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर आनलाइन उपस्थिति का विरोध जताया। साथ ही सम्बन्धित मामलों को लेकर एबीएसए को ज्ञापन सौंपा।

इस मौके पर जिला मंत्री संजय अवस्थी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, संयुक्त मंत्री संतोष कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष लवलेश कुशवाहा, राधेश्याम तूफानी, डॉ संग्राम सिंह, शोभा सिंह, अनुरंजना सिंह, संगीता चंदेल आदि मौजूद रहे।

# राजस्व ग्रामों में कैम्प लगाकर की जाएगी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि भारत सरकार की परियोजना एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चर) के अन्तर्गत समस्त राजस्व ग्रामों में कैम्प लगाकर भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जा रही है। फार्मर रजिस्टरी के बाद किसानों को गोल्डेन कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके लिये किसानों को आधार लिंक मोबाइल नम्बर, खतौनी की छायाप्रति, आधार कार्ड कैम्प में लेकर आना होगा। साथ ही कैम्प से पूर्व जिन किसानों का मोबाइल नम्बर आधार से लिंक नहीं है, वह किसान शीघ्र ही अपने नजदीकी आधार सेन्टर, जन सेवा केन्द्र पर जाकर मोबाइल नम्बर आधार से लिंक करायें, जिससे किसानों के गोल्डन कार्ड बनाने में कोई समस्या व विलम्ब न हो।

फार्मर रजिस्ट्री गोल्डेन कार्ड से किसानों को पीएम किसान योजनान्तर्गत 19 वीं किश्त, कृषकों को फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड प्राप्त करने में सुगमता, फसल बीमा का लाभ प्राप्त करने में सुगमता, आपदा प्रबन्धन के अन्तर्गत कृषकों को क्षतिपूर्ति के लिए कृषकों के चिन्हाकन में सुगमता, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में कृषकों के पंजीकरण में सुगमता, कृषकों को विभिन्न योजनाओं आंकडों के आधार पर योजनाओं का लाभ, वितरण में सुगमता होगी, लाभार्थी के बार-बार सत्यापन की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही कृषकों को समय से वंछित परामर्श मिल सकेगा।

उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त कृषक अपने ग्राम में लगने वाले कैम्प में उपस्थित रहकर अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री गोल्डेन कार्ड बनवायें।

आगामी पीएम किसान की 19 वीं किश्त उन्हीं किसानों को प्राप्त होगी, जिनका फार्मर रजिस्ट्री गोल्डन कार्ड बना होगा। साथ ही कैम्प से पूर्व अपने नजदीकी आधार सेन्टर, जन सेवा केन्द्र पर जाकर मोबाइल नम्बर अवश्य ही आधार से लिंक करा लें।

# तेज गर्जना के साथ आसमान से गिरी आफत से छ: बकरियों की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । सरीला (हमीरपुर)**



बृहस्पतिवार की दोपहर बारिश के साथ तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से 6 बकरियों की मौत हो गई। क्षेत्र के परछा गाँव में बारिश होने से बकरिया हनुमान मंदिर के पास मैला मैदान मे लगे पीपल के पेड़ के नीचे छुप गई। अचानक बादल जोर जोर से गरजने लगे। और बकरियों के ऊपर आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे 6 बकरियों की मौत हो गई। बकरियों का मालिक बाबूराम सैनी पुत्र शिवप्रसाद सैनी ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति आज भी बकरिया चराने खेतो मे गया था तभी अचानक बारिश शुरु हुई जिससे मेरी बकरिया पास मे लगे पीपल के पेड़ के नीचे छिपी हुई थी। और यह घटना हो गई। घटना की सूचना गाँव के लेखपाल को दे दी गई। और पीड़ित ने प्रशासन से आर्थिक मदद की मांग की है। इस दौरान मंगल, नन्दराम अनुरागी, उमेश, रामऔतार और खुन्टा आदि चरवाहे मौके पर मौजूद थे।

# डीएम ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला स्तरीय सडक सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर से कहा कि प्रमुख चैराहा मार्गों पर सिग्नल व्यवस्था, जेब्रा क्रॉसिंग, फुटपाथ चिन्हांकन आदि की जो व्यवस्था की गई है, उसकी सूची बनाकर उपलब्ध कराए। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट, मोबाइल फोन, रांग साइड ड्राइविंग, ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडिंग, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप के विरुद्ध पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ से कहा कि ब्लैक स्पॉट की लिस्ट उपलब्ध कराई जाए। साथ ही सडकों पर लेन व्यवस्था के निर्धारण के कार्य से भी अवगत कराया जाए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि जनपद स्तरीय रोड सेफ्टी एक्शन प्लान 2023 तैयार कराने के लिए शासन को पत्र भेजा जाए। गुड सेमेरिटन में अच्छा कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाए। पब्लिक सिटी बैंन द्वारा जो सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है, उसको अधिक से अधिक प्रचार प्रसार गांव एवं शहरों पर कराया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि इण्टर कॉलिजों में सडक सुरक्षा नियमों के बारे में भाषण, लेखन प्रतियोगिता आयोजित कराकर अधिक से अधिक बच्चों को जागरूक किया जाए। अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से कहा कि जो 14 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, उनके समस्या विवरण सहित अगली बैठक में रखा जाए। जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग से कहा कि हॉटस्पॉट के कार्य जो होना है, उसमें कौन विभाग है, अगली बैठक में इन विभागों को भी बुलाया जाए। अन्ना पशुओं के बारे में भी इस बैठक के एजेंडा पर रखा जाए। मुख्य चैराहा पर रेड लाइट लगाई जाए। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग में जहां पर अधिक दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहां पर रंबल स्टेप व साइनेज बोर्ड भी लगाया जाए। उन्होंने मोहरवा पुल के जर्जर होने के सम्बन्ध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्रयागराज के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक इस पुल का नया निर्माण नहीं होता है, तब तक के लिए इस पुल की रिपेयरिंग अवश्य कराई जाए ताकि वाहनों का आवागमन न अवरुद्ध हो। साथ ही पुलिस विभाग से कहा कि इस पुल से भारी वाहनों पर रोक लगाए जाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लाल जी यादव, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल सलाबाद का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल सलाबाद का निरीक्षण कर वहां शिक्षा की गुणवत्ता, साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन, शौचालय की व्यवस्था, यूनिफॉर्म, पाठ्य पुस्तकों आदि विभिन्न बिंदुओं पर निरीक्षण किया व आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अध्यापकों से भावी पीढ़ी को उच्च स्तर की शिक्षा देने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उनके माता पिता से वार्ता कर उन्हें स्कूल लाया जाए, ताकि पढ़ाई में पीछे न रहे। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वहां अध्यनरत बच्चों से गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों पर प्रश्न पूछे जिनका सही उत्तर मिलने पर उन्होंने बच्चों की प्रशंसा की व उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे यूनिफॉर्म में विद्यालय आए तथा सभी बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराई गई है। ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों से रूबरू होकर जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य है, शिक्षा व स्वास्थ्य प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अहम योगदान रखते हैं। अतः भावी पीढ़ी को अच्छी शिक्षा व अच्छा स्वास्थ्य मिले यह हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर अपने देश, प्रदेश, जनपद व माता-पिता का नाम रोशन करेंगे। घर घर जाकर विशेष अभियान के तहत बच्चों को स्कूल से जोड़ें। इस अवसर पर डीसी मनरेगा, तहसीलदार जालौन, प्रधानाध्यापक समेत समस्त शिक्षक, ग्राम प्रधान, ग्राम शिक्षा समिति के पदाधिकारी खण्ड विकास अधिकारी प्रशांत कुमार आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनके हमराही द्वारा सोनू कुमार निवासी खुटहा को 44 क्वार्टर देशी शराब एवं उप निरीक्षक यूटी कुवंर प्रखर सिंह एवं उनके हमराही द्वारा संतोष कुमार निवासी रेहुना थाना कोतवाली बांदा जनपद बांदा को 27 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी नरेन्द्र कुमार, विपिन, श्यामू, विवेक आदि मौजूद रहे।

# प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति रहना होगा जागरूक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत गुरूवार को शैक्षिक संस्थानों में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिनमें परिषद के प्रान्तीय संगठन मंत्री ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर में गुरूवार को आयोजित संगोष्ठी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कानपुर प्रान्त के प्रान्तीय संगठन मंत्री मनीष राय ने कहा कि देश के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना होगा। प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा रोपित करना चाहिए। साथ ही पौधे के वृक्ष बन जाने तक इसका संरक्षण करना चाहिए। विभाग संगठन मंत्री शिवम पाण्डेय ने कहा कि प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग पर्यावरण चैपट कर रहा है। प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहना होगा और पूरे समाज को जागरूक करना होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एसएफडी आयाम के जरिए लगातार पर्यावरण संरक्षण का कार्य कर रहा है। जिससे समाज में एक अच्छा संदेश जा रहा है। इस मौके पर बांदा के पूर्व विभाग संगठन मंत्री बृजनन्द राय, प्रान्त उपाध्यक्ष डॉ पवन त्रिपाठी, जिला संगठन मंत्री रामजी, जिला संयोजक तेज प्रकाश, जिला सहसंयोजक कमल रंजन, प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य सत्या पाण्डेय, नीतेश त्रिपाठी, विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष विजय केशरवानी, विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह, नगर अध्यक्ष डॉ अनुराग शुक्ला आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 37.0 (+1.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.0 (+0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 84 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 74 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 1.6

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# मोहर्रमः जुलूस में शामिल होने जा रहे निशान में उतरा करंट, एक की मौत, दो घायल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में मोहर्रम के जुलूस व निकलने वाले आलम को लेकर कानपुर पुलिस लगातार सभी व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करने का दावा जरूर कर रही थी लेकिन बीते दिन गुरुवार को पुलिस विभाग की आखिरकार पोल खुल ही गई और बड़ी लापरवाही निकलकर सामने आई जिसमें करंट में चिपके तीन युवकों में से एक युवक की मौत हो गई है दो घायल है। हालांकि पुलिस अधिकारियों का कहना था कि यह लापरवाही उनकी नहीं है यह लापरवाही उन लोगों की है जो लोग जुलूस में शामिल होने के लिए आलम को लेकर निकले थे। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति की माने तो थाना ग्वालटोली अंतर्गत चौथी मोहर्रम का जुलूस झूला पार्क पानी की टंकी थाना क्षेत्र ग्वालटोली से प्रारंभ होना था, लगभग 16:45 बजे खलासी लाइन साइड से झूला पार्क पर मोहर्रम के जुलूस में निशान लेकर झूला पार्क वाले जुलूस में सम्मिलित होने कुछ बेनाझाबर थाना क्षेत्र स्वरूप नगर के लड़के आ रहे थे, तभी जमुना पेड़े वाले के पास हाई टेंशन बिजली की लाइन से निशान टकरा गया। जिससे तीन लड़के करंट से झुलस गए जिन्हें तुरंत स्थानीय पुलिस द्वारा अपनी सरकारी वाहन में लेकर तुरंत उर्सला अस्पताल कानपुर नगर इमरजेंसी में पहुंच कर दाखिल कराया गया। इलाज के दौरान सैफ पुत्र शाहिद अली निवासी 112/190 बेनाझाबर मृतक उम्र 17 वर्ष की मौत हो गयी एवं रिहान पुत्र राजे निवासी 112/85 बेनाझाभर उम्र 19 वर्ष व ईशान पुत्र मोहम्मद एजाज निवासी खलासी लाइन उम्र 22 वर्ष का उपचार चल रहा है।



**पुलिस करती सख्ती तो शायद ऐसा ना होता**

शहर में इस दुखद घटना के होने के बाद लोगों में सबसे इ्यादा चर्चा यह रही कि अगर पुलिस सख्ती करती तो शायद यह घटना नहीं होती। वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों का यह भी कहना था कि आयोजकों ने भी लापरवाही में कोई कसर नहीं छोड़ी है, ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन कर्ताओं को चाहिए कि वह सजग रहे कई मर्तबा अगर पुलिस सख्ती करने की बात कहती है तो पुलिस पर गंभीर आरोप लग जाते हैं कि पुलिस हस्तक्षेप कर रही है।

# दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 के द्वारा पूरे डिस्ट्रिक्ट मे 1 जुलाई से 21 जुलाई तक चलाए जा रहे आरोग्यम कार्यक्रम के अंतर्गत रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा दो द्विवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जुगल देवी सरस्वती शिशु वाटिका, जयनारायण विद्या मंदिर इंटर कॉलेज प्रांगण, विकास नगर में लगाया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में गुरुवार को बच्चो के सामान्य स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया जिसमे लंबाई, वजन, दांत, आंख और हेमोग्लोबिन का परीक्षण किया जा रहा है। शिविर का उदघाटन क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ.भक्ति विजय शुक्ला, अध्यक्ष डॉ. बी यन आचार्य तथा जुगल देवी सरस्वती शिशु वाटिका की डॉयरेक्टर अंजू मलिक, प्रधानाचार्य अर्चना तिवारी ने दीप प्रज्वलित करके किया। डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में 168 बच्चो की आंखों का, दांतो का तथा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 20 प्रतिशत बच्चो के दांतों में समस्या पाई गई। वहीं 5 से 8 प्रतिशत आंखों में तथा 30 से 35 प्रतिशत वजन तथा हेमोग्लोबिन से संबंधित समस्या से ग्रसित पाए गए। इस शिविर में हर बच्चे के परीक्षण के परिणाम रोटरी डिस्ट्रिक्ट की तरफ से मिले प्रोफार्मा में भरे जा रहे है तथा आरोग्यम एप्प में भी लोड किये जा रहे है।

इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में क्लब के अध्यक्ष डॉ. बी.यन.आचार्य, सचिव गोपाल शुक्ला, निवर्तमान अध्यक्ष राजीव कटियार क्लब चार्टर अध्यक्ष डॉ.भक्ति विजय शुक्ला, चार्टर सचिव मयंक गहोई आदि मौजूद रहे।

## शान ओ शौकत से निकला हामिद का आलम



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में गुरूवार को चार मोहर्रम को इमाम हुसैन की शहादत की याद में हामिद का आलम पूरी शान ओ शौकत के साथ निकला, हामिद का आलम जुलूस लगभग 155 वर्षो से उठाया जा रहा है।

हामिद का आलम जुलूस नई सड़क से शुरू हुआ। यह जुलूस इफ्तिकाराबाद से होता हुआ दलेल पुरवा चौराहा,रूपम चौराहे, हलीम कॉलेज चौराहा, मोहम्मद अली पार्क से होता हुआ अपने कदीमी रास्तों से होता हुआ रात में नई सड़क पहुंच कर समाप्त हुआ। जुलूस में दर्जनों हरे,सफेद इस्लामी परचम झंडा भी थे ऊंट और घोड़े मोहर्रम रंगों से सजे हुए थे। जुलूस में इमाम हुसैन की याद में ताजिया भी थी। महिलाओं ने अपने घरों में ही आलम के दर्शन किए। अकीदतमंदो ने स्टेज लगाकर मुहर्रम का तबर्रुक (प्रसाद) का वितरण कर जुलूस का इस्तकबाल किया।

# ठगी करने वाले जीजा साले को साइबर क्राइम पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस । उपेन्द्र अवस्थी/विष्णू राठौर**



**कानपुर नगर।** शहर में फर्जी कॉल सेंटर चला कर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने व रीवार्ड प्वाइंट्स रिलीज करने के नाम पर क्रेडिट कार्ड धारकों से प्रदेश स्तर पर साइबर ठगी करने वाले
गैंग का खुलासा साइबर क्राइम की टीम ने किया है। इस गैंग को जीजा साले ऑपरेट कर रहे थे उनके साथ दो महिलाओं को भी पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि शहर में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एक गिरोह लोगों से ठगी करने का काम कर रहा है। जिस पर साइबर टीम ने जांच शुरू की तो जानकारी हुई उत्तर प्रदेश के अलावा देश के अन्य राज्यों में भी साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। बताया कि बीती नौ जुलाई को कोविद भारद्वाज पुत्र स्व0 बिशन कुमार भारद्वाज निवासी एफ- 2/963 गौर होम्स गोविन्दपुरम गाजियाबाद की लिखित तहरीर पर जालसाजी और आईटी एक्ट में अज्ञात के विरुद्ध साइबर क्राइम थाने में मुक़दमा दर्ज किया गया था। घटनाक्रम के अनुसार पीड़ित को अज्ञात मोबाइल नम्बर से महिला द्वारा काल करके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने व रिवार्ड पाइन्ट्स को रिडीम करने के नाम पर क्रेडिट कार्ड का नम्बर, एक्सपायरी डेट, सीवीवी नम्बर एवं ओटीपी प्राप्त कर पीड़ित के क्रेडिट कार्ड से 1,72.810/- रू0 की धोखाधडी कर ली गयी थी।

मुकदमा दर्ज करने के बाद जब साइबर क्राइम की टीम ने जांच आगे बढ़ाई तो पता चला कि थाना काकादेव के सर्वोदय नगर स्थित शोभा टावर के तीसरे तल पर फर्जी काल सेन्टर संचालित किया जा रहा है। पता चला कि इण्डसइण्ड बैंक के क्रेडिट कार्ड धारकों को फोन कर उन्हे क्रेडिट कार्ड के रिवार्ड प्वाइन्ट्स रिडीम करने के लिए 8 से 10 हजार रूपए के गिफ्ट वाउचर देने लालच देकर लोगो से उनके क्रेडिट कार्ड का डीटेल्स लेकर ओटीपी माँग कर या फिर किसी थर्ड पार्टी एप को डाउनलोड कराकर खुद ओटीपी प्राप्त कर क्रेडिट कार्ड से एकाउंट में पैसे डालने के लिए विभिन्न पेमेन्ट सर्विस एप (नोब्रोकर/ फोनपे/ हाउजिंगडाटकाम /मोबिक्कि आदि) का उपयोग करके फर्जी खातों में पैसे ट्रांसफर कर लिया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त अरूण ने दिल्ली में रहकर कॉल सेन्टर में दो साल काम किया था। अरुण वर्ष 2018 में साइबर फ्राड करने के मामले में तिहाड़ जेल जा चुका है। 2020 में कानपुर वापस चला आया। दिल्ली में ही इस काम के बारे में सीखा था बाद में कानपुर में आकर काम शुरू किया और बाद में अपने साले अभिषेक जो घर पर ही रहता था और कोई काम नही करता था जिसे अरूण ने इस काम को करने के लिए ट्रेंड किया और अपने साथ ले लिया और यह लोग मिलकर कॉल सेन्टर चलाकर घटना को अन्जाम देते थे। इनके द्वारा अब तक विगत 03 वर्ष मे सम्पूर्ण भारत में करोडों रूपये की ठगी की गयी है। इन दोनों आरोपियों अरुण और अभिषेक के साथ दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया है।

# कृषि विश्वविद्यालय में सैकड़ों पौधों का किया रोपण



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के मुख्य परिसर में गुरुवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में कदम के 30 पौधे तथा नीम के 200 पौधे लगाये गये। इस अवसर पर कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने वृक्षारोपण के महत्व पर चर्चा करते हुए उनके रखरखाव के संबंध में बताया। उन्होने कहा कि वृक्षारोपण अति आवश्यक है क्योंकि वनों एवं पेड़ पौधों से जड़ी बूटियां, औषधियां, फल,फूल आदि प्राप्त होते हैं जिसका लाभ आम जनमानस को प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को अपने आस पास एवं पड़ोस में एक एक वृक्ष अनिवार्य रूप से लगाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण करेंगे तो हमारा पर्यावरण भी सुरक्षित रहेगा इसके लिए वृक्षारोपित पौधों का हमेशा संरक्षण भी करना चाहिए। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुनीश कुमार, डॉ.विजय कुमार यादव, डॉ.अजय कुमार सिंह, डॉ.सर्वेश कुमार सिंह सहित विश्व विद्यालय के संकाय सदस्य, छात्र एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## बेसिक शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी के नेतृत्व में गुरुवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन देकर बेसिक शिक्षकों की डिजिटल हाजिरी में व्याप्त समस्याओं एवं शिक्षकों में व्याप्त आक्रोश को देखते हुए डिजिटल उपस्थिति को समाप्त करने की माँग की। उन्होंने शासन स्तर पर शिक्षकों की लंबित माँगों का प्राथमिकता से निराकरण कराने की भी बात कही। प्रतिनिधि मंडल में जिला इ.ए.एन द्विवेदी, कोमल सिंह, रणधीर सिंह, साहब सरताज, सुखेन्द्र यादव, अनिल द्विवेदी, परवेज़ आलम,राम जी श्रीवास्तव, क्रिस्टी सिंह ब्रजभार आदि मौजूद रहे।

# कमिश्नर ऑफिस पहुंचे सिपाही के माता-पिता बोले मेरे बेटे का हो जाएगा कत्ल

*** माता-पिता के सामने आने के बाद सिपाही का दावा निकला झूठा, माता-पिता बोले उनकी बहू उनके साथ नहीं करती है दुर्व्यवहार, कहा कि बेटा कर सकता है धर्म परिवर्तन उसकी जान है खतरे में, पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों से लगाई है न्याय की गुहार**


सिपाही की पत्नी बोली मेरे पति ने मुस्लिम धर्म अपना, कर लिया निकाह

* पति बोला मैं निर्दोष हूं, आवेश में आकर मैंने कह दी निकाह की बात, पत्नी ने मेरे और मेरे परिवार का जीना कर रखा है हराम

जन एक्सप्रेस विष्णू राठौर

पुलिस लाइन में तैनात एक आरक्षी के परिजनों खास करके उसकी पत्नी के द्वारा शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया है जिसकी जाच एसीपी लाइन को सौंप गई है। जांचो उपरांत आरक्षी पर जो आरोप लगे हैं उनमें सत्यता पाए जाने पर संपूर्ण रूप से वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अगर पीड़ित पत्नी किसी भीअपराधिक घटनाक्रम के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराना चाहती है तो वह भी पंजीकृत किया जाएगा।

आशीष श्रीवास्तव
डीसीपी हेडक्वार्टर

मेरी धर्म पत्नी सुधा सिंह ने मेरा और मेरे माता-पिता का जीना हराम कर रखा था, हमेशा मेरे ऊपर शक करती थी, दिन भर में कौन किसकी पत्नी 500 कॉल करके पूछती होगी कि उसका पति कहा है लेकिन मेरी पत्नी मुझे दिन भर कॉल करके परेशान किया करती थी, मेरी सीडीआर निकलवा ली जाए मैं यूपी पुलिस में डाक मुंशी का काम करता था मेरे लिए मेरा काम जरूरी था लेकिन यह कॉल कर करके मुझे परेशान करती थी, आवेश में आकर मैंने ऐसे ही कह दिया कि हां मैने धर्म परिवर्तन कर लिया है जबकि इसमें वास्तव में इसमें कोई सच्चाई नहीं है जब मेरी पत्नी के द्वारा झूटी शिकायत अधिकारियों के सामने की गई तो मुझे लाइन हाजिर कर दिया गया है। मेरी पत्नी मेरे ऊपर मारपीट के जो आरोप लगा रही है असत्य निराधार वह खुद मुझे पिटती थी।

रविंद कुमार
सिपाही पति

कानपुर नगर। शहर की कानपुर कमिश्नरेट पुलिस में तैनात रहे (लाइन हाजिर) सिपाही पर उसकी ब्याहता पत्नी के द्वारा मुस्लिम महिला से धर्म परिवर्तन कर निकाह कर लेने पीड़ित महिला संग मारपीट कर उत्पीड़न करने के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ... है।

सुधा सिंह का आरोप है कि पति रविन्द्र जो कानपुर के विभिन्न थानों में तैनात रहा है वर्तमान समय में लाइन हाजिर है। उसके द्वारा अपने बेटे के लिए अपना पिता होने का कोई उत्तर दायित्व भी नहीं निभाया था, सिपाही पति का व्यवहार माता पिता एवं उनके ...

रिकॉर्डिंग में सिपाही का है कबूल नामा

सुधा सिंह ने पुलिस कमिश्नर कार्यालय पहुंचकर पत्रकारों को जानकारी देने के साथ ही कुछ वॉइस रिकॉर्डिंग भी

**जन एक्सप्रेस फॉलो अप**

**कानपुर नगर**

कानपुर कमिश्नरेट पुलिस में तैनात सिपाही के धर्म परिवर्तन कर निकाह कर लेने का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को सिपाही की पत्नी अपने सास और ससुर को लेकर फिर से पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलने उनके कार्यालय पहुंची थी। इस दौरान सिपाही के द्वारा पत्नी पर लगाए उन आरोपों का खुद उसके माता-पिता ने खंडन किया जिसमें कहा गया था कि सिपाही की पत्नी उसके माता-पिता के साथ दुर्व्यवहार करती है। वही सिपाही के माता-पिता ने कहा कि उनकी उन्हें आशंका है कि उनके सिपाही पुत्र ने धर्म परिवर्तन कर लिया है और आने वाले समय में जिस मुस्लिम महिला के साथ वह रह रहा है वह महिला उसकी हत्या करवा सकती है। वहीं दूसरी ओर सिपाही की पीड़ित पत्नी ने दावा किया है है कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह अपने बच्चे संग आत्मदाह कर लेगी।

आपको बताते चलें कि कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के विभिन्न थानों में तैनात रहे लाइन हाजिर सिपाही रविंद्र सिंह पर उसकी पत्नी सुधा सिंह के द्वारा बड़े ही गंभीर आरोप लगाते हुए बीती 9 जुलाई को कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के जनसुनवाई दफ्तर में एक शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया गया था कि उसके पति रविंद्र सिंह द्वारा अपना धर्म परिवर्तन कर थाना चमनगंज क्षेत्र में रहने वाली एक मुस्लिम महिला के साथ निकाह कर लिया गया है। मामले की जांच एसीपी लाइन को सौंप गई थी। गुरुवार को फिर से एक बार सिपाही की पत्नी सिपाही के माता-पिता को लेकर पुलिस कमिश्नर के दफ्तर पहुंची और इस बार सिपाही के पिता राजेन्द्र कुमार मां मीना देवी ने भी सिपाही की पत्नी सुधा के साथ न्याय की गुहार लगाई है।

सिपाही के माता-पिता का कहना था कि उनके बेटे ने एक मुस्लिम महिला से संबंध बना लिए हैं उन्हें डर है कि वह मुस्लिम महिला उनके बेटे का कत्ल ना करवा दे। पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई कि मुस्लिम महिला को बुलाकर उससे पूछताछ की जाए और उनके बेटे को बचाया जाए। सिपाही की पत्नी ने भी इस दौरान दावा किया है कि अगर उसे न्याय नहीं मिला तो वह अपने बच्चे के साथ पुलिस कमिश्नरेट के दफ्तर के सामने आत्म दाह कर लेगी।

## फिल्मी स्टाइल में युवक का किया अपहरण, चलती कार में पीटा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में गुरूवार को थाना कल्याणपुर क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन से उतार कर एक युवक के साथ दबंगों ने मारपीट की और उसे कार में जबरदस्ती उठा कर ले गए। इस दौरान पीड़ित युवक के साथियों ने बचाने का प्रयास किया तो उन्हें भी मारा पीटा।पास लगे कैमरे में अपहरण की घटना कैद हुई है। साथियों ने पुलिस को सूचना दी तो अपहरण की सूचना मिलने पर पुलिस के हाथ पैर फूल गए। पीड़ित की तहरीर पर जीआरपी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

उत्तरीपूरा बिल्हौर निवासी पीड़ित अक्षय दुबे ने बताया कि वह कालिंद्री एक्सप्रेस से चार साथियों के साथ कल्याणपुर स्टेशन पहुंचे थे। दो साथी उतर पाए थे तभी पहले से घात लगाए बैठे कल्याणपुर गुवा गार्डन निवासी हिमांशु द्विवेदी अपने दो दर्जन साथियों के साथ आया। उसके दो साथी ट्रेन में चढ़े और उसके साथ मारपीट की। मामा के बेटे अमित ने बचाने का प्रयास किया तो उसे भी मारा पीटा। उसे घसीटकर काली फोर व्हीलर गाड़ी में उठा कर ले गए। सिर में चोट लगने से वह बेहोश हो गया। जिसके बाद होश में लाकर आरोपियों ने चलती गाड़ी में फिर मारपीट कर उसके मुंह में पिस्टल डाल दी, सोने की चेन भी तोड़ ली।रास्ते भर आरोपी उसके साथ मारपीट करते हुए उसे उत्तरीपूर में फेंककर भाग गए। जिसके उसने पुलिस को सूचना दी गई। इस मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सांसद के मैंगो फेस्टिवल में ढाई सौ प्रजातियों के दिखे आम, कनपुरियों ने उठाया लुफ्त







**जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर**

**कानपुर नगर।** हाल ही में कानपुर की लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद ने हर वर्ष अपने द्वारा आयोजित किए जाने वाले मैंगो फेस्टिवल का आयोजन अपने सुपुत्र के नेतृत्व में गुरूवार को चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में कराया। लेकिन उनके इस आयोजन को लेकर शहर में गरीबों के बीच यह चर्चा रही की सांसद सबसे पहले उनकी परेशानियों को सुनेंगे और सबसे बड़ा जो काम है शहर में गरीबों का सहारा में जमा पैसा जो अभी नहीं मिल पा रहा है उसे वह जैसे ही जीतेंगे वैसे ही बड़े स्तर पर दिलाने का प्रयत्न करेंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ सांसद लगातार अपना स्वागत करवा रहे हैं लेकिन उन्होंने अभी तक गरीबों की बस्तियों में जाकर वहां की समस्याओं को देखना आरंभ नहीं किया है। लेकिन कल सांसद की मांगों पार्टी में खूब धमाल मचा शहर के बड़े से बड़े उद्योगपतियों नेताओं ने शिरकत कर मैंगो पार्टी का मजा लूटा।

आपको बताते चलें कि आम को फलों का राजा कहा जाता है। अभी तक आपने कई प्रजातियों के आम का स्वाद चखा होगा 10-12 प्रजातियों के बारे में आप जानते भी होंगे लेकिन आप जानते हैं आम की 250 से अधिक वैरायटी होती है। जो कल कानपुर में मैंगो फेस्टिवल में 250 से अधिक आम की किस्मों की प्रदर्शनी के दौरान देखने को मिली। कानपुर आम महोत्सव का आयोजन को कैलाश भवन (विष्णुपुरी में किया गया। सांसद रमेश अवस्थी के द्वारा आयोजित इस आम महोत्सव में सबसे ज्यादा लोगों को बुलडोजर और मोदी आम पसंद आए।



लोगों में सैकड़ों किस्मो के आम को देखकर अलग प्रतिकिया दिखाई किसी ने कहा, अरे भाई देखो तो ये कितना छोटा आम है, अरे दईया ये कितना बड़ा आम है। राजा आम भी है, रानी आम भी है।

उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह के साथ जनप्रतिनिधियों, अधिकारीयों एवं लोगों ने महोत्सव में पहुंच कर आम के किस्मो का स्वाद और आनन्द भी लिया। महोत्सव में उमड़ी हजारों लोगों की भींड देखने को नजर आयी। महोत्सव में बुलडोजर और मोदी आम के साथ सेल्फी लेने वालों की होड़ लगी रही।

आम की रानी के नाम से मशहूर मल्लिका की लचक पर आम का सरदार गुलाब खास फिदा हुआ जा रहा है। खुशबू से भरा जौहरी और मिठास से भरा याकूती आम की खूबियों को जानकर सभी के मुंह में पानी आ गया। मलिहाबाद, सीतापुर, उत्तराखंड, बिहार, बंगाल समेत देश भर की हजारों किस्मो की प्रदर्शनी हुई।

नेशनल मीडिया क्लब के अध्यक्ष सचिन अवस्थी ने बताया कि पिछले 15 सालों से क्लब द्वारा लगातार शहर में आम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार 17वें आम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य शहरवासियों को आम की प्रजातियों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना है।

**सहारा में फंसा पैसा दिला दीजिए दुआएं मिलेंगी**

शहर की जनता को सांसद रमेश अवस्थी से सहारा में फंसे पैसे की वापसी को लेकर बड़ी उम्मीदें जागी हैं। लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी के स्टार नेता अमित शाह ने जनता से वादा किया था कि सहारा में फंसा पैसा सभी का वापस आएगा लेकिन महज कुछ लोगों का पैसा मिलने के बाद मामला टाएं टाएं फिस्स हो गया। जब सांसद के प्रत्याशी के रूप में सहारा समूह के मिडिया घराने से जुड़े रमेश अवस्थी को भाजपा ने कानपुर लोकसभा का टिकट दिया तो भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनता से घर-घर जाकर कहा था कि रमेश अवस्थी के सांसद बनते ही शहर में फंसा पैसा वापस दिलाने का पूरा प्रयास किया जायेगा। 21000 वोटो से सांसद की सीट को अपने कब्जे में लेने वाले रमेश अवस्थी से अब जनता को विकास और सहारा में फंसे पैसे के वापसी की उम्मीद है।

# 'अपनी रायबरेली रमणीय रायबरेली' के नाम से शहर का होगा सौन्दर्यीकरण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश के क्रम में नगर पालिका रायबरेली जनपद के सौन्दीयकरण के लिए पूरी तरह कटिबंध नजर आ रही है। इसके लिए संबंधित विभागों के साथ मिलकर रोड मैप तैयार कर लिया गया है। अपनी रायबरेली रमणीय रायबरेली के नाम से शहर को ब्यूटीफुल बनाने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा सिविल लाइन चौराहा, राजघाट तिराहा, झलकारी बाई, डीएम रेजिडेंसी, राजघाट तिराहा, जिला हॉस्पिटल, गोरा बाजार, आईटीआई चौराहा, मुंशीगंज, भदोखर आदि स्थानों के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही इन स्थानों पर स्ट्रीट लाइट,सेल्फी प्वाइंट भी लगाए जाएंगे। इसी प्रकार नगर पालिका द्वारा ही सुपरमार्केट में प्रचार प्रसार के लिए एलईडी स्क्रीन भी स्थापित की जाएगी।




इन कार्यों में सहयोग के लिए रायबरेली विकास प्राधिकरण, एनटीपीसी, विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभाग को भी लगाया गया है। संबंधित विभागों को कार्य पूरा करने के लिए समय सीमा निर्धारित कर दी गई है। जिनमें से कुछ कार्य तीन माह और कुछ कार्य छः माह के अंदर किए जाएंगे।

डीएम आवास रोड के लिए रायबरेली विकास प्राधिकरण द्वारा योगासन, सरकार की योजनाओं एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। नगर पालिका द्वारा ही 66 फुटा रोड,सारस होटल और वन स्टॉप सेंटर के पास रोड निर्माण और उसकी रिपेयरिंग का कार्य कराया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा त्रिपुला चौराहा से मुंशीगंज तक ग्रीन बेल्ट का निर्माण कराया जाएगा। नगर पालिका द्वारा त्रिपुला, लखनऊ रोड, मुंशीगंज, प्रयागराज रोड, सुल्तानपुर रोड फ्लाईओवर, राजघाट, कानपुर रोड पर स्वागत गेट लगाए जाएंगे।

विद्युत विभाग द्वारा सिविल लाइन एवं सर्वोदय नगर फ्लाईओवर के पास लाइटिंग और वॉल पेंटिंग का कार्य कराया जाएगा। नगर पालिका द्वारा जेल गार्डन रोड पर सब्जी और फलों के पटरी विक्रेताओं को उचित स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा। डिग्री कॉलेज चौराहा, हाथी पार्क और रतापुर चौराहा पर वर्टिकल गार्डन का निर्माण कराया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा सुल्तानपुर रोड फ्लाईओवर और सिविल लाइन से बरगद चौराहा तक स्ट्रीट पोल लाइटिंग कराई जाएगी। नगर पालिका द्वारा बरगद चौराहा,मामा चौराहा, फायर और विकास प्राधिकरण द्वारा शहीद स्मारक के दोनों तरफ उच्च प्रकाश स्तंभ स्थापित किए जाएंगे। नगर पालिका द्वारा सभी प्रमुख बाजार स्थलों पर डस्टबिन रखे जाएंगे।

# डीएम ने जनपद की रैंकिंग ठीक न होने पर अधिकारियों को लगाई फटकार



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बचत भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। समीक्षा का उद्देश्य विभागों द्वारा संचालित सेवाओं, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति जाना था। उन्होंने बारी-बारी से सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि कार्य को समय से पूरा किया जाए। साथ ही कहा कि कार्य गुणवत्ता परक होने चाहिए। जिलाधिकारी ने डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग ठीक नहीं होने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

उन्होंने निर्देश दिया कि जो भी अधिकारी अपने कार्यों में उदासीनता दिखा रहे हैं पर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी कहा कि जो भी विकास कार्य कराये जा रहे है उनकी फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय अधिकारी आईजीआरएस पोर्टल पर मिल रही शिकायतों का समय पर निस्तारण भी कराते रहे।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) अमृता सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी व कार्यदायी संस्थानों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अनुसूचित जाति एवं पासी बिरादरी पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर पुलिस अधीक्षक को मांग पत्र सौंपा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अम्बेडकर वादी संविधान पसंद बहुजन समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में जनपद में गरीब वंचित शोषित पीडित अनु0 जातियों एवं पासी बिरादरी पर हो रहे उत्पीडन अत्याचार उनकी बहन बेटियों के बलात्कार जैसे जघन्य घटनाओं को लेकर एवं थाने में पीड़ित परिवार की कोई सुनवाई न होने पर उल्टे पुलिसिया कार्यवाही कर उत्पीड़न आदि जनसमस्याओं को लेकर जिला पुलिस कार्यालय पर पासी समाज के नेता देशराज पासी एवं दलितों के नेता राजेश कुरील के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरूषों के साथ पुलिस कार्यालय का घेराव कर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक रायबरेली को सौंपा मांग-पत्र/ज्ञापन। पासी समाज रायबरेली के अध्यक्ष देशराज पासी नें बताया कि दिनांक 08.07.2024 को रात लगभग 9:00 बजे थाना गदागंज के अन्तर्गत ग्राम सराय दीनशाह गौरा के निवासी अनु0जाति पासी बिरादरी का कृषि व्यवसायिक पीड़ित श्रीकेश पासी एवं देवन पासी से वहीं के दबंग सरहंग जिलाबदर हिस्ट्रीशीटर माफिया लक्ष्मीकांत उर्फ नीशू वर्मा और उसके साथियों द्वारा 5,000/-रू0 रंगदारी मांगी यी रंगदारी न देने पर पीडित श्रीकेश पासी व उसके भाई को जाति, मानसिक, अमानवीय प्रताडित कर बुरी तरह से मारा-पीटा और जबरन दोनों भाइयों को कट्टा/अवैध असलहा पकड़ा कर फोटो-वीडियो बना कर वायरल कर खुलेआम बेईज्जत किया, जिसपर थाना गदागंज पुलिस द्वारा पीडित की लिखित प्रार्थना पत्र पर दबंग भू-माफियाओं के विरूद्ध मुकदमा न दर्ज कर न ही कोई कानूनी कार्यवाही कर उल्टे ही दबंग हिस्ट्रीशीटर के प्रभावशाली प्रभाव से पीडित दोनों भाइयों को पुलिस द्वारा 151 का चालान कर कोर्ट भेज दिया गया। पुलिसिया कार्यवाही से जनपद के पूरे पासी समाज में आक्रोश व्याप्त है। धरना प्रदर्शन में आये बीएमपी के अध्यक्ष रामनरेश पासवान, डीडी कुशवाहा, सोनू राजवंशी, सहदेव पासी, अजय कुमार पासी, नीरज कुमार, सुधीर कुमार पासी, जय प्रकाश, राजू पासी, रमेश कुमार, दीपू कुमार, सुनील कुमार, नरेन्द्र कुमार पासी, रोहित कुमार आदि सैकडों महिला पुरूषों नें आक्रोश व्यक्त कर पीडित परिवार को न्याय दिलाये जाने दबंग हिस्ट्रीशीटर माफिया लक्ष्मीकांत उर्फ नीशू वर्मा के साथ सम्मिलित साथियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करनें की मांग किया।

# शिक्षकों की मूलभूत समस्याओं के निस्तारण तक जारी रहेगा संघर्ष: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

आन लाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षा विभाग व शिक्षक आमने -सामने आ गये हैं।शिक्षा विभाग जहां समझा बुझाकर आन लाइन उपस्थिति के लिए शिक्षकों को राजी करने की कोशिशों में जुटा है,वहीं शिक्षक आन लाइन उपस्थिति के विरोध में मुखर होते जा रहे हैं। बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में दस सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी दिग्विजय सिंह को दिया गया।मांग पत्र में 15 सी एवं हाफ सी एल,30 ई एल,कैशलेश चिकित्सा सुविधा,समय से पदोन्नति व स्थानान्तरण,विद्यालयों में लिपिक एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, एवं जनपद




स्तरीय समस्त समस्याओं का निस्तारण कराने सम्बन्धी दस सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया। धीरेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा ऑन लाइन उपस्थिति का फरमान, तुगलकी फरमान है। विभागीय अधिकारी वातानुकूलित कक्ष में बैठकर बिना जमीनी हकीकत परखे अव्यवहारिक आदेश करते रहते हैं। शिक्षकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति किये बिना ऑन लाइन उपस्थिति स्वीकार्य नहीं है। किरन शुक्ला ने कहा विषम परिस्थितियों में भी शिक्षिकायें समय से स्कूल पहुंचती हैं। मौसम की प्रतिकूलता से कभी - कभी विलम्ब हो सकता है, जिसका कोई व्यवहारिक समाधान नही है। अब्दुल रसीद ने कहा कि सरकार दमनकारी नीति चलाकर डिजिटलाइजेशन, आन लाइन उपस्थिति की व्यवस्था केवल बेसिक शिक्षा विभाग में ही लागू की जा रही है।

अरविन्द त्रिपाठी ने कहा सभी संगठन एक हैं, शोषण स्वीकार्य नहीं है।मंजीत यादव ने कहा इस व्यवस्था से शिक्षकसमाज स्वयं को अपमानित एवं ठगा महसूस कर रहा है। महेंद्र प्रताप मिश्र ने कहा आन लाइन उपस्थिति का पुरजोर विरोध किया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सुरेन्द्र बहादुर सिंह संरक्षक सहित सैकड़ों पदाधिकारी व शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा जन जागरूकता रैली को जिला पंचायत अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**एकतीस जुलाई तक मनाया जाएगा जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा**

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

बृहस्पतिवार को विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर सयुंक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज से जिला पंचायत अध्यक्ष राजेशअग्रहरि ने विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा को लेकर निकाली गई जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके उपाध्याय,स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राम आसरे सरोज,जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम बसंत कुमार राय,जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ अर्चना श्रीवास्तव, संगिनी एवं आशा




कार्यकत्री उपस्थिति रहीं।मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा 31जुलाई तक मनाया जाएगा।इस अभियान के माध्यम से लक्षित दंपत्ति को परिवार नियोजन की आवश्यकता और महत्त्व की जानकारी देने के साथ उन्हें परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने के बारे में भी प्रेरित किया जाएगा।और परिवार नियोजन साधनों पर जानकारी दी जायेगी।आशा द्वारा दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा व सेवा प्रदायगी पखवाड़े में परिवार नियोजन सेवाओं से संबंधित सभी तैयारियां, आशाओं द्वारा परिवार नियोजन परामर्श पर इच्छुक लाभार्थी का मोबिलाइजेशन प्री रजिस्ट्रेशन कर स्वास्थ्य इकाई पर परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान की जाएगी।उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन परामर्श दिवस पर नवविवाहित जोड़ों,एक वर्ष के अंदर उच्चजोखिम अवस्था में जिनका प्रसव हुआ है,ऐसी महिलाओं,लक्षित दंपत्ति जो दो बच्चों के जन्म के बीच अंतर रखना चाहते हैं,लक्षित दंपत्ति जिनका परिवार पूरा हो गया है,ऐसे लोगों को परिवार नियोजन परामर्श केंद्र में उनके अनुकूल परिवार नियोजन का साधन अपनाने के लिए विस्तृत जानकारी परिवार नियोजन सलाहकारों के द्वारा प्रदान की जाएगी।

## छात्रों के डाटा का सत्यापन व अपात्र छात्रों को ब्लॉक करने की तिथि 31 जुलाई से 08 अगस्त तक निर्धारित


**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में समयान्तर्गत परीक्षा परिणाम घोषित न होने एवं कतिपय अन्य कारणों से सामान्य वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक वर्ग के वंचित छात्रों को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति व अन्य कार्यों हेतु समय सारिणी का शासनादेश निर्गत किया गया है। वर्ष 2023-24 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समय सारिणी के अनुसार डी0एल0एड0 पाठ्यक्रम व स्टेट मेडिकल फैकल्टी की ओर से पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम घोषित होने सहित अन्य समस्याओं को लेकर शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए नवीन समय सारिणी निर्गत की गयी है। अल्पसंख्यक वर्ग की छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित छात्रों के आवेदन 15 जुलाई, 2024 से 24 जुलाई, 2024 के बीच जमा कर सकते है। छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्थान में 16 जुलाई, 2024 से 30 जुलाई, 2024 तक जमा किये जा सकते है। विश्वविद्यालय/एफ़िलिएटिंग एजेंसी के द्वारा वास्तविक छात्रों के डाटा का सत्यापन व अपात्र छात्रों को ब्लॉक करने की तिथि 31 जुलाई, 2024 से 08 अगस्त, 2024 तक निर्धारित की गयी है

# खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार डीसीएम, आग लगने से जिंदा जला ड्राइवर

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रयागराज हाइवे पर हुए भीषण हादसे में डीसीएम चालक जिंदा जल गया। ट्रक हाइवे पर खड़ा था। तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम पीछे से आकर तेजी से टकरा गई।

अयोध्या नगर कोतवाली क्षेत्र के प्रयागराज हाईवे पर पूरे हुसैन खान के पास सोमवार की देर रात खड़े ट्रक में पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम घुस गई। दुर्घटना के बाद डीसीएम और ट्रक में आग लग गई। हादसे में डीसीएम चालक जिंदा जल गया। पुलिस ने उसे बड़ी मुश्किल से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




प्रयागराज हाईवे पर पूरे हुसैन खान के पास पहले से ही पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बिरौली महमूदपुर निवासी संतोष शर्मा का ट्रक खड़ा था। इस बीच तेज रफ्तार अनियंत्रित डीसीएम पीछे से आकर तेजी से टकरा गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में डीसीएम चालक बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के परूवा निवासी रवि शंकर मिश्र गंभीर रूप से झुलस गया। मौके पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीमों ने आग बुझाई और कड़ी मशक्कत से चालक को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# चेतावनी बिंदु पार कर खतरे के निशान की ओर बढ़ रही सरयू, मंडराने लगा बाढ़ का खतरा

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

अयोध्या में सरयू नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर आ गया है। ऐसे में आसपास के जिलों में बाढ़ की आशंका बढ़ती जा रही है। प्रशासन की तरफ से टीम की तैनाती कर दी गई है।

लगातार हो रही बारिश और नेपाल से छोड़े गए पानी की वजह से सरयू नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। सरयू अब चेतावनी बिंदु पारकर खतरे के निशान की ओर बढ़ रही ही। सोमवार की सुबह नौ बजे सरयू का जलस्तर 91.95 मीटर रिकॉर्ड किया गया। जो चेतावनी निशान से 22 सेंटीमीटर ऊपर और खतरे के निशान से 78 सेंटीमीटर पीछे है।



ये भी पढ़ें - 24 घंटों में रिकॉर्ड बारिश, आज इन 15 जिलों के लिए मौसम विभाग ने जारी किया बारिश का अलर्ट

सरयू नदी में आए उफान के चलते रुदौली, सोहावल और सदर तहसील इलाके के करीब दो दर्जन गांवों की सैकड़ों एकड़ जमीन और आबादी पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है।

सरयू नदी के तटीय इलाकों के गांव में हर साल बाढ़ आती है। बाढ़ से बचने के स्थायी उपाय नहीं किए गए हैं। सोहावल में सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुये तहसील प्रशासन ने निचले क्षेत्र में बसे ग्रामीणों को अलर्ट कर दिया है। बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए नाव का प्रबंध कर दिया गया है। सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले मांझाकला गांव के लिए तहसील प्रशासन की तरफ से लेखपाल सहित टीम लगा दी गयी है। जलस्तर बढ़ रहा है, लेकिन अभी बाढ़ का खतरा नहीं है।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक आयोजित की गई पोस्टर प्रतियोगिता

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में विश्व जनसंख्या दिवस पर विद्यार्थियों को बढ़ती जनसंख्या और समाज राष्ट्र एवं पर्यावरण पर इसके प्रभाव तथा इसे नियंत्रित करने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया विद्यालय की छात्रा मान्या और इशिका ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में तेजी से बढ़ रही जनसंख्या हमारे भविष्य के लिए सबसे बड़ा संकट है और मानव अस्तित्व के लिए खतरा बनती जा रही है बढ़ती आबादी को रोकना आज हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती है साथ ही छात्राओं ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए सरकारों द्वारा किए जा रहे प्रयासों और बनाए गए कानून के संबंध में विस्तार से बताया शिक्षक अभिषेक भारद्वाज ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि यह दिवस तब अस्तित्व में आया जब 1987 में विश्व की जनसंख्या 500 करोड़ तक पहुंच गई विश्व जनसंख्या दिवस की स्थापना 1989 मैं बढ़ती जनसंख्या के कारण उत्पन्न जनसंख्या नियंत्रण संबंधी मुद्दों की तत्कालिकता और महत्व के लिए की गई है जिसका उद्देश्य लोगों को जनसंख्या से जुड़े मुद्दे जैसे परिवार नियोजन के लाभ लैंगिक समानता गरीबी मातृ स्वास्थ्य मानवाधिकार जैसे विषयों के बारे में शिक्षित करना है 11 जुलाई




1990 से प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जा रहा है कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य शिव लखन प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि पृथ्वी पर हमारे भविष्य के बारे में प्रदूषण प्राकृतिक संसाधनों का कम होना जलवायु परिवर्तन संकट जैसी बहुत सी चुनौतियां सामने हैं लेकिन आज की सबसे बड़ी चुनौती तेजी से बढ़ रही जनसंख्या है 2017 में दुनिया की आबादी करीब 700 करोड़ थी और इस वर्ष 2024 में यह लगभग 810 करोड़ बताई जा रही है बढ़ती आबादी की वजह से दुनिया के प्राकृतिक संसाधन दिन प्रतिदिन बेहद कम होते जा रहे हैं इसलिए हमें अपनी आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए जनसंख्या से जुड़े जोखिम के बारे में लोगों को अधिक से अधिक शिक्षित करना होगा कार्यक्रम का संचालन छात्रा कीर्ति और आद्रिका ने किया विश्व जनसंख्या दिवस पर विद्यालय में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में आर्यन अंश तन्मय ध्रुव अभिज्ञान आयुष राघवेंद्र माही प्रगति आस्था आद्रिका इशिका अनुष्का आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मोहम्मद फैजान खान शिवकरण पाल शाहीन खान संचित त्रिवेदी धर्मेंद्र शुक्ला अभिषेक श्रीवास्तव आरजू यादव रामदेव अभिषेक भारद्वाज पिंकी जयसवाल गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक शिक्षिकाएं विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आत्मनिर्भर डिफेंस इंडस्ट्री सेक्टर के लिए मजबूत आधार बनेंगे यूपी के तीन डीटीआईएस

## डिफेंस टेस्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर स्कीम (डीटीआईएस) के तहत लखनऊ और कानपुर में स्थापित होंगे तीन प्रोजेक्ट

- योगी सरकार की यूपीडा होगी तीनों डीटीआईएस की इम्प्लिमेंटिंग अथॉरिटी
- घरेलू रक्षा क्षेत्र तथा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के परीक्षण की बुनियादी कमियों को दूर करेंगे डीटीआईएस
- 117 करोड़ रुपए से अधिक खर्च करेगी सरकार, मिधानि, बीईएल और एचएएल होंगे तीनों प्रोजेक्ट के लीड मेंबर
- आईआईटी कानपुर में स्थापित होंगे दो डीटीआईएस, लखनऊ के लिए 0.8 हेक्टेयर भूमि आवंटित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारत के डिफेंस सेक्टर और स्पेस टेक्नोलॉजी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत आधार देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार मिशन मोड में जुटी हुई है। रक्षा मंत्रालय के डिफेंस टेस्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर स्कीम (डीटीआईएस) के अंतर्गत यूपीडा प्रदेश में तीन प्रोजेक्ट स्थापित करेगी। कानपुर और लखनऊ में स्थापित होने वाले तीनों डीटीआईएस डिफेंस टेक्नोलॉजी के इन्फ्रास्ट्रक्चर के परीक्षण की बुनियादी कमियों को दूर करने में मददगार होंगे। यूपी में डिफेंस टेस्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर स्कीम के लिए 117 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जाएंगे। प्रोजेक्ट के लिए भारत सरकार की ओर से 75 प्रतिशत, जबकि योगी सरकार 25 प्रतिशत का अनुदान देगी। डीटीआईएस के जरिए लेटेस्ट टेस्टिंग टेक्नोलॉजी के लिए टेक्निकल आर एंड डी (रिसर्च एंड डेवलपमेंट) का कार्य किया जाएगा। साथ ही टेस्टिंग फैसिलिटी में टेक्निकल अपग्रेडेशन के लिए अनुशंसाएं और मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा रक्षा उत्पादन में गुणवत्ता और स्टैंडर्ड्स का पालन सुनिश्चित करना भी डीटीआईएस का महत्वपूर्ण कार्य होगा। इस स्कीम के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि देसी रक्षा उत्पादन क्षमता में सुधार हो और स्वदेशी कंपनियों को अच्छी परीक्षण सुविधाएं प्राप्त हों। इसका उद्देश्य देश में स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देना है, विशेष रूप से एमएसएमई और स्टार्टअप्स की भागीदारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए रक्षा परीक्षण की बुनियादी संरचना में कमी को दूर करने का ये बड़ा माध्यम साबित होगा।



### यूपीडीआईसी के अंतर्गत शुरू होंगी तीनों डीटीआई स्कीम

बता दें कि भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय की ओर से उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत इन तीनों डीटीआई स्कीम को शुरू किया जाना है। इसके लिए यूपीडा को इम्प्लिमेंटिंग अथॉरिटी नियुक्त किया गया है। यूपी में तीनों डीटीआई स्कीम के अंतर्गत भारतीय अंतरिक्ष मिशन के लिए रणनीतिक साझेदार मिधानि (मिश्र धातु निगम लिमिटेड) लखनऊ में मैकेनिकल और मैटेरियल टेस्टिंग फैसिलिटी प्रदान करेगी, जिसपर 40 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किये जाएंगे। वहीं आईआईटी कानपुर में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) की ओर से कम्युनिकेशन टेस्टिंग फैसिलिटी पर 31 करोड़ रुपए से अधिक और आईआईटी कानपुर में ही हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ओर से अनमैन्ड एयरक्राफ्ट सिस्टम (यूएएस) टेस्टिंग फैसिलिटी प्रदान की जाएगी। तीनों डीटीआई स्कीम को एसपीवी (स्पेशल पर्पज व्हीकल) के जरिए स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की जाएगी। यूपीनेडा के अधिकारियों के अनुसार डीटीआई स्कीम आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना में एक महत्त्वपूर्ण कड़ी साबित होगी। इससे रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया कार्यक्रम को गति तो मिलेगी ही, साथ ही स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, फलस्वरूप सैन्य उपकरणों के आयात पर देश की निर्भरता भी कम होगी।

# महाकुंभ को भव्य और दिव्य बनाने में मददगार होगा सीएसआर

## महाकुंभ मेले की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के लिए सीएसआर फंड का भी हो सकेगा उपयोग

- महाकुंभ से जुड़ने की इच्छुक संस्थाओं को सीएसआर के जरिए भागीदार बनने को किया गया आमंत्रित
- करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकेंगी संस्थाएं
- श्रद्धालुओं की सेवा के साथ ही दुनिया के सबसे बड़े आयोजन से जुड़ने का मिलेगा अद्वितीय अवसर

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सीएम योगी की मंशा के अनुरूप महाकुंभ 2025 को भव्य और दिव्य बनाने के लिए संगमनगरी प्रयागराज को सजाने और संवारने का कार्य प्रगति पर है। योगी सरकार ने इस पूरे आयोजन के लिए 2600 करोड़ रुपए के बजट का प्राविधान किया है, जबकि अब महाकुंभ मेले की व्यवस्थाओं और सुविधाओं के लिए सीएसआर फंड का भी उपयोग किया जाएगा। सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं जो अपने सीएसआर फंड के माध्यम से महाकुंभ से जुड़ना चाहती हैं, उन्हें महाकुंभ मेला प्राधिकरण की ओर से आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय है कि महाकुंभ 2025 के अवसर पर देश विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं,



### 13 जनवरी से 25 फरवरी 2025 तक होगा आयोजन

प्रयागराज में होने जा रहे इस महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक होना है। 40 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में मेला क्षेत्र को 25 सेक्टर्स में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में कैंप, ऑफिस, कम्युनिटी एरिया के साथ ही स्वास्थ्य, स्वग्चथा और सुरक्षा से संबंधित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। योगी सरकार इस आयोजन को सुरक्षित, दुर्घटना रहित और यादगार बनाने के प्रयास में जुटी हुई है। प्रयागराज को बेंचमार्क स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है। परंपरा के साथ ही तकनीक का उपयोग करके श्रद्धालुओं के अनुभव को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रयागराज और मेला क्षेत्र में नागरिकों को समर्पित सुविधाएं स्थापित की जा रही हैं। पूरे मेला क्षेत्र में 1.6 लाख टेंट्स स्थापित किए जा रहे हैं, जबकि 1800 हेक्टेयर में पार्किंग एरिया बनाया जा रहा है। 12 किमी. तक फैले घाटों को श्रद्धालुओं को समर्पित सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। मेला प्राधिकरण अनुमानित 40 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन को लेकर तैयारियों में जुटा है। अनुमान ये भी है कि 27 जनवरी से 30 जनवरी के बीच मौनी अमावस्या के अवसर पर 6 करोड़ श्रद्धालु महाकुंभ में आ सकते हैं।

# रहीमाबाद पुलिस सुलह कराने के नाम पर मांगती है एक हजार रूपए

- न्याय के लिए रहीमाबाद थाने के 6 माह से लगा रहे पीड़ित दंपत्ती चक्कर

**जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत**




> इस प्रकरण की जानकारी मुझे नहीं है मैं दिखवाता हूं: –थानाध्यक्ष रहीमाबाद

> मेरी जानकारी में नहीं है इस मामले की जांच करता हूं: –एसीपी मलिहाबाद

**लखनऊ।** कमिश्नरेट की रहीमाबाद पुलिस पीड़ित दंपति को न्याय दिलाने के बजाय पीड़ित दम्पत्ति पर दिखती है रॉब। प्राप्त जानकारी के अनुसार रहीमाबाद थाना क्षेत्र के औलिया खेड़ा निवासी तेज प्रताप पुत्र भगौती ने बताया की 11 जुलाई को मेरे भाई अरविंद पुत्र भगौती जमीन जायदाद को लेकर मुझे लाठी डंडों से मारा पीटा और मेरी पत्नी के बीच बचाव में पत्नी को भी भद्दी-भद्दी गालियां देकर लज्जित किया और कहां अपनी पत्नी को छोड़ दो नहीं तो तुम दोनों को रहने नहीं देंगे और आज तो हद कर दी दहेज में मिला सामान तोड़-फोड़ दिया और मेरे माता-पिता भी भाई का ही पक्ष लेते हैं कहते हैं कि तुम्हारी पत्नी का चाल चलन ठीक नहीं है इसलिए छोड़ दो। दहेज के लालच के लिए यह लोग मेरी पत्नी पर गलत आरोप लगाते हैं, क्योंकि दहेज में मिले चार लाख रुपए ससुराल की तरफ से ट्रैक्टर लेने के लिए मिले थे मैंने अपनी मां के नाम ट्रैक्टर लिया था, इसको लेकर मैंने पूर्व से लेकर आज तक कई बार प्रार्थना पत्र दिया पर रहीमाबाद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं जिसके चलते मेरे परिवार के उपरोक्त लोगों के हौसले बुलंद रहे और आज फिर मुझे रॉड से मारा पीटा और मेरी पत्नी को लज्जित किया। जब भी हम लोगों को घर से प्रताड़ित किया गया, जब भी मैंने रहीमाबाद थाने में शिकायती की तो पुलिस ने मुझे और मेरी पत्नी को थाने में बैठा लिया, शाम को जब वह लोग आए तो पुलिस वालों ने मुझे ही डांट फटकार कर कहा कि तुम ही लड़ाई करते हो यह आरोप लगाकर सुला करने का दबाव बनाती हैं और सुलह कराने के नाम पर 1000 रूपए मांगती हैं। परिवार के द्वारा बार-बार हमले किए जाने को लेकर हम पति-पत्नी घर से बाहर किराए पर रहने के लिए मजबूर है।

# अब मुफ्त में विदेशी भाषा सीख सकेंगे स्टूडेंट और प्रोफेशनल: कपिलदेव


**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

युवाओं के कौशल को निखारकर उन्हें रोजगार से जोड़ने के लिए योगी सरकार नए-नए कार्यक्रम ला रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन यूपीएसडीएम ने लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, आज़मगढ़, अयोध्या, प्रयागराज, झांसी और बांदा जिलों के छात्रों को विदेशी भाषाओं में प्रशिक्षण प्रदान करने की एक अनूठी पहल की है। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और प्रोफेशनल्स को फ्रांसीसी, स्पैनिश और जर्मन भाषाओं में दक्षता हासिल कराना है, जिससे वे अपने प्रोफाइल में एक नई योग्यता को जोड़ सकें और अपने करियर में उन्नति करके देश और विदेशों में रोजगार के नए अवसर प्राप्त कर सकें। यह प्रशिक्षण अंग्रेजी और विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के विशेषज्ञ संकाय द्वारा दिया जाएगा और इसका पूरा खर्च यूपी कौशल विकास मिशन के द्वारा वहन किया जाएगा। इनका संचालन सप्ताहांत वीकेंड में किया जाएगा। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम उन छात्रों और प्रोफेशनल्स के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है।

# डॉ आदर्श त्रिपाठी को होम्योपैथिक के क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों के लिए दुबई में किया जाएगा सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

डॉ आदर्श त्रिपाठी को होम्योपैथिक के क्षेत्र में विशिष्ट कार्यों के लिए 14 जुलाई 24 को दुबई में किया जाएगा सम्मान।होम्योपैथिक में 1500 से ज्यादा मुफ्त चिकित्सा शिविर डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी के द्वार समाज के कल्याण के लिए और गरीब और असहाय लोगों के लिए हमेशा खुले रहते है। गरीबों को निशुल्क दवा वितरण और निशुल्क भोजन व्यवस्था की व्यवस्था भी इनके द्वारा की जाती है। होम्योपैथ के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान और जरूरतमंदो की सेवा करने के लिए उन्हें दुबई में सम्मानित किया जाएगा।इस अवसर पर कई बड़ी हस्तियाँ अनुपम खेर,क्रिकेट जगत की कई हस्तियाँ क्रिस गेल सहित एक्टर मनोज बाजपेई,कवि कुमार विश्वास सहित तमाम दुबई के सेलेब्रिटीज की मौजूदगी के बीच बुर्ज अल होटल में किया जाएगा।इस मौके पर मीडिया जगत के सम्मानित पत्रकार भी रहेंगे। बर्नेट होम्योपैथिक प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा यह कार्यक्रम दुबई के बुर्ज अल होटल में किया जा रहा है जिसमें दुनिया भर के 50 देशों के डॉक्टरों के बीच सर्वश्रेष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट का अवार्ड डॉक्टर आदर्श त्रिपाठी को दिया जाएगा।





# भाकपा माले ने की नजूल सम्पत्ति प्रबन्धन और उपयोग अध्यादेश वापस लेने की मांग

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी–लेनिनवादी रेड स्टार की उत्तर प्रदेश राज्य इकाई ने उत्तर प्रदेश नजूल संपति सार्वजनिक उद्देश्यों के लिए प्रबंधन और उपयोग अध्यादेश 2024 को वापस लेने की राज्य सरकार से मांग की है। यह अध्यादेश 7 मार्च को सरकार ने पास किया। पार्टी ने आरोप लगाया है कि इस अध्यादेश को लागू कर लखनऊ सहित प्रदेश के तमाम जिलों में बुलडोजर चलाकर हजारों लोगों को उजाड़ने का अभियान फासीवादी भाजपा सरकार चला रही है। लखनऊ के अकबरनगर में 1800 मकानो पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया है और अबरारनगर में 500 मकानो पर बुल्डोजर चलाने की पूरी तैयारी किया जा चुका हैं। भाकपा माले रेडस्टार उत्तर प्रदेश राज्य सचिव कामरेड कन्हैया ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में भारी मात्रा में नजूल की जमीनें हैं जिन पर हजारों लोग मकान और दुकान बनवाकर रह रहे हैं और अपनी आजीविका चला रहे हैं। हजारों लोगों ने फ्री होल्ड के लिए निर्धारित शुल्क जमा किया है। सरकार के इस नये अध्यादेश से वे सारे भवन स्वामी बेरहमी से उजाड़ दिये जायेंगे जो ऐसी नजूल की जमीन पर मकान बनाकर रह रहे हैं।

# अधिकतर सड़क दुर्घटनाओं में परिवहन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही हुई उजागर: मो0 अकील खान

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**

**बीकेटी, लखनऊ।** पिछड़ा मुस्लिम मोमिन समाज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने उन्नाव सड़क हादसे के सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर बिहार से दिल्ली यात्रियों को लेकर जा रही थी उन्नाव के रास्ते ताज एक्सप्रेसवे पर पहुंच कर बस और टैंकर की दुर्घटना से क्षेत्र में कोहराम मच गया प्राइवेट डबल डेकर बस दुर्घटना में डेढ़ दर्जन से ज्यादा लोगों की जान चली गई संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद अकील खान ने कहा कि इस दुर्घटना के जिम्मेदार सिर्फ परिवहन विभाग के विभाग के आरटीओ ए आरटीओ है इसी विभाग से संबंधित कर्मचारीयों की है प्राइवेट बस बिना इंश्योरेंस बिना फिटनेस के बिहार से गोरखपुर होते हुए लखनऊ पहुंच गई कोई भी परिवहन विभाग का अधिकारी उस बस को चेक करने की जहमत नहीं उठाई क्योंकि उस बस की आरटीओ ने एंट्री दे रखी थी जो दलालों के द्वारा डग्गामार वाहनों से अवैध वसूली होती है चाहे बस हो या ओवरलोड ट्रंकों से धन उगाही होती है प्रदेश के हर जिले वार टोकन परिवहन विभाग के आरटीओ ए आरटीओ देते हैं अवैध डग्गामार वाहनों की कोई चेकिंग या जांच नहीं की जाती है जिनके पास ओवरलोड का टोकन या कोड बताकर रात दिन सीतापुर रोड कानपुर रोड सुल्तानपुर रोड रायबरेली रोड पर गिट्टी मौरंग बालू से लदे ओवर लोड ट्रैकों को किसी भी समय देखा जा सकता है कुछ दिन पूर्व इसी तरह एक बस की दुर्घटना लखनऊ बाराबंकी सीमा पर किसान पथ पर हुई थी जिसमें भी दर्जनों की तादात में लोगों ने अपनी जान गवाई थी। झांसी से लेकर लखनऊ तक बांदा से लेकर लखनऊ तक हमीरपुर जालौन से लेकर लखनऊ तक परिवहन विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों के द्वारा ओवरलोड वाहनों को चलवाने की जिम्मेदारी आरटीओ के सिपाही एवं ड्राइवर का एक राकेट तैयार है उन्हीं के द्वारा ओवरलोड वाहनों का टोकन मनी लेकर दिया जाता है रोड सेफ्टी की कोई जिम्मेदारी नहीं परिवहन मंत्री की कोई भी आरटीओ आदेश निर्देश का पालन नहीं करते हैं जिसका नतीजा यह होता है कि जिस तरह कल ताज एक्सप्रेस वे पर बिहार के 18 लोगों ने अपनी जान देकर सफर की कीमत चुकानी पड़ी और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं।



# ग्रेटर नोएडा में कॉर्पोरेट ऑफिस प्लॉट्स के आवंटन के लिए नई योजना लाई योगी सरकार

## –6 सितंबर को ई–ऑक्शन के माध्यम से क्वॉलिफाइड बिडर्स लगा सकेंगे बोली, ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 22ई में 1000 स्क्वेयर मीटर के 45 भूखंड के आवंटन का मार्ग होगा प्रशस्त

- यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने शुरू की प्रक्रिया, 9 अगस्त तक आवेदन कर सकेंगी कंपनियां
- 2.5 करोड़ रुपए रखा गया है प्रत्येक प्लॉट का रिजर्व्ड प्राइस, 25 लाख रुपए रखा गया है रजिस्ट्रेशन अमाउंट
- 25 हजार स्क्वेयर प्रति मीटर रखा गया है रेट ऑफ अलॉटमेंट, यमुना एक्सप्रेसवे से 45 व 24 मीटर चौड़ी रोड्स बनेंगी इन प्लॉट्स की कनेक्टिविटी का माध्यम

**जन एक्सप्रेस । ग्रेटर नोएडा/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की प्रगति को प्रशस्त करने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में विकास के नए आयाम गढ़ रही है। एक ओर, जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाई गई है, दूसरी ओर ग्रेटर नोएडा में इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप, दादरी में मल्टी मोडल लॉजिस्टिक्स हब व बोड़ाकी में मल्टीमोडल ट्रांसपोर्ट हब की विकास प्रक्रिया को गति गई है। सीएम योगी का विजन ग्रेटर नोएडा को वर्ल्ड क्लास सिविक एमिनिटीज से लैस करने का है और अब इसी क्रम में सीएम योगी की मंशा अनुरूप बड़े स्तर पर कमर्शियल प्लॉट्स के आवंटन के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा इस क्रम में नई योजना लायी गई है जिसके जरिए 1000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल वाले 45 कमर्शियल प्लॉट्स के आवंटन का मार्ग प्रशस्त होगा। इन प्लॉट्स को ई-ऑक्शन प्रक्रिया के जरिए आवंटित किया जाएगा जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पंजीकृत पार्टनरशिप फर्म, पंजीकृत ट्रस्ट, पंजीकृत सोसाइटी, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी, पब्लिक लिमिटेड कंपनी, पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग व सरकारी तथा अर्थ सरकारी विभाग इस आवंटन प्रक्रिया का हिस्सा बन सकेंगे। यीडा द्वारा कॉर्पोरेट ऑफिस प्लॉट्स के आवंटन के लिए जो नई स्कीम आई है उसके अंतर्गत गुरुवार शाम 5 बजे से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। 9 अगस्त को आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है जिसके बाद 30 अगस्त को क्वालिफाइड व डिस्क्वॉलिफाइड बिडर्स की लिस्ट जारी की जाएगी। 6 सितंबर को ई-ऑक्शन के माध्यम से क्वॉलिफाइड बिडर्स प्लॉट की बोली लगा सकेंगे। उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 22ई में 1000 स्क्वेयर मीटर के 45 भूखंडों के आवंटन के लिए जो स्कीम यीडा लायी है उसके अंतर्गत 2.5 करोड़ रुपए प्रत्येक प्लॉट का रिडर्व्ड प्राइस रखा गया है। जबकि, 25 हजार स्क्वेयर प्रति मीटर रेट ऑफ अलॉटमेंट रखा गया है और रजिस्ट्रेशन अमाउंट 25 लाख रुपए निर्धारित किया गया है। यमुना एक्सप्रेसवे से 45 व 24 मीटर चौड़ी रोड्स इन प्लॉट्स की कनेक्टिविटी का माध्यम बनेंगी।



### 90 वर्षों के लीज पर उपलब्ध होगा प्लॉट

नई स्कीम के जरिए ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 22ई में प्लॉट संख्या ओ–21 से लेकर ओ–69 तक प्लॉट्स को 90 वर्षों की लीज पर दिया जाएगा। नई स्कीम के अंतर्गत चयनित होने वाले बिडर्स यीडा की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए ई–ऑक्शन प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे। यीडा द्वारा ई–ऑक्शन की इस प्रक्रिया में बैंकिंग पार्टनर के तौर पर आईसीआईसीआई बैंक अपनी सेवाएं दे रही है। उल्लेखनीय है कि इन प्लॉट्स के आवंटन के जरिए सेक्टर 22ई के कमर्शियल हब को विकसित करने में मदद मिलेगी और इससे यहां रहने वाले लोगों को विभिन्न प्रकार की नागरिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा। प्लॉट आवंटन प्रक्रिया के जरिए यहां कॉर्पोरेट ऑफिस, कॉन्फ्रेंस रूम, सेमिनार हॉल, मल्टिलेवल पार्किंग जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर्स का विकास होगा। यहां ऑडिटोरियम, इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर, कल्चरल व इनफॉर्मेशन सेंटर, स्टेशनरी स्टोर, बुक स्टोर, फार्मेसी, कियोस्क, हेल्थ क्लब, जिम, बैंक शाखाएं, जनरल स्टोर, क्रेच, इंडोर गेम हॉल्स, डिस्पेंसरी, म्यूजियम, प्लैनेटेरियम, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर्स, रेडियो व टेलिविजन स्टेशन, कैंटीन, स्टाफ हाउसिंग, गेस्ट हाउस व होस्टल जैसी सुविधाओं का विकास होगा।

### आवासीय भूखंडों की योजना को भी मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया

यीडा ने हाल ही में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के आसपास सेक्टर 16, 18, 20 और 22डी में भी आवासीय प्लाट स्कीम लॉन्च? की जिसे बेहद सकारात्म प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है। इस स्कीम में कुल 361 प्लॉट है, जिसमें किसानों के लिए 63, कार्यात्मक उद्योग के लिए 18 और सामान्य श्रेणी के लिए 280 प्लाट हैं। इन स्कीम में 120 वर्ग मीटर के 84 प्लॉट, 162 वर्ग मीटर के 77 प्लॉट, 200 वर्ग मीटर के 3 प्लॉट, 300 वर्ग मीटर के 131 प्लॉट, 500 वर्ग मीटर के 40 प्लॉट, 1000 वर्ग मीटर के 18 प्लॉट और 4000 वर्ग मीटर के 8 प्लॉट हैं। इस आवासीय स्कीम के अंतर्गत 5 अगस्त तक आवेदन किया जा सकेगा तथा ड्रॉ के माध्यम से 20 सितंबर तक प्लॉटों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी होगी।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# कांग्रेस शासित राज्यों में मुसलमान पिछड़े क्यों हैं?

**सवाल यह है कि देश में ज्यादातर वक्त राज करने के बावजूद कांग्रेस शासित राज्यों में मुसलमानों की साक्षरता दर सौ प्रतिशत क्यों नहीं हो पाई। निजी और सरकारी क्षेत्र में रोजगार विकसित करने के लिए कांग्रेस का आंकड़ा सर्वोच्च क्यों नहीं रहा। अल्पसंख्यकों की असुरक्षा को लेकर भी कांग्रेस और दूसरे राजनीतिक दल उन्हें भयभीत करने का काम करते रहें हैं, ताकि उनके वोट पर अधिक हिस्सा बटोरा जा सके। भारत में 300,000 से अधिक सक्रिय मस्जिदें हैं, जो अधिकांश इस्लामिक देशों से अधिक है।**

*देश में अल्पसंख्यकों के विकास के बजाए भावनात्मक मुद्दों पर बरगला कर उनके दोहन का खेल जारी है। राजनीतिक दल अल्पसंख्यकों को वोट बैंक की फसल से ज्यादा कुछ नहीं समझते। अल्पसंख्यकों का अधिक हितेषी साबित करने के लिए गैरभाजपा राजनीतिक दलों में कभी खत्म नहीं होने वाली चुनावी प्रतिस्पर्धा जारी है। इसका मंच चाहे चुनावी सभाएं हो या संसद के दोनों सदन। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी का अल्पसंख्यक वोट बैंक को रिझाने के प्रयास में भाजपा पर देशभक्त अल्पसंख्यकों के खिलाफ भी हिंसा फैलाने का आरोप लगाया। राहुल ने भाजपा का नाम लिए बगैर कहा कि अल्पसंख्यकों के खिलाफ, मुसलमानों के खिलाफ और सिख लोगों के खिलाफ हिंसा और नफरत फैलाते हैं। जबकि अल्पसंख्यक हर क्षेत्र में अपना योगदान देते हैं। अल्पसंख्यक देश के साथ पत्थर की तरह खड़े हैं, देशभक्त हैं और आप सबके खिलाफ हिंसा और नफरत फैलाते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि अल्पसंख्यकों ने देश के साथ-साथ संविधान की भी रक्षा की है। राहुल गांधी का यह बयान महज एक चुनावी बयान से अधिक कुछ नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब अल्पसंख्यकों के वोट बैंक के लिए संसद के मंच का इस्तेमाल किया गया हो। चुनावी सभाएं हों या संसद, मौके-बेमौकों पर अल्पसंख्यक की हिमायत करने का कांग्रेस और दूसरे गैरभाजपा दल कोई मौका नहीं छोड़ते। अल्पसंख्यकों की पैरवी करने वाली कांग्रेस और राहुल गांधी ने यह खुलासा कभी नहीं किया कि आजादी के करीब 60 साल तक कांग्रेस का शासन केंद्र और ज्यादातर राज्यों में रहने के बावजूद अल्पसंख्यक बुनियादी सुविधाओं और देश की विकास की मुख्यधारा से दूर क्यों हैं। अल्पसंख्यकों को लेकर हायतौबा मचाने वाली कांग्रेस ने कांग्रेसशासित राज्यों में उनकी भलाई के लिए कौन से प्रयास किए। इसके अलावा केंद्र और भाजपा शासित राज्यों में सरकारी योजनाओं में अल्पसंख्यकों से कौनसा भेदभाव किया गया है। इसका भी खुलासा कभी कांग्रेस ने नहीं किया है। यह सही है कि भाजपा ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों को पार्टी में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं दिया, किन्तु यह भाजपा का आंतरिक मामला है। सरकारी स्तर पर भाजपा के मुसलमानों से भेदभाव का एक भी उदाहरण मौजूद नहीं है। जो योजनाएं देश या राज्यों के स्तर पर भाजपा सरकारों ने लागू कि उनमें सभी को पात्रता के आधार पर सुविधाएं दी गई हैं। जाति, धर्म या समुदाय के आधार पर कोई अंतर नहीं रखा गया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अनुसार साल 2014 से देश में पारसी, जैन, बौद्ध, सिख, ईसाई और मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले लगभग 5 करोड़ से ज्यादा छात्रों को छात्रवृत्ति दी गई। सरकार का कहना है कि ऐसा करने से खासकर मुस्लिम लड़कियों के स्कूल छोडने की संख्या कम हुई है। 2014 से पहले मुस्लिम लड़कियों में स्कूल छोडने की संख्या 70 प्रतिशत थी जो अब घटकर 30 प्रतिशत से भी कम हो गई है। केंद्र सरकार द्वारा सीखो और कमाओ योजना शुरु की गई। इसी योजना के तहत इस साल यानी 2022 में लगभग 8 लाख महिला को लाभ पहुंचा है। वर्ष 2021-22 में देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में मुसलमानों का कुल नामांकन 21.1 लाख रहा, जबकि 2020-21 में यह आंकड़ा 19.22 लाख और 2014-15 में 15.34 लाख था, यानी 7 वर्षों में 37.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई लेकिन कोरोना के दौरान इसमें बड़ी गिरावट आई थी।*

### एक्सप्रेस आलेख

**पिछली 4 जुलाई को ब्रिटेन में हुए संसदीय चुनावों के परिणाम व्यापक रूप से अपेक्षित थे। किएर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 34 फीसद वोटों के साथ हाउस ऑफ कॉमन्स में 650 सीटों में से 410 सीटों पर जीत मिली। वे अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनकी भी भारतीय सनातनी परम्पराओं में गहरी आस्था है और वे नियमित रूप से हिन्दू मंदिरों में जाते रहे हैं। हालिया चुनाव परिणाम भारत- ब्रिटेन संबंधों के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों ही प्रस्तुत करते हैं, जो पिछले दो दशकों में लगातार मजबूत होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर से बात की और उन्हें पीएम चुने जाने पर बधाई दी।**

# अब ब्रिटेन में सख्ती से कसे जाएं खालिस्तानी



आर.के.सिन्हा

**प्रधानमंत्री मोदी ने विगत शनिवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से बात करते हुए उन्हें लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री को मोदी जी ने भारत आने का निमंत्रण भी दिया।**

ब्रिटेन के हालिया चुनावों में लेबर पार्टी की महत्वपूर्ण जीत से साबित हो गया कि ब्रिटेन की राजनीति में भारतीय प्रवासी समाज की भूमिका बेहद खास हैं। ब्रिटेन के चुनाव परिणाम यह बताते हैं कि वहां की राजनीति में भारतीय प्रवासियों की ताकत बढ़ती ही जा रही है। निवर्तमान प्रधानमंत्री ऋषि सुनक सहित 26 भारतीय मूल के नेता नई संसद के लिए चुने गये हैं। सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की। सुनक की पार्टी की शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट की सीट जीत ली है। लीसेस्टर ईस्ट में लड़ाई में कई दिग्गज शामिल थे, जिनमें पूर्व सांसद क्लाउड वेबे और कीथ वाज शामिल थे, जिन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। कीथ वाज भी भारतीय मूल के ही हैं। वे पहले भी संसद के सदस्य रहे हैं। शिवानी राजा शिक्षा की दुनिया से जुड़ी हुई हैं। वो लंबे समय से कंजरवेटिव पार्टी की एक्टिविस्ट हैं। भारत में जन्में कनिष्क नारायण पूर्व वेल्श की सीट से जीत गए हैं। वे भी कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार थे। बिहार के मुजफ्फरपुर के मूल निवासी कनिष्क नारायण 12 साल की उम्र में ब्रिटेन आ गए थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड और फिर स्टैनफोर्ड में पढ़ाई की। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने फेयरहैम और वाटरलूविल सीट जीती है। उनके पिता गोवा के और मां तमिल मूल की हैं। पंजाबी हिन्दू परिवार से संबंध रखने वाले गगन मोहिन्दर फिर से साउथ-वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट से चुनाव जीत गए हैं। निवर्तमान संसद के सदस्य नवेंदु मिश्र लेबर पार्टी की टिकट पर स्टॉकपोर्ट सीट से कामयाब रहे हैं। वो मूल रूप से कानपुर से हैं। ब्रिटेन की निवर्तमान संसद में भी 15 भारतीय मूल के सांसद थे। ब्रिटेन के आम चुनाव 2024 में, कुल 107 ब्रिटिश-भारतीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे थे। भारत-ब्रिटेन संबंधों के देखा जाए तो इसके प्रमुख रूप से पांच आयाम हैं। ब्रिटेन भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश है। जबकि भारत भी ब्रिटेन में नई परियोजनाएं शुरू करने के मामले में तीसरा सबसे बड़ा देश है। भारत के लिए ब्रिटेन एक महत्वपूर्ण आयातक देश है। हालांकि यह भारत को बहुत बड़ी मात्रा में निर्यात भी करता रहा है। ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था में भारत की कंपनियों की भी बड़ी अहम भूमिका है। भारतीयों की



**भारत और ब्रिटेन के बीच आपसी संबंध मजबूत करने के लिहाज से एफटीए का काफी महत्व है। इस मुद्दे पर आगे बढ़ने के लिए दोनों ही देश कोशिशें कर रहे हैं। इस बाबत वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल गंभीरता से प्रयास करते रहे हैं। प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते में कुल 26 अध्याय हैं, जिनमें से अधिकतर पर आपसी सहमति बन गई है।**

स्वामित्व वाली 700 से ज़्यादा कंपनियों ने ब्रिटेन में 1 लाख से ज़्यादा लोगों को रोज़गार भी दिया हुआ है। टाटा ग्रुप की ही कंपनियों ने ब्रिटेन में हज़ारों लोगों को रोज़गार दिया हुआ है। वहां हिन्दुजा, लक्ष्मी मित्तल, स्वराज पॉल जैसे बहुत सारे बड़े उद्योगपति रहते स्थायी रूप से रहकर ही देश-विदेश में अपना काम कर रहे हैं। इसके अलावा, भारत के हज़ारों छात्र ब्रिटेन में पढ़ाई करने भी हर साल जाते हैं। हां,भारत के युवाओं में अमरीका, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी में पढ़ाई, नौकरी या निवेश करने का चलन भी बढ़ रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच 200 साल से भी अधिक का पुराना संबंध है। दोनों ही देश सांस्कृतिक संस्थानों और अंग्रेज़ी से माध्यम से जुड़े हैं। दोनों देशों के आपसी संबंधों को मज़बूत रखने में ब्रिटेन में रहने वाले करीब 15 लाख प्रवासी भारतीयों की अहम भूमिका है। ये प्रवासी भारतीय न केवल ब्रिटेन और भारत के बीच एक मजबूत पुल का काम कर रहे हैं, बल्कि, इन्होंने भारत की संस्कृति से ब्रिटेन को संपन्न भी किया है। प्रवासी भारतीय ब्रिटेन में हर क्षेत्र में प्रभावशाली रूप से मौजूद है। अब चाहे वो व्यापार, राजनीति, खेल का क्षेत्र हो या कोई और, इन्होंने सभी क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण मुक़ाम हासिल किया है। भारत को ब्रिटेन की नई सरकार से यह भी यही उम्मीद रहेगी कि पिछले साल भारतीय उच्चायोग पर हुए हमले के लिए जिम्मेदार तत्वों पर अब कठोर एक्शन लिया जाये। ऋषि सुनक सरकार ने भी खालिस्तान समर्थक संगठनों पर चाबुक चलानी शुरू कर दी थी। ये संगठन ब्रिटेन में बैठकर भारत के खिलाफ आतंकवाद या नफरत की आग फैलाने की साजिश में लगे हुए हैं। इन संगठनों में इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन, खालसा टेलीविजन लिमिटेड, खालिस्तानी टेलीविजन चैनल वगैरह शामिल हैं। ब्रिटेन में खालिस्तानी फंडिंग नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए बनाई गई स्पेशल टास्क फोर्स ने खालिस्तान समर्थकों के 300 से ज्यादा बैंक खाते जब्त कर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जब्त की है। भारत- ब्रिटेन संबंधों में बेहतरी तब ही कायदे से आएगी, जब वहां खालिस्तानी समर्थक कसे जाएंगे। अब भारत-ब्रिटेन का यह लक्ष्य रहेगा कि दोनों देश व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा में सहयोग बढ़ाएं। पिछली 4 जुलाई को ब्रिटेन में हुए संसदीय चुनावों के परिणाम व्यापक रूप से अपेक्षित थे। किएर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी को 34 फीसद वोटों के साथ हाउस ऑफ कॉमन्स में 650 सीटों में से 410 सीटों पर जीत मिली। वे अब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बन गए हैं। उनकी भी भारतीय सनातनी परम्पराओं में गहरी आस्था है और वे नियमित रूप से हिन्दू मंदिरों में जाते रहे हैं। हालिया चुनाव परिणाम भारत- ब्रिटेन संबंधों के लिए चुनौतियां और अवसर दोनों ही प्रस्तुत करते हैं, जो पिछले दो दशकों में लगातार मजबूत होते रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री किएर स्टार्मर से बात की और उन्हें पीएम चुने जाने पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने विगत शनिवार को ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री से बात करते हुए उन्हें लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री को मोदी जी ने भारत आने का निमंत्रण भी दिया। दोनों नेताओं ने भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए एग्रीमेंट को जल्द फाइनल करने की दिशा में काम करने पर भी सहमति जताई।

### एक्सप्रेस कविता

*गुज़री तमाम उम्र उसी शहर में कोई जानता न था*
*वाकफ़ि सभी थे,पर कोई पहचानता न था..*
*पास से हर कोई गुजरता मुस्कुराता न था,*
*मेरे ही शहर में लोगों को मुझ से वास्ता न था।*
*मेरे टूटे घर में कोई दरवाजा ना था*
*बावजूद इसके कोई झांकता न था।*

*फकीर घूम घूम कर उपदेश देता रहा,*
*शहर के लोगों को उससे नाता न था।*
*शहर भी वही लोग भी है परिचित भी वही,*
*वक्त पर कोई साथ देगा इसका मुझे मुगालता न था।*
*इस भरी दुनिया में सब के सब हैं यहां,*
*पर किसी क़ा किसी से रिश्ता न था।*
*तेरी मेरी नहीं सबकी कहानी है यह,*
*खमोश रहने के अलावा कोई रास्ता न था।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*किसी से मोह इतना ना करें कि बुराइयाँ ना दिखें और घृणा इतनी ना करें कि अच्छाइयाँ ना दिखें*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | षष्ठी 12:33 तक |
| नक्षत्र: | उत्तर फाल्गुनी 16:03 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | परिघा, 29:06 |
| सूर्योदय: | 05:35 |
| सूर्यास्त: | 19:16 |
| चंद्रमा: | कन्या राशि में |
| राहुकाल: | 10:43-12:26 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्त: | 11:58 - 12:53 |

## जन एक्सप्रेस

### आ गए वो पास ?

*बढ़ रही है हलचल ।*
*आ गए वो पास ?*
*स्वागत गर्मजोशी से ।*
*बन सकते अब ख़ास ?*
*राजनीति में कोई ।*
*ना दुश्मन ना मित्र ।।*
*इसलिए तो कहते हैं ।*
*है स्थिति विचित्र ।।*
*शांत है तकरार ।*
*पनपा शायद प्यार ।।*
*आ गया अब वक्त ।*
*हो चुकता उधार ।।*
*कब पक जाए खिचड़ी ।*
*जान कौन ये पाया ।।*
*कुर्सी सबको प्यारी है ।*
*है कुर्सी की माया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डायबिटीज रोगी बिलकुल न करें ये 3 गलतियां, बढ़ सकता है ब्लड शुगर लेवल

**डायबिटीज,** एक चयापचय बीमारी है, जिसमें आपके शरीर में ब्लड शुगर यानी ग्लूकोज का स्तर बहुत ज्यादा बढ़ जाता है। डायबिटीज में आपका शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन नहीं बना पाता है या फिर इंसुलिन का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाता। डायबिटीज होने का कारण अक्सर जेनेटिक या खराब लाइफस्टाइल और खानपान की आदतें हैं। डायबिटीज के मरीजों को अपने खानपान और जीवनशैली पर खास ध्यान देने की जरूरत है। डायबिटीज के मरीजों को अक्सर मीठा खाने या शरीर में ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का कारण बनने वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करने की सलाह दी जाती है। लेकिन, आयुर्वेदिक डॉक्टर नील का कहना है कि डायबिटीज के मरीज ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए, जिस तरह डाइट फॉलो करते हैं, उसमें वे कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जो सेहत पर बुरा असर डाल सकते हैं।



**भोजन के साथ फल खाना:** खाना खाने के बाद या खाने के साथ फल खाना आपके सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। 1 घंटे में फल आसानी से पच जाता है। इसलिए, ठोस खाने के बाद फल खाने से भोजन छोटी आंत में चला जाएगा, जिससे अपच और पेट फूलने, गैस और ब्लोटिंग की समस्याएं हो सकती हैं।

**गुड़ और रॉक शुगर का सेवन:** डायबिटीज के मरीजों को शुगर कंट्रोलकरने के लिए मीठी चीजों के सेवन से परहेज करना चाहिए। इसलिए, कई लोग चीनी के स्थान पर गुड़ और रॉक शुगर का सेवन करते हैं, जो ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा सकता है, जिस कारण यह डायबिटीज के मरीजों के लिए एक खराब ऑप्शन है। ये दोनों ही चीनी से ज्यादा स्वस्थ हैं क्योंकि ये बिना किसी केमिकल के नेचुरल तरीके से तैयार किया जाता है और पोषण से भरपूर होते हैं।

**दही:** आयुर्वेद के अनुसार, दही की प्रकृति गर्म होती है। यह पचाने में भारी और चिपचिपा भी होता है, जो आपके शरीर में कफ दोष को बढ़ा सकता है, जिससे वजन तेजी से बढ़ सकता है। इसके अलावा, मेटाबॉलिज्म खराब करने और आलसी बनाने का काम कर सकता है। यहां तक कि दही का सेवन कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड्स भी बढ़ सकते हैं। इसलिए, डायबिटीज वाले लोगों के लिए दही से बचना सबसे अच्छा है। दही के बजाय, आप कभी-कभी छाछ पी सकते हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# रूस और यूरोप को भारत का संदेश



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ऑस्ट्रिया की यह ऐतिहासिक यात्रा चार दशकों के बाद हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश संयुक्त राष्ट्र संघ और अन्य अंतराष्ट्रीय संस्थाओं में रिफॉर्म पर सहमत हैं ताकि उन्हें समकालीन और प्रभावी बनाया जा सके।**

**वार्ता के दौरान व्यापार और निवेश,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, हरित ऊर्जा,एआई, स्टार्ट-अप, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन,सांस्कृतिक सहयोग और लोगों से लोगों के बीच संबंध से जुड़े विषयों पर चर्चा की गई। इससे पहले द्विपक्षीय संबंधों में नया इतिहास रखते हुए प्रधानमंत्री का आस्ट्रिया के चांसलर ने स्वागत किया। संघीय चासंलर परिसर में उनका औपचारिक स्वागत किया गया।**

**भारतीय** चिंतन में वसुधा को कुटुम्ब मानने का विचार समाहित है। इसमें सर्वे भवन्तु सुखिन की कामना की गई। इस भावभूमि पर हिंसा की प्रवृत्ति पनपती ही नही है। इसीलिए रूस यूक्रेन युद्ध के समाधान की अपेक्षा एकमात्र भारत से ही की गई है। संयुक्त राष्ट्र संग,अमेरिका,यूरोप आदि किसी भी देश के पास ऐसा कोई चिन्तन ही नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस और आस्ट्रीया यात्रा के दौरान शांति और सौहार्द का यही संदेश दिया। रूस के साथ मित्रता भारत के राष्ट्रीय हितों के अनुकूल है। इसी के साथ भारत शांति वार्ता के माध्यम से समस्याओं के समाधान का पक्षधर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस यात्रा के दौरान नया अध्याय लिखा है। उन्होंने विश्व शांति और सौहार्द का प्रभावी संदेश दिया है। यही कारण है कि विकसित देश भी भारत की बढ़ती भूमिका को स्वीकार कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने अपनी विदेश नीति में भारतीय संस्कृति का भी समावेश किया है। विश्व शांति का सपना केवल भारतीय चिंतन के माध्यम से ही साकार हो सकता है।यह विषय दुनिया को युद्ध मुक्त करने तक ही सीमित नहीं है। भारत ने पृथ्वी सूक्ति के माध्यम से मानवता को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन का भी संदेश दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्ध के मैदान में अक्सर समस्याओं का समाधान नहीं होता। हथियारों के जरिये शांति और समाधान कायम नहीं होता बल्कि विचार-विमर्श से ऐसा संभव है। मोदी ने यूक्रेन की राजधानी कीव में एक बच्चों केअस्पताल पर हुए हवाई हमले की ओर संकेत करते हुए कहा कि मानवता में विश्वास करने वाले हर व्यक्ति को जान-माल के नुकसान से दुख होता है। जब निर्दोष बच्चे इसका शिकार बनते हैं तो दुख और भी गहरा हो जाता है। सुखद भविष्य के लिए शांति सर्वोपरि है। भारत शांति के पक्ष में खड़ा है। संघर्ष के संबंध में अपनी भूमिका निभाने के लिए तैयार है। यूक्रेन संघर्ष के समाधान के प्रति भारत आशावान है। भारत के मेक इन इंडिया अभियान में रूस का सहयोग महत्त्वपूर्ण है। दोनों देशों के बीच सहयोग से भारत के किसानों और उपभोक्ताओं का बहुत लाभ हुआ है। रूस के साथ सहयोग और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कज़ान और येकातेरिनबर्ग शहरों में दो नए वाणिज्य दूतावास खोले जायेंगे। वर्तमान में सेंट पीटर्सबर्ग और व्लादिवोस्तोक में पहले से दो वाणिज्य दूतावास हैं। येकातेरिनबर्ग रूस का चौथा सबसे बड़ा शहर है। यह महत्वपूर्ण आर्थिक केंद्र बन गया है। कज़ान रूस में एक सांस्कृतिक, शैक्षिक केंद्र और आर्थिक केंद्र है। नेरन्द्र मोदी न रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच क्रेमलिन में शिखरवार्ता हुई। इसमें ऊर्जा, खाद्य पदार्थ और उर्वरक आदि मामलों पर चर्चा हुई। कच्चे तेल के आयात के कारण विश्व अर्थव्यवस्था में भी स्थायित्व कायम हुआ। मास्को में शिखर और प्रतिनिमंडल स्तर पर द्विपक्षीय और वैश्विक मामलों पर विचार-विमर्श किया। नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद बड़ा खतरा बताया। भारत आतंकवाद को झेल रहा है। आतंकवाद कितना भयानक और घिनौना होता है, उसे हम जानते हैं। मॉस्को और दागिस्तान में हुई आतंकवादी घटनाएं भी निंदनीय हैं। मोदी और पुतिन ने मास्को में अखिल रूसी प्रदर्शनी केंद्र का दौरा किया। दोनों नेताओं ने वीडीएनकेएच में रोसाटॉम पवेलियन को देखा। गत वर्ष उद्घाटित रोसाटॉम मंडप, वैज्ञानिक और तकनीकी विकास के इतिहास पर सबसे बड़ी प्रदर्शनियों में से एक है। प्रधानमंत्री ने असैन्य परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-रूस सहयोग को समर्पित एक फोटो प्रदर्शनी देखी। प्रधान मंत्री को 'परमाणु सिम्फनी' भी दिखाया गया। यह वीवीईआर-1000 रिएक्टर का एक स्थायी कामकाजी मॉडल है, जो भारत में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र का आधार है। नरेन्द्र मोदी और पुतिन ने द्विपक्षीय वार्ता में आर्थिक संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने तथा आपसी व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया। दोनों देशों ने संपर्क सुविधाएं बढ़ाने के लिए चेन्नई वल्दिवस्तक समुद्री गलियारे पर भी बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत यूरेशिया आर्थिक संघ व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने का भी फैसला किया। शिखरवार्ता के दौरान दोनों देशों ने सहयोग के नौ दस्तावेजों को स्वीकार किया। इनमें रूस के सदूर पूर्व में सहयोग तथा ध्रुवीय अनुसंधान संबंधी करार शामिल हैं। दोनों पक्षों ने औषधि व्यापार को बढ़ावा देने के साथ ही व्यापारिक संगठनों के बीच सहयोग संबंधी करार भी किए।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के बीच बुधवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इसमें द्विपक्षीय साझेदारी के विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई।

# बाढ़ का कहर जारी हर तरफ पानी पानी पलियां तहसील में तेज बहाव से कटा रेलवे ट्रैक

* पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश के चलते जिले में शारदा और घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और लगातार बनबसा बैराज से पानी रिलीज किए जाने के बाद यह अपने रौद्र रूप में तबाही मचा रही है



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** जिले में शारदा और घाघरा नदी अपने रौद्र रूप का कहर जारी है। शारदा-घाघरा नदियां उफान पर है।बाढ़ से करीब 150 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। खीरी जिले के 5 तहसीलें बाढ़ से प्रभावित है और इन तहसीलों की लगभग 1.5 लाख की आबादी बाढ़ से जूझ रही है। वहीं पलिया तहसील का कस्बा चारों तरफ से टापू में तब्दील हो गया है। कस्बे तक पहुंचने के लिए रेल मार्ग और सड़क मार्ग दोनों ही पूरी तरह से कट गए हैं। पहाड़ों पर हो रही लगातार बारिश के चलते जिले में शारदा और घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और लगातार बनबसा बैराज से पानी रिलीज किए जाने के बाद यह अपने रौद्र रूप में तबाही मचा रही है। जिसके कारण जिले की 5 तहसील पलिया, निघासन, गोला और धौरहरा सदर तहसील के डेढ़ लाख से ज्यादा आबादी प्रभावित है।साथ ही 1000 एकड़ से ज्यादा की फसल बर्बाद होने के कगार पर पहुंच गई है। पलिया तहसील के कस्बों तक पहुंचने के लिए सड़क मार्ग और रेल मार्ग कट गए हैं, जिससे 60,000 की आबादी तक प्रशासन को बचाव राहत पहुंचने में खासी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

काम नहीं आया प्रशासन का प्रयास प्रशासन ने इन तहसीलों में एनडीआरएफ की टीमों को तैनात कर दिया है और बाढ़ में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर ऊंचे स्थानों पर पहुंचने का कार्य भी बदस्तूर किया जा रहा है। हर संभव मदद पहुंचाने के लिए प्रशासन कोशिश कर रहा है, लेकिन सभी प्रयास नकाफी साबित हो रहे हैं, वहीं तेज धार के चलते रेलवे ट्रैक कट गया है, सड़क भी कट गई है।हालांकि रेल मार्ग को बचाने की कोशिश प्रशासन के द्वारा की गई थी लेकिन फिर भी वह यह किसी काम नहीं आया।

## छोटी काशी में टीले पर लक्ष्मण जी ने की थी तपस्या

* स्थापित की थी सूर्य देव की प्रतिमा और सीता तीर्थ

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

सरस्वती तट पर बसी मंदिरों की नगरी कही जाने वाली शिवजी की प्रिय नगरी छोटी काशी में अयोध्या के महाराजा दशरथ जी के पुत्र लक्ष्मण जी ने एक विशाल टीले पर तप किया था और टीले पर ही भगवान सूर्य देव की विशाल प्रतिमा और सीता जी के नाम पर सीता तीर्थ की स्थापना की थी इसलिए यह स्थान उन्हीं के नाम पर लक्ष्मणयती के नाम से विख्यात है।गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी पर शोध प्रबंध लिखने वाले साहित्यकार पत्रकार लोकेश कुमार गुप्त ने बताया कि अयोध्या नरेश भगवान श्री राम के आदेश पर वीरवर लक्ष्मण जी सीता जी को वन छोड़ने के लिए गए थे, मां सीता को वन में छोड़ने के बाद लक्ष्मण जी को विशाद उत्पन्न हुआ और वह अयोध्या जाने के बजाय यहां चले आए और निर्जन सुंदर स्थान पर स्थित इस विशाल टीले पर तपस्या करने लगे यहीं पर उन्होंने अपने पूर्वज भगवान सूर्य देव की सुंदर आदमकद पत्थर की प्रतिमा स्थापित की और एक तीर्थ का भी निर्माण किया जिसका नामकरण उन्होंने माता सीता के नाम पर सीता तीर्थ रखा। काफी समय तपस्या करने के उपरांत जब उनका हृदय शांत हुआ तो उन्होंने अयोध्या प्रस्थान किया, कालांतर में इस टीले का नाम श्री लक्ष्मण जी के नाम पर लक्ष्मणयती हो गया।भगवान सूर्य देव की प्रतिमा टीले पर एक मंदिर में स्थापित है जिसका कला शिल्प अद्भुत और मनोहारी है प्रतिमा में सूर्य देव की पत्नी संज्ञा और छाया,उषा, प्रत्यूषा, दंड और पिंगल की आकृतियां भी उत्कीर्ण हैं । भगवान सूर्य देव को नारंगी वस्त्र प्रिय हैं इसलिए श्रृद्धालु प्रतिमा पर बंदन का नारंगी चोला चढ़ाते हैं।छोटी काशी के प्राचीन देवालय से लगभग तीन फर्लांग दूर पूर्व बरेली लखनऊ रेल मार्ग के समीप स्थित लक्ष्मणयती पर पहले मोर और अनेकों प्रकार की सुंदर चिड़ियों का कलरव सुनने को मिलता था मोर तो अब लुप्त हो गए हैं किंतु सुंदर चिड़िया अब भी देखने को मिलती हैं।

सीता तीर्थ जो पक्का बना हुआ है पहले श्रद्धालु इस तीर्थ में स्नान करने के उपरांत भगवान सूर्य देव के दर्शन करते थे तीर्थ अब गंदे पानी के प्रवाह से गंदा हो गया है और जल स्नान करने लायक नहीं है। पहले इस स्थान की देखरेख धर्मादा समिति करती थी बाद में इसकी देखरेख का जिम्मा बाबा रामदास ने ले लिया था किंतु उनके जाने के बाद सब कुछ अव्यवस्थित हो गया है।

## राज्य जलशक्ति मंत्री ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए





जन एक्सप्रेस । सीतापुर

साथ ही जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रेउसा क्षेत्रान्तर्गत बाढ़ प्रभावित गांव जंगल टिपरी का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी महोदय ने उपजिलाधिकारी बिसवां से जानकारी ली कि कितनी आबादी बाढ़ से प्रभावित है। राहत वितरण की स्थिति एवं सभी को भोजन पैकेट पहुंचाये जा रहे हैं के बारे में जानकारी ली। शिफ्टिंग की क्या स्थिति है, यदि पानी ज्यादा हुआ तो आगे की क्या रणनीति है, के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि उक्त व्यवस्थाओं में कमी नही होनी चाहिए। सीएचसी अधीक्षक से जानकारी लिया कि जहाँ पानी कम हो रहा है, वहां क्या उपाय किये जा रहे है, छिड़काव कराया जा रहा है। प्रधान से जानकारी ली कि छिड़काव हुआ है, प्रधान ने बताया कि छिड़काव कराया गया है। खंड विकास अधिकारी से जानकारी ली कि आप क्या कर रहे हो, जहाँ बाढ़ का पानी उतर रहा है, वहाँ सफाई को प्राथमिकता पर कराये। उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि इमरजेंसी लाइट की व्यवस्था कराये तथा यहां सोलर लाइट लगवा दी जायें। तथा बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रो में संक्रमण को देखते हुए दवाईयां वितरित का आदेश दिया।

जनपद के एक दिवसीय दौरे पर आए माननीय राज्य मंत्री जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश श्री रामकेश निषाद ने लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में बाढ़ से बचाव हेतु संचालित योजनाओं के विषय में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों में राहत एवं बचाव हेतु 24 घंटे अलर्ट रहें तथा नियमित निरीक्षण करते रहें। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में संचालित राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की तथा आगामी समय में संभावित बाढ़ के दृष्टिगत राहत एवं बचाव की रणनीतियों की भी चर्चा की। भोजन सामग्री एवं चारे का पर्याप्त वितरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए। राहत किटों का पर्याप्त वितरण समय से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए। माननीय राज्य मंत्री श्री निषाद ने कंट्रोल रूम, राहत शिविरों की स्थापना, पशुओं हेतु की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की एवं प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। माननीय राज्य मंत्री जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश श्री रामकेश निषाद ने जनपद सीतापुर की लहरपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम खानामडोर का स्थलीय निरीक्षण कर वहां के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने तंबौर स्थित गाँजर इंटर कालेज में बनाए गए राहत शिविर को भी देखा। प्रभारी चिकित्साधिकारी को कड़े निर्देश दिए कि प्राथमिक उपचार की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान लहरपुर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम अधीक्षण अभियंता सिंचाई निलेश जैन, अधीक्षण अभियंता सिंचाई डी0 सी0 वर्मा, अधिशासी अभियंता शारदा प्रखण्ड सीतापुर विशाल पोरवाल, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड बाराबंकी शशीकांत सिंह, सहायक अभियंता लघु सिंचाई संदीप कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवर अभियंता के नेतृत्व में रामकोट में चला सघन विद्युत चेकिंग अभियान



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रामकोट कस्बे में विद्युत विभाग के अवर अभियंता नीरज वर्मा के नेतृत्व में बिजली विभाग की टीम ने सघन विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान कस्बे में बिजली के बड़े बकायेदारों से वसूली की गई। साथ ही साथ जिन बकायेदारों द्वारा बकाया राशि नहीं जमा किया गया उन पर कार्यवाही करते हुए उनका विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। विद्युत चोरी करने वालों का विद्युत विभाग के द्वारा भी कार्यवाही की गई। कस्बे में एक लगभग दो किलोवाट की विद्युत चोरी पकड़ी गई है जिसके खिलाफ एफआईआर कर दी गई है। अवर अभियंता नीरज वर्मा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के द्वारा आदेश के अनुसार चेकिंग कराया जा रहा है। विद्युत कनेक्शनों की सघन चेकिंग की जा रही है। जो बिजली चोरी के अनियमितता में पाया जाता है उसके खिलाफ बिजली अधिनियम एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। जांच में यह पाया गया कि बहुत से उपभोक्ता ऐसे हैं कि घर के कनेक्शन को दुकान में इस्तेमाल कर रहे हैं। उन कनेक्शन को घरेलू से कमर्शियल भी किया जा रहा है। लगातार चेकिंग की जाएगी। यह चेकिंग निरंतर चलेगी जिससे जो लाइन लॉसेस हैं उसे कम किया जा सके। इस दौरान नीरज वर्मा ने बताया कि लगभग 70 हज़ार रुपए बकाया की वसूली भी की गई। कोई भी उपभोक्ता अवैध रूप से बिजली का उपयोग नहीं कर पाएगा। यदि कोई ऐसा करता पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि अगर कहीं पर भी कोई भी व्यक्ति बिना विद्युत कनेक्शन के विद्युत का उपयोग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर अनिल यादव, प्रेम सिंह, अंकित शर्मा, हरिनाम उर्फ जर्रू, संदीप वर्मा, मीटर रीडर, डिस्कनेक्शन टीम, आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम ने राजस्व टीम के साथ किया बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । हरदोई

**सवायजपुर।** एसडीएम डॉक्टर अरुणिमा श्रीवास्तव ने गुरुवार को बाढ़ इलाके का निरीक्षण किया। उन्होंने बाबरपुर व लखमापुर में नदियों के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की सम्भवना के मद्देनजर राजस्व टीम के साथ जायजा लिया तथा लोगो को सुरक्षा सम्बन्धी निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व टीम को क्षेत्र में तैनात रहकर हर पल रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।उन्होंने कोटेदारों को भी समय से राशन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बाढ़ राहत चौकियों पर राहत व बचाव कार्य के लिए व्यवस्थाएं मुकम्मल करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोगो से सतर्क व साबधान रहने के लिए अपील की गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सी0एम0 डैशबोर्ड की रैंकिग में जनपद हरदोई को प्रदेश में मिला चौथा स्थान

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मुख्यमंत्री के कार्यालय स्तर पर सी0एम0 डैसबोर्ड की माह जून 2024 की हुई रैंकिग में जिले को प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। यह रैंकिग शासन स्तर से बुधवार 10 जुलाई को जारी की गयी है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन और सतत् पर्यवेक्षण में शीर्ष प्राथमिकता के कार्यक्रमों, योजनाओं में से 85 में ए प्लस श्रेणी, 5 में ए श्रेणी, 27 मे बी श्रेणी, 5 में सी श्रेणी, 19 में डी श्रेणी तथा 21 में ई श्रेणी प्राप्त हुई है। जनपद में राजस्व विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, नेडा, पशु पालन, दिव्यांगजन, उर्जा, स्वास्थ्य, आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स, विभाग, गन्ना विभाग, महिला कल्याण, समाज कल्याण का प्रदर्शन अग्छा रहा।

### डीएम ने की विभिन्न दिव्यांग कल्याण समितियों की बैठक

जन एक्सप्रेस । हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में दिव्यांगजन कल्याण विभाग की विभिन्न समितियों की बैठक हुई। डीएम ने कहा कि अवशेष दिव्यांगों को यूडी आईडी बनाई जाये। उपकरण वितरण के लिए कार्य योजना बनाई जाये। पेंशन हेतु सभी पात्र दिव्यांगों को पेंशन दी जाये। सभी दिव्यांगों को राशन कार्ड उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाये। उनके कौशल विकास व रोजगार पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी विनीत पाण्डेय व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



### डीएम की अध्यक्षता में पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यय में वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाये। गाँधी भवन के जीर्णोद्वार की कार्रवाई की जाये। राजा नरपत सिंह शहीद स्मारक के विकास की कार्य योजना तैयार की जाये। नुमाइश चौराहे का सौंदर्यीकरण कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### राज्य मंत्री व डीएम ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

जन एक्सप्रेस । हरदोई। राज्यमंत्री उग्च शिक्षा रजनी तिवारी तथा जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने गर्रा नदी की बाढ़ से प्रभावित ग्राम उमरिया कैथानी का भ्रमण किया तथा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओ के बारे में जाना। जिलाधिकारी ने चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए कि गांव में बीमारों की जांच कर दवा उपलब्ध कराये और पेय जल को शुद्ध करने के लिए कलोरीन की गोलियां वितरित की जाये। उन्होने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये प्रभावित परिवारों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर ले भेजे और उनके अस्थायी रूप से रहने व खाने आदि की उचित व्यवस्था कराई जाये एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सभी विद्यालय बन्द किये जाएं। पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि पशुओं के भूसे चारे आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जाये। पशुओं के सुरक्षित स्थान पर ठहरने की उचित व्यवस्था करायी जाये। माननीय मंत्री व जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगो के मकान बाढ़ से कट गए हैं और उनका अन्यत्र कहीं आवास नहीं है उन्हें आवास दिलाया जाये। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भाष्कर व बीडीओ शाहाबाद के साथ नाव से बाढ़ की स्थिति देखी। उन्होंने उमरिया कैथानी के बाद हसुआ पुर में ग्रामीणों से बात कर प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया तथा उनसे सतर्क रहने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दी जाये। जिम्मेदार अधिकारी लगातार प्रभावित क्षेत्र में रहें। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी व जिला सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।



## गर्रा नदी में जल वृद्धि से दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में



* कई सम्पर्क मार्गो पर जलभराव से आवागमन ठप

जन एक्सप्रेस । हरदोई

बाढ़ ने हर तरह कोहराम मचा रखा है। 16 गावों से अधिक गावं बाढ़ से परेशान है। उसके बाद भी भी शासन प्रशासन की कोई मदद न मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश है। कहारकोला गावं में ग्रामीणों की माने तो सुबह से न तो मेडिकल टीम गावं पहुंची है और न ही कोई अधिकारी ने गावं पहुंचकर हाल लिया है। ग्रामीणों में गुस्सा है।

पाली। गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गावं बाढ़ की चपेट में आ गए है। कुछ गांवों के मुख्य मार्गो पर पानी भरने से आवागमन भी ठप है। कहीं ग्रामीण नाव से तो कहीं पर जान जोखिम में डालकर पाइप के बंडल पर बैठकर नदी पार कर रहे है। हर तरफ पानी होने से ग्रमीण खौफजदा हैं। क्षेत्र का कहारकोला गावं भी बढ़ते जलस्तर से 16 साल बाद एक बार फिर टापू में तब्दील हो गया है। हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। बृहस्पतिवार को गावं के अंदर जाने वाले मुख्य मार्ग की पुलिया गर्रा नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी में पूरी तरह से डूब गई है। नदी का पानी रास्ते के ऊपर से चल रहा है। आवागवन को लेकर ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही नही गावं के अंदर गलियारों में स्कूल में भी पानी भर गया है। ऐसे में ग्रामीणों के सामने समस्या खड़ी हो गई है। ग्रामीण नाव का सहारा लेकर रास्ता पार कर रहे है। नदी किनारे वसीहत होने के कारण कहारकोला गावं हर वर्ष बाढ़ से ग्रसित हो जाता है। गावं के बुजुर्ग बैजनाथ, विनोद, कृष्ण कुमार, नवलकिशोर आदि ने बताया कि इससे पहले 2008 में इसी तरह बाढ़ आई थी। बताया ठीक उसी तरह 16 साल बाद एक बार फिर बाढ़ का रूप देखने को मिल रहा है। लगातार नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार अगर इसी रफ्तार से जलस्तर में बढ़ोतरी होती रही तो स्थिति और भयानक हो जाएगी। ग्रामीणों के सामने रोजमर्रा के कार्यों को पूरा करने के लिए मुसीबतें खड़ी हो गई है। कहारकोला में रास्ता पार करने के लिए एक नाव लगाई गई है। ग्रामीण नाव का सहारा लेकर रास्ता पार कर रहे है। गावं के पश्चिम में पानी भरने से लोग छतों पर हैं। शासन प्रशासन के लचर रवैये को देखते हुए ग्रामीणों में आक्रोश है। पाली इलाके के केवलपुर, बैजूपुर, शंकरपुर, बाबरपुर, अतरजी, परेली, रणधीरपुर, सूरापुर ललुआपुर, ख़्वाजगीपुर, उमरिया, चंद्रमपुर, कपूरपुर, कूंड़ी, खेरिया, नरभा, वीरमपुर, बेगराजपुर, बरगदिया, धर्मपुर सहित अन्य कई गावं भी बाढ़ की चपेट में है। यहां भी बाढ़ से कटान हो रहा है।

### राजकीय पॉलिटेक्निक सण्डीला का निरीक्षण 12 जुलाई को: सीडीओ

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने अवगत कराया है कि उनके द्वारा 12 जुलाई 2024 को राजकीय पॉलिटेक्निक सण्डीला तथा परिसर में निर्मित 60 सीटेड महिला छात्रावास का निरीक्षण किया जायेगा। उन्होने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड, सिंचाई, विद्युत, यूपी सिडको तथा प्रधानाचार्य पॉलिटेक्निक को निर्देश दिये है कि निरीक्षण के दौरान अद्यतन सूचनाओं सहित उपस्थित रहें।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक निरस्त होने से गरमाया माहौल सीतापुर सांसद संग ब्लॉक प्रमुख ने दिया धरना





* आधा सैकड़ा बी डी सी भी धरने में रहे मौजूद

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

सांसद राकेश राठौर ने ब्लॉक के अधिकारियों पर भृस्टाचार के गम्भीर आरोप लगाए, तथा उन्होंने कहा कि जिले के सभी ब्लॉकों में भृस्टाचार चरम सीमा पर फैला हुआ है साथ ही खैराबाद ब्लॉक में भी फैले भृस्टाचार को उजागर करने को कहा। महमूदाबाद में क्षेत्र जिला पंचायत सदस्यों के साथ गुरुवार को होने वाली खुली बैठक कोरम पूरा न होने के चलते स्थगित हो गई। बीडीओ श्रीश गुप्त ने बताया के 26 जून को एजेंडा जारी करके 11 जुलाई गुरुवार को खुली बैठक का आयोजन किया गया था किंतु 83 के सापेक्ष 25 क्षेत्र पंचायत सदस्य व 27 प्रधान ब्लाक पहुंचे थे। कोरम पूरा न होने के चलते बैठक निरस्त कर दी गई। बीडीओ ने बताया कि बैठक की अगली तारीख के लिए पुनः एजेंडा जारी किया जाएगा।

महमूदाबाद। पूर्व निर्धारित क्षेत्र पंचायत की बैठक अपरिहार्य कारणों के चलते निरस्त किए जाने का आदेश देररात सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गुरुवार की सुबह हड़कंप मच गया। सुबह 10 बजे ब्लाक प्रमुख पहला करीब आधा सैकड़ा बीडीसी सदस्यों के साथ ब्लाक परिसर पहुंचे किंतु ब्लाक के सारे अधिकारी नदारद मिले। इसके बाद आक्रोशित क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्यों, प्रधान ब्लाक प्रमुख संग परिसर में धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। सुरक्षा की दृष्टि से दो सीओ, चार थानेदार, पीएसी लगाई गई। दोपहर करीब एक बजे सांसद सीतापुर भी ब्लाक परिसर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। सांसद के करीब एक घंटे धरने पर बैठने के बाद मौके पर पहुंची एसडीएम महमूदाबाद को ज्ञापन सौंपा गया और उसके बाद धरना समाप्त हो गया। बताते चलें कि 26 जून को बीडीओ द्वारा एजेंडा जारी कर ब्लाक पहला में गुरुवार 11 जुलाई को क्षेत्र, जिला पंचायत सदस्यों की बैठक के लिए सूचना दी गई थी। बैठक संपन्न कराने के लिए ब्लाक पमुख पहला ने पूरी ताकत झोंक दी और सभी सदस्यों को बैठक में पहुंचने की सूचना दी। बुधवार की रात करीब 11 बजे बीडीओ ने अपरिहार्य कारणों से बैठक निरस्त करने का आदेश वाट्सऐप पर जारी कर दिया। वाट्सऐप पर आदेश प्रसारित करने के बाद बीडीओ ने अपना निजी व सीयूजी नंबर बंद कर लिया। सुबह होते-होते बैठक निरस्त होने की सूचना क्षेत्र में फैल गई। बिना किसी कारण के बैठक निरस्त किए जाने के बाद आक्रोशित ब्लाक प्रमुख रावेंद्र उर्फ अजय यादव गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे आधा सैकड़ा से अधिक बीडीसी, जिला पंचायत सदस्यों और प्रधानों के साथ ब्लाक जा पहुंचे और धरने पर बैठ गए। धरने में खंड विकास अधिकारी व अन्य अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। सूचना मिलते ही सीओ महमूदाबाद दिनेश शुक्ल, सीओ सिधौली आलोक प्रसाद, प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह, सदरपुर राकेश सिंह, थानाध्यक्ष रामपुरकलां नवनीत मिश्र, कमलापुर रोहित दुबे भारी पुलिसबल के साथ ब्लाक पहुंच गए। भीड़ को देखते ही पीएसी भी मौके पर बुला ली गई और ब्लाक मुख्यालय को जाने वाले रास्ते पर तीन जगह बैरीकेट्स लगा पुलिस तैनात कर दी गई।

दोपहर करीब डेढ़ बजे सांसद सीतापुर राकेश राठौर ब्लाक परिसर जा पहुंचे और जमीन पर बैठकर धरने में शामिल हो गए। सांसद ने कहा कि भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम हो गए हैं, उनपर कोई निरंकुश नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि ब्लाक पहला के भ्रष्ट अधिकारियों बीडीओ व जेई के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआई और आयकर विभाग से शिकायत करूंगा और संसद में भी जवाब मांगूगा। करीब ढाई बजे पहुंची एसडीएम महमूदाबाद शिखा शुक्ला को सांसद व ब्लाक प्रमुख ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

## युवराज हन्याकांड: पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार कर भेजे जेल

जन एक्सप्रेस । हरदोई



**पाली।** पाली के युवराज हत्याकांड मामले में पाली पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया। जबकि 4 बाल अपचारियों को पकड़ने के अलावा एक आरोपी को मुठभेड़ में पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। आपको बता दे कि पाली के इस्माइलपुर गांव के युवराज सिंह की पाली के मोहल्ला विरहाना में अदनान खां व उनके साथियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में युवराज के ताऊ ने अदनान सहित तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने इस मामले में चार बाल अपचारियों को पकड़ लिया था।वहीं युवराज़ हत्याकांड में आईपीसी की धारा 120 बी को बढ़ाते हुए पुलिस ने जांच के दौरान कामरान को आरोपी बनाया, पाली पुलिस ने कामरान को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया था, पुलिस द्वारा जबाबी कार्यवाई के दौरान कामरान के पैर में गोली लगी थी। पाली थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि युवराज हत्याकांड में अदनान के पिता इकराम खां पुत्र दौलत खां व अदनान का भाई फैज खां पुत्र इकराम खां मोहल्ला बाजार को जांच के दौरान आरोपी पाए जाने पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार पिता-पुत्र को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश किया गया, जहां से दोनों को जिला कारागार में निरुद्ध कर दिया गया।

गोरखपुर के दक्षिणांचल के ऊसर में उगेगी उद्योगों की फसल

# धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को साल के अंत तक लांच करने की तैयारी

✱ सीएम के विजन के अनुरूप नोएडा की तर्ज पर ग्रेटर गीडा विकसित करने की कार्ययोजना

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के मुताबिक आने वाले समय में गोरखपुर को इंडस्ट्रियल हब बनाने के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को आकार देने हेतु प्रक्रियात्मक कार्य तीव्र कर दिया है। गीडा की तैयारी इस साल के अंत तक इंडस्ट्रियल टाउनशिप के पहले चरण को लांच कर देने की है। इस क्रम में अधिसूचित गांवों में भूमि अर्जन की कार्यवाही तेज कर दी है। पहले चरण में सकरदेईया, हरपुर और काश्तकाशीनायक गांवों में करीब 1600 एकड़ भूमि अर्जित होनी है।

### सत्रह गांवों की 5754 एकड़ ऊसर भूमि पर बसाया जा रहा है इंडस्ट्रियल टाउनशिप

धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप को 17 ग्रामों की 5754 एकड़ भूमि में बसाया जाएगा। इस टाउनशिप का विकास चरणबद्ध तरीके से किया जाना है। मास्टर प्लान के मुताबिक कुल क्षेत्रफल में 32.04 प्रतिशत क्षेत्र औद्योगिक, 19.39 प्रतिशत आवासीय, 6.51 प्रतिशत पीएसपी, 4.21 प्रतिशत व्यावसायिक, 15.70 प्रतिशत हरित-खुला क्षेत्र, 2.32 प्रतिशत मिश्रित, 4.17 प्रतिशत ट्रांसपोर्ट सुविधाओं के लिए प्रस्तावित है। फिलहाल पहले चरण के लिए तीन गांवों में करीब 1600 एकड़ भूमि क्रय करने के लिए गीडा की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है।

### सरकार का है मिशन, ऊसर बंजर भूमि पर मिले रोजगार के भरपूर छांव

उत्तर प्रदेश सरकार के मंशानुरूप उपजाऊ जमीन फसलों के माध्यम से सोना उगले और ऊसर-बंजर धरती पर उद्योगों के जरिये रोजगार की भरपूर छांव मिले, इसी फॉर्मूले के तहत ग्रेटर गीडा के रूप में धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का खाका खींच चुकी है। इस टाउनशिप को बसाने के लिए जिन 17 गांवों में जमीनों का अधिग्रहण किया जा रहा है, वह भूमि परती पड़ी रहती हैं। यानी किसानों के लिए अनुपजाऊ। अब तक सिर्फ रकबे में गिनी जाने वाली ये जमीनें किसानों को भरपूर रकम दिलाकर मालामाल करेंगड्डी।

### गोरखपुर की ओर निवेशकों का बढ़ा रुझान

बताते चलें कि बीते सात सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का गोरखपुर की तरफ रुझान देखते हुए सीएम योगी के मार्गदर्शन में धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। धुरियापार क्षेत्र में जमीनों का एक हिस्सा ऊसर प्रकृति का है। किसानों के ऊसर जमीनों का ही अधिग्रहण किया जा रहा है। इससे उन्हें अनुपजाऊ भूमि का भरपूर मूल्य प्राप्त होगा और ऊसर धरती पर औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार और खुशहाली की फसल लहलहाएगी।

### गेम चेंजर साबित होगा धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप: अनुज मलिक

गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनुज मलिक बताती हैं कि धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के लिए भूमि अर्जन की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। अब तक 300 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हो चुका है और बाकी के लिए भी प्राधिकरण लगातार काम कर रहा है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी का मानना है कि मूर्त रूप में आने के बाद यह इंडस्ट्रियल टाउनशिप धुरियापार समेत समूचे गोरखपुर दक्षिणांचल के लिए गेम चेंजर साबित होगी। धुरियापार की पहचान अति पिछड़े क्षेत्र के रूप में रही लेकिन आने वाले दिनों में इसकी ख्याति गोरखपुर के नए औद्योगिक क्षेत्र के गेटवे के रूप में होगी। बीते सात सालों में देश-दुनिया के कई निवेशकों का रुझान गोरखपुर की तरफ देखते हुए सरकार धुरियापार क्षेत्र को ग्रेटर गीडा बनाने की तैयारी कर रही है। औद्योगिक विकास के साथ ही यहां रोजगार की बहार भी बहेगी।

### दक्षिणांचल के औद्योगिक विकास को लेकर योगी सरकार संजीदा: कमलेश पासवान

भारत सरकार के ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि गोरखपुर दक्षिणांचल के औद्योगिक विकास को लेकर सीएम योगी काफी संजीदा है। धुरियापार की बंद पड़ी चीनी मिल के कुछ हिस्से में इंडियन ऑयल की तरफ से कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट लगाया जा चुका है। इस प्लांट के बाद धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मूर्त रूप में आने के बाद इस क्षेत्र का कायाकल्प हो जाएगा।

# पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर ने पुलिस अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक




जन एक्सप्रेस। देवरिया

पुलिस लाईन मीटिंग हॉल में पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर आनंद कुलकर्णी द्वारा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा की उपस्थिति में समस्त अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष संग आगामी त्यौहारों, कांवड़ यात्रा व मोहर्रम के दृष्टिगत समीक्षा बैठक करते हुए आवश्यक तैयारियों व जिम्मेदारियों को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि पुलिस बल की ड्यूटी क्षेत्र का भौतिक सत्यापन पूर्ण रूप से कर उसके अनुसार लगायी जाये तथा प्रत्येक दिवस में पुलिस कर्मी अपने अपने क्षेत्र में पैदल गस्त करते रहें साथ ही प्रभावी कार्यवाही भी करें।
बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी दिपेन्द्र नाथ चौधरी, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी भीम कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी, क्षेत्राधिकारी रूद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सलेमपुर दीपक शुक्ला, क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी शिवप्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी बरहज आदित्य कुमार गौतम, प्रतिसार निरीक्षक विजय राज सिंह, आशुलिपिक उपनिरीक्षक अफजल खां आदि उपस्थित रहे।

# कर करेत्तर शत-प्रतिशत किया जाए वसूल: एडीएम वित्त

✱ दुकानों के कंप्यूटर में लगाएं डिवाइस, जिससे मूल बिक्री का हो हिसाब

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिसमें कर को बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कर करेत्तर अधिकारियों को शत प्रतिशत राजस्व वसूली करने का निर्देश दिया।
एडीएम वित्त ने अधिकारीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि किराना, मिठाई, दवाई सहित अन्य दुकानों पर कर वसूली को बढ़ाने के लिए कंप्यूटर में ऐसा डिवाइस लगाया जाए जिसको संबंधित अधिकारी कभी भी जाकर चेक कर सके कि उनके कंप्यूटर से कितनी पर्चियां निकली हैं, जिससे दुकानों पर होने वाली कर चोरी रोकी जा सकती है और राजस्व वसूली अधिक से अधिक बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह तभी संभव है जब संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए दुकानों पर होने वाली बिक्री को सही तरीके से ना दर्शा कर कंप्यूटर में करों को कम दर्शा कर दुकानदारों द्वारा चोरी करने का कार्य किया जाता है इस को रोकना नितांत आवश्यक है कर अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रतिदिन रूटीन के विपरीत दुकानों को चेक कर राजस्व वसूली को शत प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें।
एडीएम वित्त श्री सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से राजस्व वसूली में तेजी लाए जाने को कहा इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 100 फीसदी वसूली का कार्य पूरा करें। कर करेत्तर, वाणिज्यकर, स्टांप एवं निबंधन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, वन विभाग, मनोरंजन कर विभाग, चीनी उद्योग एवं गन्ना विभाग, खनन, कृषि विपणन, मंडी समिति, लोक निर्माण विभाग व भू- राजस्व, नगर विकास, सिंचाई आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# एनडीए सरकार में हुआ है सर्वसमाज का सर्वांगीण विकास: केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री

✱ मतदाताओं ने एनडीए सरकार तीसरी बार जताया भरोसा- ई. सरवन निषाद

जन एक्सप्रेस। चौरी चौरा, गोरखपुर



बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी एवं निषाद पार्टी द्वारा मतदाता अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में चौरी चौरा के यशस्वी विधायक ई. सरवन निषाद रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह ने किया, संचालन ओमप्रकाशधर दिवेदी ने किया। समारोह में उपस्थित मतदाताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ अनेकों कार्य किया है, जो अन्य किसी सरकारों ने नहीं किया है। केंद्रीय मंत्री श्री पासवान ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रत्येक समाज को मिल रहा है।

### दलित समाज का पूर्व की सरकारों में किया उत्पीड़न-विधायक

चौरी चौरा विधायक ई. सरवन निषाद ने मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि एनडीए पर तीसरी बार मतदाताओं ने भरोसा जताया है। और जो भी वादे अधूरे रह गए हैं उसको जल्द पूरा किया जाएगा विकास के नाम पर लोगों ने तीसरी बार मौका दिया है तो आगे भी विकास कार्य किए जाएंगे। विधायक ने विपक्षियों पर बरसते हुए कहा कि विपक्ष ने संविधान के नाम पर जनता को भ्रमित करने का काम किया है मतदाताओं को गुमराह कर वोट लिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकारों में दलित ,शोषित समाज के साथ सरेआम उत्पीड़न किया जाता था और एनडीए सरकार में बिना भेदभाव प्रत्येक व्यक्ति को न्याय मिल रहा है। विधायक ने सभी कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

# 'एक पौधा मां के नाम', पौधारोपण का लक्ष्य पूरा करें सभी विभाग: मंडलायुक्त

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर




मंडलायुक्त ने मण्डल के समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए निर्देशित किया और कहा कि यह स्वच्छ व सुंदर पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहे व पेयजल के लिए समस्याओं का सामना ना करना पड़े, इसके लिए पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा जरूर करें। मंडलायुक्त ने संबंधित विभागों को दिए गए लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, सीडीओ संजय कुमार मीना, डीएफओ विकास यादव ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/आनन्दनगर महराजगंज।** फरेंदा- वृजमनगंज मार्ग के अद्रौवना गांव के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की बीती रात मौत हो गई। बताया जाता है कि बीते रात्रि को 10 बजे के लगभग आदर्श मणि त्रिपाठी पुत्र विनोद मणि त्रिपाठी 24 वर्षीय निवासी बांसगांव थाना उरुवा बाजार, अपनी बाइक से बृजमनगंज क्षेत्र के एक रिश्तेदारी में जा रहा था जैसे ही यह फरेंदा -बृजमनगंज मार्ग के अद्रौवना गांव के सामने पहुंचा कि अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल। अवस्था में सीएचसी बनकटी लाया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की पुष्टि करते हुए बृजमनगंज थाना प्रभारी श्याम सुंदर तिवारी ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक ने नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कक्ष का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज




महराजगंज पुलिस अधीक्षक डॉक्टर सोमेंद्र मीणा ने फरेंदा कोतवाली स्थित नवनिर्मित प्रभारी निरीक्षक कक्ष का गुरुवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। पुलिस अधीक्षक ने कक्ष के बेहतरीन नजारे को देखकर सराहना करते हुए कहा कि प्रभारी निरीक्षक कक्ष का निर्माण पूर्व ग्राम प्रधान विनोद चौधरी के सहयोग से बनकर तैयार हुआ हैं,जों सराहनीय कार्य हैं। उन्होंने कहा कि अब इस कक्ष में प्रभारी निरीक्षक के बैठने के साथ फरियादियों के समस्याओं का निस्तारण भी किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अंकित ने शुरू कराया, पूरा अभिषेक ने कराया हैं। अंत में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में मुहर्रम को देखते हुए क्षेत्र की सभी सीसीटीवी कैमरों को ठीक कराने व अन्य जगहों पर भी लगाने के लिए निर्देशित किया। प्रभारी कक्ष के निर्माण की नींव 25 मार्च 2024 को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक अंकित सिंह के द्वारा रखीं गई थी। पूर्व ग्राम प्रधान विनोद चौधरी के सहयोग व अभिषेक सिंह के मेहनत और लगन से प्रभारी निरीक्षक कक्ष का निर्माण कार्य तीन महीने के अंदर पूरा हो गया। इस दौरान फरेन्दा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार, प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिंह, सोनौली कोतवाल अंकित सिंह, चौकी इंचार्ज गंगाराम यादव, उपनिरीक्षक शम्भूनाथ सिंह, रमेश पूरी, सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बयान देने पर महिला पर हमला करने वाले दबंगों के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस। जंगल कौड़िया



पीपीगंज थाना क्षेत्र के रायपुर गांव की विवाहिता ने गांव के ही कुछ लोगों के खिलाफ आरोप लगाया था कि न्यायालय में बयान देने के रंजिश के चलते उसके और उसके पति के ऊपर हमला किया गया था। दिए गए तहरीर के आधार पर पीपीगंज पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा संख्या 115(2), 352, 351(3), 309(4), 74,110, 324(2) और 333 के अंतर्गत गोविंद, जयहिंद और दुर्गावती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कर रही है।
पीड़िता ने पीपीगंज पुलिस को तहरीर में बताया है कि गांव के ही अरविन्द के खिलाफ धारा 323, 354, 452, 504 और 506 में उसने मुकदमा पंजीकृत कराया था। 8 जुलाई को न्यायालय में बयान दिया था जिसकी रंजीश को लेकर मंगलवार की रात में अरविन्द, गोविन्द, जयहिन्द व दुर्गावती देवी एक राय व गोलबंद हो लाठी डण्डा पंच व धारदार हथियार लेकर गाली गुस्रा देते हुए पीड़िता के दरवाजे पर चढ़ आये उसे व उसके पति ने इन लोगो के भय से अपने घर में आकर दरवाजा बन्द कर लिया। जयहिन्द, गोबिन्द व दुर्गावती जान से मारने की नियत से हमें मारते पिटते हुवे लज्जा भंग करते हुये अर्धनग्न कर दिये और मेरा का सोने का मंगल सूत्र जबरदस्ती छीन लिये और विरोध करने पर हमारे 7 माह के लड़के को छीन कर तलाब मे फेंकने के लिए ले जाने लगे हमारे पति के द्वारा विरोध करने पर बच्चे व हमको बचाने का प्रयास किया तो सभी लोग पति को भी मारपीट कर घायल कर दिये जिससे वह बेहोश हो गये इसके बाद शोर मचाने पर व गांव के लोगों के जुटने पर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

## गुरु गोरखनाथ से गुरु के आदर्शों पर सीएम योगी को चलने हेतु

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर आज गोरखपुर आयेंगे. यहां वे गोरखनाथ मंदिर जाकर मौजूदा पीठाधीश्वर और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के गुरु गोरखनाथ के आदर्शों पर वास्तविक रूप से चलने हेतु प्रार्थना करेंगे। उन्होंने बताया कि संकीर्ण संप्रदायगत मनोवृत्तियों को समाप्त कर वृहद मानव समाज का निर्माण करने वाले गुरु गोरखनाथ, जिन्हें मलिक मोहम्मद जायसी ने सिद्धि का पर्याय कहा था, उनकी पीठ के मौजूदा पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ दलगत और वर्गगत विभेदों से परे होकर गुरु के वास्तविक आदर्शों पर चलें, इस लिए मैं प्रार्थना करुंगा।. आजाद अधिकार सेना सुप्रीमो अमिताभ ठाकुर सायं 4 बजे प्रेस वार्ता भी करेंगे तथा दरियाचक वार्ड जाकर वहां के पार्षद एवं भ्रष्टाचार से पीड़ित वार्डवासियों से मुलाकात करेंगे।

# राम के चौदह वर्ष वनवास की पीड़ा नहीं सहन कर सके राजा दशरथ: आचार्य मनोहर कृष्ण



जन एक्सप्रेस। गोला गोरखपुर

तहसील क्षेत्र के सखारुआ में अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में चल रहे श्री हनुमत महायज्ञ एवं पंचमुखी हनुमान प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त आयोजित श्री राम कथा में वृंदावन से पधारे कथा वाचक आचार्य श्री मनोहर कृष्ण महराज ने कथा छठे दिन भगवान श्री राम के वन गमन और राजा दशरथ के विक्षोह की कथा का रसपान कराते हुए कहा कि कैकेई के द्वारा प्रभु श्री राम को 14 वर्ष का वनवास व भरत को गद्दी सौंपने की बात सुनकर राजा दशरथ को सहन नहीं हुआ और वे मूर्छित होकर जमीन पर गिर पड़े ।राम को पता चला तो राजा दशरथ को उन्होंने अनेक प्रकार से समझाने का प्रयास किया। लेकीन राजा दशरथ नहीं चाहते थे कि राम वन जाएं। राम उनके वचन को पूरा करने के लिए पत्नी सीता व लखन लाल के साथ वन के लिए प्रस्थान कर लिए, जिसे राजा दशरथ सहन नहीं कर सके।इस दौरान पंडित विकास मिश्र, रामराज मिश्र, उमाशंकर मिश्र, परमहंस पांडेय, सुनील दुबे,घनश्याम मिश्र सहित हजारों भक्तों ने कथा का रसपान किया।

# संभावित बाढ़ क्षेत्र तहसील टांडा पहुंच कर जिलाधिकारी ने लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर



जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने संभावित बाढ़ क्षेत्र तहसील टांडा के गांव माझा उल्टहवा पहुंच कर मौके का जायजा लिया। गांव माझा उल्टहवा का जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया इस संभावित बाढ़ क्षेत्र में लगभग हर वर्ष बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बाढ़ आने के पूर्व सभी तैयारियां जिला प्रशासन की तरफ से किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से वार्ता कर सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के मिलने वाले लाभ के बारे में पूछा। इस दौरान जिलाधिकारी ने राशन कार्ड, शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना तथा अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी लिया गया। मौके पर ग्राम प्रधान ने अवगत कराया कि जिला प्रशासन की तरफ से सभी व्यवस्था समय से कर दी जाती हैं। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन घरों में शौचालय, आवास अभी तक नहीं बना है ऐसे घर को चिन्हित कर पात्र लाभार्थी को लाभान्वित किया जाए। जिलाधिकारी के पूछे जाने पर मौके पर उपस्थित कोटेदार ने अवगत कराया कि इस गांव में राशन कार्ड धारक को राशन समय से वितरित किया जाता है। पशु चिकित्सक को निर्देशित किया गया कि गांव में जिन पशुओं का वैक्सीनेशन तथा ईयर टैगिंग अभी तक नहीं हुआ है उन पशुओं को चिन्हित कर शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराया जाए।

साथ ही साथ संभावित बाढ़ के मद्देनजर भूसा आदि का बंदोबस्त किया जाए। बाढ़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने पांच स्टीमर देने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे बाढ़ के समय यहां के ग्रामीणों को आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उनके खाने-पीने और उजाले की व्यवस्था के लिए शासन से मिट्टी का तेल मांग किया जाए जिससे लाइट न रहने पर मिट्टी के तेल से दीपक जला सके। उप जिलाधिकारी टांडा को निर्देशित किया गया कि उजाले के लिए पेट्रोमैक्स की व्यवस्था कराया जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि गांव में चिकित्सा अधिकारी से भ्रमण कराते रहें जिससे ग्रामीणों को इलाज के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता होती रहे। ग्राम प्रधान एवं सेक्रेटरी को जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि गांव में निरंतर साफ-सफाई, एंटी लारवा का छिड़काव, आदि कराते रहें। गांव में किसी प्रकार की गंदगी नहीं दिखनी चाहिए, साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी गई। जिलाधिकारी द्वारा गांव में बने प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से वार्ता किया गया। तथा उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछताछ किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि संभावित बाढ़ के दौरान ग्रामीणों को शासन द्वारा सभी सुविधाएं तत्काल और पर्याप्त दी जाएंगी। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी टांडा मोहन लाल गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी टांडा, तहसीलदार, सेक्रेटरी, लेखपाल, ग्राम प्रधान, कोटेदार, आशा एवं ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।

## आबकारी सिपाही ने कैंटीन संचालक को पीटा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कैंटीन संचालक को आबकारी विभाग के सिपाही ने पीट दिया। आरोप है कि सिपाही जबरन गल्ले में हाथ डाल रहा था। युवक ने इसका विरोध किया, तो उसकी पिटाई लगा दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। शाहगंज के नरीपुरा में देसी शराब के ठेके में अजय कुमार कैंटीन चलाते हैं। बुधवार रात को कैंटीन पर आबकारी विभाग का सिपाही प्रदीप आया। प्रदीप ने आते ही इधर उधर से सामान उठाना शुरू कर दिया। वहां मौजूद युवक ने सिपाही को टोका। इसके बाद भी सिपाही नहीं माना। आरोप है कि सिपाही ने इसके बाद कैंटीन के गल्ला खोल कर उसमें हाथ डाल दिया। इस पर युवक ने ऐतराज जताया। सिपाही ने युवक की पिटाई लगा दी। जांच को गुरुवार दोपहर को टीम जांच को पहुंची। कैंटीन संचालक का आरोप है कि आरोपी सिपाही भी साथ में मौजूद था।

## चकबंदी में हुए फर्जीवाड़े से नाराज किसानों ने डीडीसी कोर्ट के सामने किया प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

जिले की कादीपुर तहसील में चकबंदी के दौरान बड़ी फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। गुरुवार को बड़ी संख्या में भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट परिसर में बने डीडीसी कोर्ट के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान डीडीसी कोर्ट में अफरा तफरी का माहौल बना रहा। किसानों का सीधा आरोप था की कादीपुर तहसील के पाकड़पुर क्षेत्र में चकबंदी के दौरान काफी फर्जीवाड़ा हुआ है। जिसके विरोध में गुरुवार को किसान प्रदर्शन करने को मजबूर हुए हैं। इस दौरान किसान नेताओं व अधिकारियों की तीखी नोंकझोंक भी हुई। किसान अपने मांग पर अड़े रहे किसानों की नाराजगी को देखते हुए उपसंचालक चकबंदी आलोक कुमार सिंह ने कहा की पूरे मामले की जांच होगी और जो भी कर्मचारी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने कहा किसानों की मांग के अनुरूप उन्हे न्याय दिया जाएगा।

## डिजिटल हाजिरी के विरोध में शिक्षकों ने शुरू किया हस्ताक्षर अभियान

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



जिले के समस्त विकास खण्डों के ब्लॉक संशाधन के केंद्रों पर परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षक/शिक्षिका शिक्षामित्र अनुदेशक तथा अनुचरो ने शासन द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति के लिए जारी आदेश को वापस लिए जाने तक के संघर्षों में साथ देने के लिए दो दिवसीय हस्ताक्षर अभियान के प्रथम दिवस में सभी बी आर सी पर अध्यापकों नर प्रतिभाग किया। अपना हस्ताक्षर करके सहमति /असहमति जताई। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला प्रवक्ता निज़ाम खान ने बताया महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ प्र के पत्र दिनाँक 18 जून 2024 एवं 5 जुलाई 2024 के माध्यम से शिक्षकों को डिजिटल उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा परिषदीय विद्यालयों की भौगोलिक स्थिति एव आवागमन हेतु दुर्गम मार्गो तथा यातायात के साधन के अभावों को नजरअंदाज करते हुए निर्गत किये गए उक्त पत्र में उल्लेखित निर्देशो पर शिक्षकों में असंतोष की भावना उत्पन्न हो गयी है। अव्यहारिक दमनकारी नीति ऑनलाइन उपस्थिति आदेश से शिक्षक असहज महसूस कर रहे है। 8 जुलाई से शिक्षक लगातार ऑनलाइन उपस्थिति की जगह ऑफलाइन हाजिरी उपस्थिति पंजिका पर दे रहे है इस प्रणाली के विरोध में बाह में काली पट्टी बांध कर स्कूलों में शिक्षण कार्य सम्पादित कर रहे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों में व्याप्त असन्तोष को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षकों उनकी सहमति /असहमति प्राप्त करने का निर्णय लिया ।उक्त व्यवस्था के प्रति शिक्षकों में आक्रोश है सेवा शर्तो में परिवर्तन होने तक डीजिलाइटेशन सम्बन्धी आदेशो के क्रियान्वयन के प्रति जनपद के हजारों शिक्षकों ने प्रारूप पर हस्ताक्षर करके सहमति/असहमति व्यक्त किया।

## आईपीआर उल्लंघन: मेट्रो ब्रांड्स ने तेज की नकली उत्पादों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस। आगरा



भारत के प्रमुख फुटवियर रिटेलर्स में से एक मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड ने अपनी सतर्कता बढ़ा दी है और अपने आईपीआर उल्लंघन के खतरे से निपटने के लिए कानूनी कार्रवाई का सहारा ले रहा है। हाल ही में मेट्रो ब्रांड्स ने आगरा में 'कृष्णा फुटवियर' स्टोर पर छापेमारी करके अपने उत्पादों की अवैध बिक्री पर नकेल कसी। इस स्टोर में मेट्रो ब्रांड्स के उत्पादों को बिना अनुमति के बेचा जा रहा था, जिससे कंपनी की ब्रांड अखंडता और विश्वास पर आंच आ रही थी। अप्रैल 2024 के बाद से आगरा में कानूनी टीम द्वारा तीन महीनों में यह दूसरी कार्रवाई है।

एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, मेट्रो ब्रांड्स की कानूनी टीम ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर एक औचक छापेमारी की और मेट्रो ब्रांड्स के ट्रेडमार्क वाले उत्पादों को जब्त कर लिया। जांच में अनधिकृत स्टॉक का पता चला, जिसके बाद कंपनी ने कानूनी सहारा लेने का फैसला किया।

मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड की उपाध्यक्ष (कानूनी एवं कंपनी सचिव) दीपा सूद ने कहा, ÷हम अपने ब्रांड और बौद्धिक संपदा अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम नकली उत्पादों और ट्रेडमार्क उल्लंघन के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करेंगे ताकि अनधिकृत गतिविधियों को रोका जा सके।÷

मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड ने अवैध उल्लंघनों से लड़ने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता लगातार प्रदर्शित की है। साथ ही आईपीआर उल्लंघनों का पता लगाने और सख्त कार्रवाई करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं ताकि अपने ब्रांड की अखंडता और अपने ग्राहकों के विश्वास की रक्षा की जा सके। कंपनी की सतर्कता और नकली उत्पादों और ट्रेडमार्क उल्लंघन से लड़ने का संकल्प अडिग है।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत करें आवेदन




जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय दस्तकारों एवं पारम्परिक करीगरों के विकास हेतु विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत प्रशिक्षण देकर टूलकिट प्रदान किया जा रहा है डिप्टी कमिश्नर एस सिद्दीकी ने बताया कि जनपद को वित्तीय वर्ष 2024-25 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत बढई 75 नाई 50 दर्जी 525 कुम्हार 50 लोहार 50 राजमिस्त्री 50 हलवाई 200 टोटल 1000 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने का जनपद को लक्ष्य मिला है जिसके तहत आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं आवेदन करने के पश्चात उनका साक्षात्कार जिला उद्योग कार्यालय में गठित टीम द्वारा किया जाएगा साक्षात्कार में सफल अभ्यर्थियों को कौशल वृद्धि हेतु 10 दिवसीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात संबंधित ग्रेड में टूलकिट एवं निर्धारित मानदेय भी लाभार्थियों को शासन द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा।

## अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध: गोपाल विट्टल

जन एक्सप्रेस। आगरा



आजकल, वाई-फाई हर किसी की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। ये हमारे घरों में काम करने, सीखने और मनोरंजन करने के तरीके को बदल रहा है। अब घर पर स्मार्ट डिवाइस, पढ़ाई और ऑफिस के काम के लिए हमें हाई स्पीड इंटरनेट की जरूरत है। पहले एयरटेल वाई-फाई सिर्फ कुछ ही जगहों पर मिल पाता था, लेकिन इस परेशानी को दूर करने के लिए एयरटेल ने लगातार प्रयास किया है और अब 1200 से ज्यादा शहरों में हाई स्पीड वाई-फाई उपलब्ध करा दिया है। इसका मतलब है कि अब आप भी हाई-स्पीड इंटरनेट का आनंद ले सकते हैं।

इसी उपलब्धि को ध्यान में रखते हुए, हम आपके लिए और भी फायदे लेकर आए हैं।

अब आपके वाई-फाई प्लान में ही टीवी शो, फिल्मों और वेब सीरीज का सबसे बड़ा कलेक्शन शामिल है। एयरटेल वाई-फाई के साथ आपको 22 से ज्यादा ओटीटी प्लेटफॉर्म और 350 से ज्यादा टीवी चैनल मिलेंगे। इसके अलावा, आपके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए, अब जब भी आप कोई नई एयरटेल सर्विस लेंगे - मोबाइल, कंटेंट या वाई-फाई, तो हम आपको आपके बेसिक प्लान पर अतिरिक्त फायदे देंगे।

हमेशा की तरह, आपके सुझावों और फीडबैक का स्वागत है ताकि हम अपनी सर्विस को आपकी जरूरतों के और भी ज्यादा अनुकूल बना सकें।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह: एक साथ गूंजे मंत्र और आयतें, एक-दूजे के हुए 81 जोड़े

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर




मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गुरुवार को 81 जोड़े एक-दूजे के हुए। जिनमें 3 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ। बल्दीराय ब्लाक परिसर में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना व दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है।इसके माध्यम से मां-बाप की मुश्किलों को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इसकी सबसे अच्छी बात यह है कि हर वर्ग के लोग योजना का लाभ उठा सकते हैं।योजना का बेहतर ढंग से संचालन कर शासन ने अपनी निष्पक्षता का प्रमाण दिया है। एक ही मंडप में जहां पुरोहित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विवाह संपन्न कराया तो दूसरी ओर मौलाना ने कुरान की आयतों के जरिए निकाह पढ़वाया।

जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि 81 जोड़ों का विवाह कराया गया है। 3 जोड़ों का निकाह सम्पन्न हुआ है। सरकार द्वारा प्रति जोड़े पर 51 हजार रुपये का व्यय किया गया है। जिसमें 35 हजार रुपये खाते में, 10 हजार रुपये का आवश्यक सामान व 6000 रुपये विवाह समारोह के आयोजन में व्यय किए गए है। इस अवसर पर विकास खंड विकास अधिकारी राधेश्याम वर्मा, एडीओ समाज कल्याण अभिषेक गिरि, एडीओ आईएसबी शिवकुमार, सचिव घनश्याम यादव, दीप्ति यादव, अरविंद सिंह, रोहित चन्द्रा, श्याम प्रीत, प्रधान प्रतिनिधि राजू सोनी, अरविंद सिंह बबलू, प्रधान विकास यादव, सोनू बघौना, रवि कुमार राणा, प्रिंस सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, प्रियंका साहू, प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र तिवारी, मोनिका व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## ढाबे में सिलेंडर फटा, बगल वाली दुकान भी जली

जन एक्सप्रेस। आगरा

एक ढाबे में सिलेंडर बदलते समय आग लग गई। आग की चपेट में बराबर मे टायरों की दुकान भी आ गई। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। लेकिन, तब तक पूरा सामान जल चुका था। रमाडा होटल के पास रोड पर महावीर का ढाबा है। दोपहर करीब एक बजे ढाबे में गैस का सिलेंडर बदलते समय आग लग गई। वहां मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग ने थोड़ी देर में विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते काला धुआं निकलने लगा। ढाबे से आग बराबर मे टायर की दुकान तक पहुंच गई। टायर की दुकान में भी आग की लपटें उठने लगी। टायर की दुकान संचालक जयप्रकाश ने बताया कि दुकान में रखे सारे टायर जल गए। करीब 3 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं, ढाबा संचालन महावीर ने बताया कि उनका डीप फ्रीजर व अन्य सामान जल गया।

## कोटेदार द्वारा राशन घटतौली से ग्रामीणों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

सार्वजनिक राशन वितरण प्रणाली में गरीबों के हक पर डाका डाला जा रहा है। जलालपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत दाउदपुर में राशन कटौती और कोटेदार की मनमानी से ग्रामीणों में भारी गुस्सा है। ग्रामीणों ने कोटेदार के विरुद्ध जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

जलालपुर ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत दाउदपुर के कोटेदार आनंद की मनमानी से गरीब परेशान हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार प्रति यूनिट राशन की कटौती करता है। जिसने विरोध किया उसे परेशान किया जाता है। सरकार राशन वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए चाहे जितने भी प्रयास कर ले लेकिन कोटेदार चोरी का कोई ना कोई रास्ता निकल ही लेते हैं। उपभोक्ता राजन यादव ने बताया कि अंगूठा लगवाने के बाद मशीन से राशन पहले तो पूरा तौल किया जाता है। उसके बाद प्रति यूनिट के हिसाब से किसी से आधा किलो तो किसी से एक किलो की कटौती की जाती है। राम प्यारे ने कहा कि सात यूनिट के हिसाब से 35 किलो राशन बनता है।

लेकिन तौल करने के बाद कोटेदार कभी 2 किलो तो कभी 3 किलो निकाल लेता है। नाम कटने के डर से हम लोग किसी से कुछ कह भी नहीं पाते। ग्रामीण त्रिभुवन, पियारी देवी, राजन यादव, रामदीन, वीरेंद्र जगदीश गौड़, आदि ने बताया कि राशन की कटौती सभी से की जाती है।

उक्त ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में इसकी शिकायत की गई। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों ने अपना मंतव्य पूरा होने के बाद जांच पड़ताल के बाद कार्रवाई की बात तो दूर शिकायत को ही अनसुना कर दिया। कोटेदार आनंद ने बताया कि विभाग में सभी को हिस्सा देना पड़ता है। इसलिए भरपाई के लिए विवस होकर राशन कटौती करनी पड़ती है।

## आकाशीय बिजली गिरने से हुई 7 की मौत, नदी में डूबने से गई एक की जान

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

जिले में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आये तीन बच्चों समेत 7 लोगों की मौत हो गई। इस घटना से पीड़ित परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पहली घटना चांदा कोतवाली क्षेत्र के राजा उमरी गांव का है जहां की रहने वाली कमला यादव पड़ोस में रहने वाले किशोर रुद्र प्रताप यादव के साथ बाग में आम बीनने गई थी। इसी बीच अचानक आकाशीय बिजली गिरी और दोनों उसकी चपेट में आने से झुलस गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के रामचन्द्रपुर गांव की रहने वाली शरीफुल निशा के दर्जीपुर गांव स्थित खेत में धान की रोपाई हो रही थी इसी बीच बारिश शुरू हो गई, भीगने से बचने के लिए वह पास में महुए के पेड़ के नीचे खड़ी हो गई। अचानक आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आ गई मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जयसिंहपुर कोतवाली के सरैया केल्हनपुर निवासी रवि यादव मैरी रंजीत गांव स्थित खेत में परिवारजन के साथ धान की रोपाई कर रहे थे। शाम को तेज गरज के साथ बिजली गिर पड़ी। जिसमे रंजीत यादव चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। सुल्तानपुर जिले में दैवीय आपदा की घटनाओं में कुल आठ लोगो की मौत हुई है। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने बताया कि आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की एवं नदी में डूबने के कारण एक युवक की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि सभी शवों के पोस्टमार्टम कराए जा रहे हैं। पीड़ित परिवारों को अहेतुक सहायता राशि दिलाने के लिए एसडीएम एवं तहसीलदार को मौके पर भेजा गया है। शासन द्वारा पीड़ित परिजनों को अहेतुक सहायता के रूप में चार लाख रुपए आर्थिक मदद दिए जाने का प्रावधान है।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
टेंडर नोटिस संख्या–51245179A दिनांक– 11.07.2024
इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 01 | 51245179A | Supply, Installation & Commissioning of Trolley Mounted Mobile Sewage Evacuation Machine (For Bio-Toilet) as per attached Technical Specification No. C&W/LKO/TMMSEM/NR/2023 | 2 Nos | 08.08.2024 |

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। 2107/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सरकार के विरुद्ध शिक्षक संघ लामबंद: हाजिरी का डिजिटाइजेशन और डिजिटल उपस्थिति को लेकर शिक्षक संघ ने की बैठक

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



शहर के तिकोनिया पार्क में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों की हाजरी का डिजिटाइजेसन व डिजिटल उपस्थिति को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक/शिक्षिकाओं की पूर्व से लंबित विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के संबंध में उत्तर प्रदेश संगठन व जनपदीय संगठन द्वारा अनेकों अनेक पत्र शासन एवं विभाग व विभागीय उच्च अधिकारियों को उचित माध्यम से मांग पत्र प्रेषित कराया जा चुका है।

संघ द्वारा कहा गया कि प्रमुख रूप से शिक्षक/शिक्षिकाओं के कैशलेस चिकित्सा सुविधा, स्थानांतरण पदोन्नति, वेतन विसंगति, विद्यालयों में नियुक्ति हाफ डे, सीएल व पीएल की मांगे पूर्व से बाधित व लंबित हैं। वहीं प्रदेश के शिक्षक/शिक्षिकाओं का गंभीर मुद्दा पुरानी पेंशन बहाली की मांग भी सम्मिलित है। इसी के साथ परिषदीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षामित्र, अनुदेशकों व विशिष्ट शिक्षकों की अनेको समस्याएं भी विभाग में लंबित है। संघ द्वारा कहा गया कि बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत कार्यरत शिक्षक शिक्षिकाएं सरकार द्वारा अपने-अपने विद्यालय एवं शिक्षक संबंधी कार्य पूरे मनोयोग से संपादित कर रहे हैं। लेकिन शासन, विभाग एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रदेश के परिषदीय शिक्षक शिक्षिकाओं की पूर्व से लंबी समस्याओं का समाधान नहीं किया गया। विभागीय अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक शिक्षिकाओं, शिक्षामित्र, अनुदेशकों के साथ दोहरा मापदंड अपनाते हुए प्रदेश के शिक्षक शिक्षिकाओं से विद्यालय से पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन व डिजिटल उपस्थित कराए जाने जैसे निर्देश जारी कर दिया गया जो कि प्रदेश के शिक्षक शिक्षिकाओं शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों के साथ पूर्णता अव्यावहारिक है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसा किया जाना व्यक्ति के निजात का हनन माना गया है। जबकि सचिवालय कर्मचारी, राज्य कर्मचारी, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा सहित अन्य विभागों में उपस्थित की अन्य प्रणाली लागू की गई है। लेकिन बेसिक शिक्षा विभाग एवं विभागीय उच्च अधिकारियों द्वारा बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणधीन शिक्षक शिक्षिकाओं से विद्यालय पंजिकाओं का किया जाना वह डिजिटल उपस्थित कराए जाने का निर्देश जारी किया गया। ऐसे में परिषदीय शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर पीड़ितों को तत्काल सहायता पहुँचायें अधिकारी : संजय सिंह गंगवार

* राज्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा
* जलभराव में मृत हुए ग्रामीण के परिजनों को सौंपा चार लाख की आर्थिक सहायता का चेक
* ग्राम प्यास में देवहा नदी द्वारा किये जा रहे भू-कटान को मौके पर जाकर देखा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**





गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज गुरूवार को सदर विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया और नदी कटान की स्थिति का मौके पर जायजा लिया साथ ही बाढ़ पीड़ितों से मिलकर उनका दुःख दर्द बांटा साथ ही बाढ़ दौरान क्षतिग्रस्त हुए मकानों को देखा और इसमें घायल हुए लोगो से मिलकर उनके उपचार आदि की व्यवस्था कराई। राज्यमंत्री श्री गंगवार जलभराव में डूबकर मृत हुए ग्रामीण के परिवार को चार लाख की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने भ्रमण के दौरान उनके साथ एस0डी0एम0 सदर एवं अन्य अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक राहत सामग्री एवं शासन की ओर से प्रदत्त सुविधाऐं मुहैया कराने के भी निर्देश दियें। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बाढ़ प्रभावित ललौरीखेड़ा में भ्रमण किया और जगह-जगह हुए जलभराव की स्थिति को देखा। यहा उन्होनें अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य करने के निर्देश दियें। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने सियावाड़ी पट्टी, मीरपुर, कल्यापुर खास, शिवपुरिया आदि ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति को देखा जहा कई-कई फुट गांव में पानी भरा दिखाई दिया। उन्होनें ग्राम प्यास में देवहा नदी द्वारा किये जा रहे भू-कटान की स्थिति को देखा और अधिकारियों को कटान रोकने के उपाय करने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री ने कल्यानपुर खास निवासी लाल सिंह की पत्नी लीलावती को चार लाख रूपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। लीलावती के पति लाल सिंह का जलभराव में डूबने से हुई मौत पर यह आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने सियावाड़ी पट्टी, मीरपुर, शिवपुरिया आदि गांवों में ग्रामीणों से मिलकर उनका हाल जाना और हर सम्भव सहायता दिये जाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने बताया की बाढ़ का पानी गांव में घुसने के कारण पशुओं की हानि भी हुई है और कई पशु मौत का शिकार बने हैं। राज्यमंत्री श्री गंगवार अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कर प्रभावित लोगों को शीघ्रता से सहायता पहुँचानें के निर्देश दिये। राज्यमंत्री श्री गंगवार के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के दौरान उनके साथ एस0डी0एम0 सदर देवेन्द्र सिंह, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, तहसीलदार सदर राधेरमन ऋषि, ग्राम प्रधान राजपाल, संजीव गंगवार सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं क्षेत्र के ग्राम प्रधान आदि मौजूद रहे।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध मे शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय में सौपा ज्ञापन

* भारी संख्या में शिक्षकों ने बीएसए कार्यालय में बैठक कर जताया विरोध
* शिक्षकों की मांगे नहीं मानी गई तो होगा आंदोलन

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिला बेसिक कार्यालय में यूटा जिलाध्यक्ष संजय सिंह के आह्वान पर भारी संख्या में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओ ने बीएसए प्रतिनिधि खंड शिक्षा अधिकारी अविनाश सिंह को ज्ञापन सौंपा और लड़ाई को आगे तक लड़ने का संकल्प दोहराया। कहां की ऑनलाइन उपस्थिति का विरोध जारी रहेगा शिक्षकों की मांगे सरकार मान ले। जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा ऑनलाइन उपस्थिति हम सब तभी स्वीकार करेंगे जब हमारी मांगों को शासन के जिम्मेदार लोग मानेंगे, इसमें पुरानी पेंशन बहाली ,राज्य कर्मचारियों की तरह 30उपार्जित अवकाश ऑफ सी.एल द्वितीय शनिवार का अवकाश कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने यथाशीघ्र पदोन्नति करने आदि मांग शामिल है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्रेश यादव ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व व पदाधिकारी के साथ शासन स्तर पर उच्च अधिकारियो से दो बार वार्ता की गई जिसका निस्तारण अभी तक नहीं किया गया। जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त है। जिला कोषाध्यक्ष डॉ आशीष सिंह ने कहा डिजिटल हाजिरी आनन फानन में लागू कर दिया गया है। जब कि यह डिजिटल हाजिरी विभागीय किसी कार्यालय में लागू नहीं है। अधिकांश शिक्षक दूरस्थ निवास करते हुए भी नियमित विद्यालय जाकर शिक्षण कार्य करते हैं। संचालन कर रहे जिला मंत्री लक्ष्मी नारायण तिवारी ने बैठक में कहा डिजिटल उपस्थित शिक्षकों को बदनाम करने की नियत से लागू की गई है। ज्ञापन कार्यक्रम में निशा मिश्रा, मिथिलेश द्विवेदी , अमिता उपाध्याय वंदना सोनी ने भी संबोधित कर डिजिटल उपस्थिति का विरोध होता रहेगा। यूटा तहसीलो के अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला , सरोज सिंह प्रदीप सिंह, अजय मिश्रा, आनंद सिंह, कृष्णपांडे संतलाल , विनोद सिंह , जितेंद्र मिश्रा , राय साहब सिंह, राजकुमार सिंह, मनीष यादव ने भी संबोधित किया। मौके पर विजय बहादुर यादव, प्रभाकर उपाध्याय ,रजनीश सिंह, अशोक सोनकर ,डॉ विपिन मिश्रा, प्रदीप कुमार सिंह ,संजय सिंह ,रमेश सिंह, शैलेंद्र सिंह , राधे मोहन तिवारी डॉ नंद कुमार मौर्य, सुभाष, सर्वेश मिश्रा, चंद्रशेखर, दिनेश सिंह, मनोज सिंह, अमित तिवारी, पद्मिनी यादव मौजूद रहे। सभी शिक्षकों के प्रति जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने आभार ज्ञापित किया।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने निचले इलाकों का किया निरीक्षण, लोगों का जाना हाल-चाल



* पालिका कर्मचारियों को दिए निर्देश, भरसक प्रयास करें जिससे जल्दी से जल्दी बाढ़ का पानी निकल सके
* नगर पालिका परिषद पीलीभीत अपने शहर के निवासियों की सुरक्षा के लिए तत्पर है: आस्था अग्रवाल

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने गुरुवार को शहर की साईं धाम कॉलोनी, ऑफिसर्स कॉलोनी और सेंट एलॉयशीयस स्कूल आदि निचले इलाकों का निरीक्षण किया। इन इलाकों के काफी क्षेत्रों में अभी भी बाढ़ का पानी नहीं निकल पाया है। पालिका अध्यक्ष ने कर्मचारियों को निर्देश दिए की, वे भरसक प्रयास करें, जिससे कि जल्दी से जल्दी इन क्षेत्रों से बाढ़ का पानी निकल सके। पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल गुरुवार को साईं धाम कॉलोनी पहुंची। यहां कई सड़कों और निचले इलाकों के घरों में बाढ़ का पानी भरा हुआ देखा। वहां के रहने वाले लोगों से उनका हाल जाना। कर्मचारियों को निर्देश दिए की वे लगातार क्षेत्र में बने रहे और जल निकासी की व्यवस्था के साथ ही लोगों की जरूरत भी पूछते रहे। इसके बाद पालिकाध्यक्ष ऑफीसर कॉलोनी पहुंची यहां उन्होंने निचले इलाकों में बने अधिकारियों के निवास पर भरे हुए पानी को देखा। जल निकासी के संबंध में पालिका के अधिकारियों से वार्ता की। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि सेंट एलॉयशीयस कॉलेज के पीछे फील्ड में पानी पहुंच जाता था, लेकिन इस बार बाढ़ का जल स्तर इतना अधिक था, कि वह क्लास रूम में प्रवेश कर गया। यहां का जलस्तर अभी नहीं घट पाया है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से पंपिंग सेट लगाकर पानी को बाहर फेंका जा रहा है। लेकिन एक पंपिंग सेट क्लास रूम से पानी बाहर निकलने में पर्याप्त नहीं लग रहा है। इसके बाद उन्होंने बड़े पंपिंग सेट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए, जिससे कि जल्दी से जल्दी विद्यालय के कक्षाओं से पानी निकल सके। इस मौके पर उन्होंने शहर वासियों से अपील करते हुए कहा कि वैसे तो अब जल स्तर बढ़ाने की उम्मीद नहीं है। फिर भी निकले इन इलाकों में रहने वाले नागरिकों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। नगर पालिका परिषद पीलीभीत अपने शहर के निवासियों की सुरक्षा के लिए तत्पर है।

# हजारा पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए बाढ़ पीड़ितों को बांटा एक हजार लंच पैकेट

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**हजारा(पूरनपुर)।** ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में गत दिवस आए भयंकर बाढ़ से ग्रामीणों का काफी नुकसान हो गया है तो वही तीसरे दिन भी दर्जनों घरों से बाढ़ का पानी नहीं निकल सका है जिस कारण बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों के सामने भोजन का संकट पैदा हो गया है इधर हजारा पुलिस ने मानवीय पहल करते हुए बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों के बीच पहुंचकर एक हजार से अधिक से लंच पैकेट का वितरण किया है।हजारा थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को शारदापुरी, बाजार घाट,बैल्हा, राघवपुरी राघवपुरी आदि गांव में बाढ़ पीड़ित परिवारों को एक हजार से अधिक लंच पैकेट का वितरण किया है।हजारा पुलिस द्वारा बाढ़ पीड़ित परिवारों को लंच पैकेट वितरित करने की चर्चा भी होते देखी गई है तो वही हजारा पुलिस की मानवता व इंसानियत की झलक भी देखने को मिला है।विपरीत क्षेत्र के कुछ ग्राम प्रधान भी भोजन वितरण किया है।इस मौके पर हजारा थाने के उपनिरीक्षक रविन्द्र पाल सिंह, तेजवीर सिंह आरक्षी सचिन कुमार, रविन्द्र पाल वर्मा,बंटी गौतम सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# बाढ़ के पानी में पैर फिसलने से बच्चे की मौत

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



**बरखेड़ा।** नगर पंचायत में भीषण बाढ़ आने के बाद नदी व तालाबों में पानी उफान पर होने के कारण गुरुवार को अपने परिवार के साथ लौटे वार्ड नं 8 निवासी तौहीद उर्फ गुड्डू के पुत्र मोहम्मद शमी उम्र लगभग 16 वर्ष की तालाब में डूबकर मौत हो गई।बताया जा रहा है कि शमी का अचानक पैर फिसलने से तालाब मे जा गिरा वहा मैजूद लोगो ने पानी मे डूबते देखते सूचना परिवार वालो को दी तो वही हजारों की संख्या में मोहल्ले के लोग पहुँच गये और उसकी तलाश में तालाब में घुसकर ढूढ़ने लगे कुछ देर बाद लोगो ने उसे तलाश निकाला उसे अचेत हालत में सरकारी अस्पताल ले गए वहाँ पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।उसके मौत की सूचना पर घर मे कोहराम मच गया।सूचना पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वही मोहल्ले के लोगो को पूर्व चेयरमैन हाजी जमील अहमद अंसारी की कमी बहुत खली। मोहल्ले के लोग चर्चा कर रहे है। आज हाजी जमील अहमद चैयरमैन होते तो शायद समय से पहले बच्चे को निकाल लिया होता और बच्चा बच जाता वही बच्चे की मौत से परिवार मे कोहराम मच हुआ है।



# क्षेत्रीय विधायक अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन पुल का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

भाजपा विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र के विधानसभा क्षेत्र में सई नदी पर बन रहे निर्माणधीन पुल का सेतु निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और अधिकारियों ठीकेदारी के साथ बैठक कर पुल में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त किया जाएगा गौरतलब हो कि विधान सभा बदलापुर के भटपुरा, कल्यानपुर, सोनहिता मार्ग के मध्य बोझनाथ घाट पर 23 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से सेतु का निर्माण कार्य चल रहा है पुल नही होने से क्षेत्रवासियो को बेहद दिक्कतो का सामना करना पड़ता था क्षेत्रवासी सई नदी को नाव के सहारे पार करते थे सेतु निर्माण पूर्ण हो जाने से बदलापुर एवं मुंगराबादशाहपुर विधानसभा आपस में जुड़ जाएंगे और क्षेत्रवासियों का सुगम आवागमन सुनिश्चित होगा।

# आटो बाइक की टक्कर में अधेड़ घायल जिला अस्पताल रेफर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर मार्ग पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास गुरुवार को दोपहर करीब 3 बजे सामने से आ रही तेज रफ्तार आटो से हुई आमने सामने की टक्कर में एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत देख चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उड़ीसा प्रांत के भुवनेश्वर निवासी 42 वर्षीय विश्व राजन सिंह पुत्र नंद किशोर अपनी बाइक से जौनपुर की ओर किसी कार्य वश जा रहे थे। जैसे ही इनकी बाइक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुंगरा बादशाहपुर के पास पहुंची सामने से आ रही तेज रफ्तार आटो से हुई आमने सामने की टक्कर में बाइक जहा दूर जा गिरी, वही सिर में गंभीर चोट लगने से विश्व राजन गंभीर रूप से घायल हो गए।

# दबंगों ने बीयर दुकान के संचालक पर किया हमला, हालत गंभीर

* सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोठवार बाजार का मामला
* पहले भी बियर के लेनदेन में कई बार हो चुकी है मारपीट

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बीयर दुकान संचालक दुकान बंद करके घर जा रहे थे कि रास्ते में दबंगों ने मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंचकर घायल व्यक्ति को मेडिकल के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला भेजा। जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। मामला बियर के लेनदेन का बताया जाता है जबकि परिजनों का कहना है पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट हुई। बता दे कि सुल्तानपुर गौर गांव निवासी चालीस वर्षीय सरोज पांडे पर दबंगों ने दुकान के सामने जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही परिजनों ने मौके पर पहुंचकर गये और सूचना पुलिस को दिए । पुलिस पहुंचकर घायल सरोज को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला भेज दिया। जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल सरोज पांडे का भतीजा अंकित पांडे पुत्र स्व. मनोज पांडे ने पुलिस को तहरीर दिया जिसमें आरोप लगाया कि पहले से घात बनाए बैठे गांव के कुछ दबंग लोगों ने पुरानी रंजीश को लेकर चाचा के ऊपर हमला कर दिया और कहा कि उन्होंने पहले से भी मारने की धमकियां दे रहे थे । रात में मारने पीटने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस वीडियो के अनुसार जांच पड़ताल में जुड़ गई। उधर आसपास के लोगो का कहना है कि बियर की लेनदेन में कहांसुनी हुई थी जिसके चलते दबंगों ने उन्हें मार कर जख्मी किया। इसके पहले भी बियर की दुकान पर कई बार लेनदेन वह ओवर रेटिंग में मारपीट हो चुकी है इसके बारे में जानकारी के थाना प्रभारी को संपर्क किया गया लेकिन नहीं हो पाया।

# जयमाल के दौरान प्रेमी ने स्टेज पर ही प्रेमिका की मांग में भर दिया सिंदूर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

* धूमधाम से निकली बारात दूल्हन के बिना हुई वापस

मुंगराबादशाहपुर से सज-धजकर गई बारात में उस समय अजीबो गरीब स्थिति हो गई जब जयमाल के स्टेज पर दूल्हा दुल्हन द्वारा एक दूसरे के गले में जयमाल डालने के बाद अचानक स्टेज पर पहुंचे दुल्हन के प्रेमी ने स्टेज पर ही दुल्हन की मांग में सिंदूर डाल दिया। इस हरकत से शादी के मंडप में हड़कंप मच गया तथा दूल्हा पक्ष के लोगों ने कड़ा विरोध करते हुए अपनी आपत्ति जताई। दोनों पक्षों में कहासुनी होने के बाद बारात बिना शादी किए ही वापस लौट आई थाना क्षेत्र के राम चौकी गांव निवासी निलेश कुमार बिंद पुत्र ज्ञान चंद बिंद की शादी प्रयागराज जिले के हंडिया क्षेत्र के पैगहा गांव निवासी सभाजीत बिंद की पुत्री दीपा बिंद के साथ तय हुई थी।9 जुलाई को बारात पूरी शानो-शौकत के साथ मुंगराबादशाहपुर से हंडिया क्षेत्र के पैगाम गांव के लिए रवाना हुई ।बारात के पहुंचने पर बधू पक्ष के लोगों ने बारातियों का स्वागत सत्कार किया तथा द्वारचार के बाद जयमाल कार्यक्रम शुरू हुआ।वर, बधू एक दूसरे के गले में जयमाल डाल कर जैसे ही स्टेज पर बैठे उसी समय एक युवक अचानक स्टेज पर पहुंच कर बधू की मांग में सिंदूर डाल दिया। जिसे देखकर बाराती व घरातियों के माथे पर पसीना आ गया। इस मामले को लेकर लड़का, लड़की पक्ष में कहासुनी होने लगी।अंत में बिना दुल्हन के ही बारात वापस लौट आई। दूल्हे के पिता रामनिरंजन बिंद ने घटना की जानकारी मुंगराबादशाहपुर थानाध्यक्ष को दे दी है।

# आनलाइन उपस्थिति के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में गरजे शिक्षक

* आनलाइन उपस्थिति के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में गरजे शिक्षक
* विभिन्न मांगो को लेकर जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




डिजिटल उपस्थिति का विरोध सहित विभिन्न मांगो को लेकर परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में शासन के इस फरमान को तानाशाही बताते हुए जमकर बरसे। उक्त आदेश के विरोध में शिक्षकों ने हाथ में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन की तरफ से अतिरिक्त उपजिलाधिकारी अर्चना ओझा के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। बेसिक शिक्षा परिषद विभाग द्वारा आठ जुलाई से शिक्षकों के डिजिटल उपस्थिति एंव डिजिटल पंजिका का आदेश हुआ है। उक्त आदेश का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विरोध करते हुए आंदोलन कर रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह एवं जिला मंत्री सतीश पाठक के नेतृत्व में हजारों पुरुष व महिला शिक्षक दिन में लगभग तीन बजे कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित होकर डिजिटल उपस्थिति के विरोध में प्रदर्शन कर जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा तानाशाही फरमान के तहत 08 जुलाई 2024 से डिजिटल उपस्थिति के आदेश को उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर अपने प्रांतीय नेतृत्व के आंदोलन के आह्वान के क्रम में पूरी मजबूती के साथ डिजिटल उपस्थिति का पूर्ण बहिष्कार कर रहा है। उक्त आंदोलन के क्रम में समस्त ब्लाक अध्यक्ष/मंत्री के नेतृत्व में सभी ब्लाकों के शिक्षकों ने अभूतपूर्व एकजुटता दिखाते हुए आज दिनांक आठ जुलाई से अपने- अपने विद्यालय में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पठन पाठन का कार्य कर रहे हैं।

# बाइक में कार ने मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी घायल

* वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर सिंगरामऊ के मिश्रौली में हुआ हादसा
* खुटहन के चक कुतुबी निवासी दंपती जा रहे थे शादी में प्रतापगढ़

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



**खुटहन।** वाराणसी-लखनऊ हाइवे पर गुरुवार को दोपहर में बाइक सवार पति-पत्नी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण इन दोनों को घायलावस्था में पीएचसी ले गए। जहाँ चिकित्सक ने पति को मृत घोषित कर दिया। खुटहन थाना क्षेत्र के कुतुबीचक, पट्टीनरेन्द्रपुर गाँव निवासी 55 वर्षीय सभाशंकर मिश्रा अपनी पत्नी के साथ बाइक से अपने घर से रिश्तेदार के यहाँ आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने प्रतापगढ़ जा रहे थे। रतासी मार्ग से आकर सिंगरामऊ हाईवे के समीप मिश्रौली गांव के पास जैसे ही बाइक लेकर चढ़े, उसी समय सुल्तानपुर की तरफ से आ रही अज्ञात कार उनकी बाइक में टक्कर मारते हुए आगे निकल गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सहित पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क पर दोनों को गिरा देख पास में ही स्थित पेट्रोल पंप पर मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुँचे। ग्रामीणों की मदद से तत्काल दोनों घायलों को इलाज के लिए पीएचसी सिंगरामऊ ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने सभाशंकर को मृत घोषित कर दिया। जबकि उनकी पत्नी का इलाज करने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के घर उनके स्वजनों को दी तो घर में कोहराम मच गया। सभाशंकर मिश्र गाँव के पूर्व प्रधान थे, पट्टीनरेन्द्रपुर बाजार में रेस्टोरेंट चलाकर अपने परिवार की आजीविका चलाते थे। उनके तीन पुत्र गोपाल मिश्र, संतोष मिश्र, लकी मिश्र हैं। जिसमें दो लोग बाहर रहते हैं जबकि एक पुत्र घर पर रहकर अपने पिता के कामकाज में हाथ बंटाता है। इस दुर्घटना में एक तरफ जहां पति की मौत हो गई तो वहीं दूसरी तरफ घायल पत्नी को इलाज कराने के बाद कबेली गाँव मे स्थित अपने रिश्तेदार के भेज दिया गया।

# मौत का सफर

## अखिलेश यादव ने सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर उठाए सवाल, प्रियंका गांधी ने भी घटना पर दुख व्यक्त किया

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि एक्सप्रेसवे पर विशेष पार्किंग जोन की व्यवस्था है। उसके बाद भी वाहन बीच रास्ते में कैसे खड़ा था। सीसीटीवी होने के बाद वाहन की निगरानी में चूक कैसे हुई। क्या कैमरे काम नहीं कर रहे थे।

उन्नाव जिले में एक्सप्रेसवे पर 18 यात्रियों की मौत और 23 के घायल होने की घटना को लेकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित अन्य नेताओं ने शोक जताया है। प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दो लाख और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक्सप्रेसवे पर हुई घटना को दुखद बताया। उन्होंने मृतकों के परिवार को संवेदना और घायलों के स्वस्थ लाभ के कामना की बात कही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि उन्नाव में हुई सड़क दुर्घटना पीड़ादायक है। इसमें जिन लोगों ने अपनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा कि प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान और घायलों को शीघ्र स्वस्थ लाभ प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।



### महोबा के किसान के नाम है बस, लेकिन उसे नहीं पता

एआरटीओ प्रवर्तन एके सिंह ने बताया कि बस राजस्थान के जोधपुर एनके टॉवर कोहिनूर सिनेमा के पास स्थित मेसर्स केसी जैन ट्रैवल की है। बस करन चंद्र जैन और केयर ऑफ महोबा के मवई खन्ना निवासी पुष्पेंद्र सिंह के पते पर परिवहन कार्यालय महोबा में दर्ज है। पुष्पेंद्र सिंह के मुताबिक वह केसी जैन के कार्यालय में काम करता था। केसी जैन की कोरोना काल में मौत हो गई थी, इसके बाद नौकरी छोड़ दी थी। अब वह खेती-किसानी करता है। उसे नहीं पता कि बस उसके नाम है।

### सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उठाए सवाल

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संवेदना व्यक्त करते हुए कहा है कि एक्सप्रेसवे पर विशेष पार्किंग जोन की व्यवस्था है। उसके बाद भी वाहन बीच रास्ते में कैसे खड़ा था। सीसीटीवी होने के बाद वाहन की निगरानी में चूक कैसे हुई। क्या कैमरे काम नहीं कर रहे थे। हाईवे पुलिस कहां थी। नियमित पेट्रोलिंग भी हो रही कि नहीं। हादसे के बाद हाईवे एंबुलेंस सर्विस कितनी देर में पहुंची और हताहतों के संबंध में उसकी भूमिका क्या रही। गाड़ी खराब होने के कारण खड़ी थी, तो उसे टोइंग सहायता क्यों नहीं पहुंची। आरोप लगाया कि एक्सप्रेसवे पर प्रतिदिन करोड़ों रुपये लिए जाते हैं।

### घायलों का हालचाल लेने पहुंचे बिहार के पूर्व सांसद आनंद मोहन

हादसे की सूचना पर बिहार के शिवहर जिले के पूर्व सांसद आनंद मोहन देर रात उन्नाव पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया और घायलों का भी हालचाल लिया। उन्होंने हादसे के बाद तत्परता से किए गए प्रयासों के लिए प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की सराहना की।एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे में अधिकांश मृतक और घायल बिहार प्रांत के शिवहर जिले के हैं। हादसे की सूचना पर बिहार के कद्दावर नेता और शिवहर जिले के पूर्व सांसद आनंद मोहन रात 10:30 बजे जिला अस्पताल पहुंचे। उनकी पत्नी लवली आनंद वर्तमान में जेडीयू से शिवहर जिले की सांसद हैं।

### प्रियंका और सांसद साक्षी महाराज ने व्यक्त की संवेदनाएं

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी घटना में दुख व्यक्त करते हुए ईश्वर से आत्माओं की शांति की प्रार्थना की है। सांसद साक्षी महाराज ने भी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। जिला अस्पताल में भर्ती घायलों से जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश कटियार, विधायक सदर पंकज गुप्ता, विधायक बांगरमऊ श्रीकांत कटियार आदि ने मिलकर हालचाल जाना।

### एडी: घायलों के उपचार में नहीं होनी चाहिए लापरवाही

लखनऊ मंडल के स्वास्थ्य सहायक निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता दोपहर दो बजे जिला अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड पहुंचे। यहां हादसे में घायल मरीजों को देखा और उनके परिजनों को बेहतर इलाज का भरोसा दिया। इसके बाद पैरामेडिकल स्टाफ और डॉक्टरों को इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के और विशेष निगरानी में इलाज करने के निर्देश दिए। इसके अलावा इलाज के लिए दवाएं सहित अन्य सामग्री तत्काल उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान सीएमओ डॉ.सत्यप्रकाश, जिला पुरुष अस्पताल के प्रभारी सीएमएस डॉ. विवेक गुप्ता रहे।

### हादसे के चौंकाने वाले बिंदु

- एआरटीओ प्रवर्तन एके सिंह ने बताया कि बस राजस्थान के जोधपुर एनके टॉवर कोहिनूर सिनेमा के पास स्थित मेसर्स केसी जैन ट्रैवल की है। बस करन चंद्र जैन और केयर ऑफ महोबा के मवई खन्ना निवासी पुष्पेंद्र सिंह के पते पर परिवहन कार्यालय महोबा में दर्ज है। पुष्पेंद्र सिंह के मुताबिक वह केसी जैन के कार्यालय में काम करता था। केसी जैन की कोरोना काल में मौत हो गई थी, इसके बाद नौकरी छोड़ दी थी। अब वह गांव में रहता है और खेती-किसानी करता है। उसे नहीं पता कि बस उसके नाम है। एआरटीओ ने बताया कि पुष्पेंद्र ने केसी जैन के पार्टनर सोहन का मोबाइल नंबर दिया। सोहन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस स्लीपर बस का संचालन पहाड़गंज दिल्ली के रहने वाले चंदन जायसवाल करा रहे हैं।
- हादसे का शिकार हुई स्लीपर बस का फिटनेस एक जनवरी 2022 में खत्म हो गया था। इसके बाद से फिटनेस की जांच ही नहीं हुई। टैक्स 30 नवंबर 2023 से नहीं जमा हुआ। बीमा 13 फरवरी 2024 को खत्म हो गया। बस को सड़क पर चलाने और सवारियां ले जाने का परमिट भी सात महीने पहले दो जनवरी 2024 को खत्म हो गया था। केवल प्रदूषण प्रमाण पत्र ही 15 अप्रैल 2025 तक वैध है। एआरटीओ एके सिंह ने बेहटामुजावर थाने में ट्रैवल एजेंसी के नाम रिपोर्ट दर्ज कराई है।
- हादसे में घायल लोगों के मुताबिक चालक बस को 80, 90 कभी 100 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार में चला रहा था। वह सड़क पर इधर से उधर लहराते हुए दूसरे वाहनों को ओवरटेक कर रहा था। यात्रियों ने बताया कि बस का चालक लखनऊ से जैसे ही एक्सप्रेसवे पर पहुंचा उसने रफ्तार तेज कर दी। यात्री मोहम्म्द शमी के मुताबिक हादसे के वक्त बस की रफ्तार 90 से 100 के बीच थी। गलत तरीके से ओवरटेक करने के कारण हादसा हो गया।
- आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव में बुधवार सुबह जो डबलडेकर बस हादसे की शिकार हुई, वह रोजाना बिहार से दिल्ली के बीच सड़क पर काल बनकर दौड़ती थी। कुशीनगर, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, अयोध्या, बाराबंकी, लखनऊ, उन्नाव, हरदोई, कन्नौज, फिरोजाबाद, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, नोएडा और गाजियाबाद आरटीओ से बस गुजरती थी।परिवहन विभाग और पुलिस की मिलीभगत से बस बगैर परमिट व फिटनेस के करीब 1300 किमी चल रही थी। इस बीच 16 आरटीओ कार्यालयों के क्षेत्र से बस रोज गुजरती थी, पर किसी भी अफसर ने संजीदगी नहीं दिखाई।
- उन्नाव में हादसे का शिकार हुई डबलडेकर बस की जांच के लिए परिवहन विभाग की ओर से तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है। साथ ही साइंटिफिक क्रैश जांच होगी, जिसमें कई विभाग शामिल रहेंगे। बस हादसे मामले में सेव लाइफ फारण्डेशन नई दिल्ली तथा पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा, आगरा एक्सप्रेस-वे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन), उन्नाव को साइंटिफिक क्रैश जांच कराने को कहा गया है। संभागीय निरीक्षक को दुर्घटना में लिप्त बस बॉडी कोड एआईएस-119 के आधार पर जांच करने को कहा गया है।
- इसके अंतर्गत स्लीपर बसों के मानक बने होते हैं। जांच के आधार पर यदि बस बॉड़ी कोड एआईएस-119 से अलग पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को संस्तुति प्रेषित की जाएगी। रम्बल स्ट्रिप, ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स, ओवर स्पीडिंग भी जांची जाएगी इसी क्रम में परिवहन विभाग की तीन सदस्यीय समिति बनाई गई है। इसमें उपपरिवहन आयुक्त(परिक्षेत्र) लखनऊ सुरेन्द्र कुमार, आरटीओ(प्रवर्तन) संदीप कुमार पंकज तथा संभागीय निरीक्षक(प्राविधिक) उन्नाव कृष्ण कुमार यादव शामिल हैं।


### शिवहर जिले की सांसद लवली आनंद के पति हैं आनंद

आनंद मोहन ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि घटना दुखद है। कारण जो भी होंगे सरकार और प्रशासन हादसे की वजहों की जांच कर सख्त कार्रवाई करेगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से तत्परता से जो कार्रवाई कराई गई और शासन-प्रशासन जिस तेजी से काम किया है वह सराहनीय है। अगर प्रशासन ने सूझबूझ से काम न लिया होता तो कई और घायलों की मौत हो सकती थी। बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने मृतक आश्रितों को दो-दो लाख और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार भी दो-दो लाख रुपये आर्थिक सहायता दे रहे हैं। पूर्व सांसद ने बताया कि वह पीड़ितों की हर संभव मदद करेंगे।

# बिजली की दुकान का शटर तोड़ लूट का आरोप

**दुकानदार और दुकान मालिक आपस में भिड़े पहुंचे थाने**

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर कस्बे में रेलवे स्टेशन के सामने एलआईसी, पोस्ट ऑफिस और जीआईसी का मिनी कार्यालय और बिजली की दुकान में काफी समय से मकान मालिक और दुकानदार का वाद सं.322/2023 न्यायालय में विवाद चल रहा है। इसके बाद भी मकान मालिक ने शटर तोड़ कर उसमें रखे जरूरी सामान निकाल लिया इसकी सूचना बिल्हौर कोतवाली में विजय कुमार कटियार पुत्र स्वर्गीय रामसनेही कटिहार निवासी गोहलियापुर ने प्रार्थना पत्र में बताया कि दुकान का वाद संख्या 322/2023 न्यायालय जज जुडिशल कानपुर देहात में बिचाराधीन है दुकान के अंदर ग्राहकों के मूल पेपर एवं नगद जमा राशि व फर्नीचर, बिजली का सामान क्रय विक्रय मूल बिल रखे हैं शटर तोड़कर दुकान मालिक अरविंद कटियार पुत्र रामेश्वर कटियार, जेस्ट पुत्र अर्बन कटियार, आलोक कटियार पुत्र बृजभूषण कटियार निवासी गयाप्रसाद नगर बिल्हौर ने शटर तोड़कर सामान निकाल लिया है वहीं पड़ोसियों ने हमको बताया जब मैं वहां पर सामान देखने गया तो वह लोग गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी कहा यहां पर आ गए तो जान से मार देंगे प्रार्थना पत्र देकर उन्होंने अपनी सुरक्षा की मांग की है। बिल्हौर कोतवाल केशव तिवारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है हलका इंचार्ज को प्रार्थना पत्र देकर भेज दिया गया है जांच के लिए दुकानदार और मकान मालिक का विवाद के चलते उसकी जांच कराई जा रही है प्रार्थना पत्र के आधार पर आरोप सिद्ध होने पर मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही की जाएगी।

# कृषि अधिकारियों ने की ताबड़तोड़ छापेमारी, कई दुकानों के सैंपल भरे गए



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में जिला कृषि रक्षा अधिकारी कानपुर नगर सलीमुद्दीन द्वारा ताबड़तोड़ छापेमारी की गई जिसमें कई दुकानों की कीटनाशक दवाओं और गुणवत्ता के सैंपल भी लिए गए, छापेमारी की कार्रवाई में सोनू बीज भंडार, आदर्श बीज भंडार, शुक्ला बीज भंडार, आर्यन बीज भंडार आदि के नमूने संग्रहित कर जांच हेतु भेजे गए। एग्रीना बायो कंपनी का अजूबा एवं त्रिलोक कंपनी की दवाइयां भी जांच के लिए सैंपल लिए गए रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी के दौरान कुशवाहा बीज भंडार, दुर्ग सीड और पेस्टिसाइड बरौली रोड दुकान बंद कर भाग गए जिनके विरुद्ध कीटनाशी अधिनियम 1968 के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुराने दुकानदार धर्मेंद्र कटियार सहित कई दुकानदारों ने कहा कि महीने में एक बार सैंपलिंग हो जाती है तो जो डुप्लीकेट दवाइयां महंगे दामों पर बिकती है जिससे किसानों का भारी नुकसान होता है उसको रोका जा सकता है।

और दुकानदारों से किसानो को भी मोलभाव करने की जरूरत नहीं पड़ती है और अच्छे दामों पर दवाइयां मिल जाती हैं।

# ककवन सीएचसी में निर्माणाधीन प्रयोगशाला में लग रही है पीली ईंट सहित घटिया सामग्री

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**




बिल्हौर तहसील के ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विगत दिनों से प्रयोगशाला दूसरी मंजिल पर निर्माणाधीन हो रहा है जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की छत टपकती है उसकी दूसरी मंजिल पर निर्माण कार्य हो रहा है इससे लगता है कि मजबूत बिल्डिंग ना होने के बाद भी दूसरी मंजिल पर प्रयोगशाला का निर्माण कराया जा रहा है वहीं पर पीली ईंट और मानक विहीन सामग्री लगाई जा रही है वहीं पर देसी बिधि से जमीन में सीमेंट मौरम मिलाकर ईंटों की जुडाई हो रही है जबकि मानक के अनुरूप मशीन में मसाले का घोल तैयार करके चुनाई आदि का काम होना चाहिए। वहीं पर कार्य कर रहे हैं मजदूर से जब पूछा गया कि किस प्रतिशत में सीमेंट और मोरम लगाई जा रही है तो उन्होंने कहा भैया हम काम कर रहे हैं हमारा मजदूरी का पैसा मारा जाएगा। दीवाल में जुड़ी ईट को हिलाने पर वह आसानी से उखड़ जाती है।

### दलित कोटेदार की बहाली के लिए सपा नेत्री ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**। बिल्हौर विधानसभा की सपा नेत्री रचना सिंह ने बिल्हौर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन बताया कि अरौल प्रधानपति और एआरओ ओम प्रकाश राणा से मिलकर और अपने भतीजे को कोटा करवा दिया है और फर्जी कागज लगा कर दलित कोटेदार रामबेटी गौतम का कोटा निरस्त कर दिया। सपा नेत्री ने दुबारा जांच करने की उपजिलाधिकारी से मांग की है। सपा नेत्री ने कहा कि 8 दिन के अंदर जांच नही हुई तो हम अनिश्चित कालीन धरने करने को मजबूर होंगे। उनके साथ एक दर्जन ग्रामीण मौजूद रहे प्रमुख रूप से धीरू ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, पंकज चौरसिया, महिपाल सिंह, आनन्द दुबे, राम लखन गौतम, सुनील कटियार, जयसिंह गौतम आदि लोग मौजूद रहे। एसडीएम रश्मि राम ने बताया की प्रार्थना पत्र मिला है उग्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेज दिया गया है उनका आदेश आते ही जांच कराई जाएगी।



# एक दिन के लिए अपर नगर आयुक्त बने प्रकाश चंद्र

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

मथुरा में लोगों की मूलभूत समस्याओं को लेकर दो साल से अनशन पर बैठे प्रकाश चंद्र को एक दिन के लिए अपर नगर आयुक्त बनाया गया। अपर नगर आयुक्त की कुर्सी पर बैठते ही उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनने के लिए पूरा समय दिया। इस दौरान दो दुकानदारों पर जुर्माना भी लगाया।



मथुरा में जनसमस्याओं को लेकर लगभग दो साल से भगत सिंह पार्क के समीप अनशन पर बैठे समाजसेवी प्रकाश चंद्र अग्रवाल को एक दिन के लिए अपर नगर आयुक्त बनाया गया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं और गंज से आर्य समाज रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर दो दुकानदारों से दो हजार रुपए जुर्माना भी वसूल किया। चूना कंकड़ गली निवासी 69 वर्षीय प्रकाश चंद्र अग्रवाल तीन अक्तूबर 2022 से भगत सिंह पार्क के निकट धरना दे रहे थे। उन्होंने नगर निगम से एक दिन का अपर नगर आयुक्त बनाने की मांग की थी। शासन की मंजूरी के बाद नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने उन्हें एक दिन का अपर नगर आयुक्त बनने का मौका दे दिया। बृहस्पतिवार को प्रकाश चंद्र ने नगर आयुक्त के साथ नगर निगम कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने शासन को पत्र भेजकर नगर निगम मथुरा को बी से ए ग्रेड बनाने एवं यमुना के समानांतर नाला बनाए जाने की मांग की है। प्रवर्तन दल एवं निगम की टीम के साथ जनरल गंज से आर्य समाज रोड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इसके बाद प्रकाश चंद्र का धरना समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि व्यापारी नेताओं की शह पर दुकानदारों ने फुटपाथों और मार्गों पर अतिक्रमण कर लिया है। यदि बड़े दुकानदार चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाएंगे तो वह हाईकोर्ट जाएंगे।

# ककवन सीएचसी में धूल खा रही एक्स-रे मशीन कब होगा उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर तहसील के कानपुर जिले से अधिक दूरी पर स्थित का ककवन ब्लॉक में हर विभाग में अधिकारी आने से घबराता है की नौकरी करके कानपुर कब पहुंचेंगे यह उसको कुछ पता नहीं है। इसी कड़ी में शासन की मानसा के अनुरूप विधायक राहुल बच्चा सोनकर के अथक प्रयास से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन डिजिटल एक्सरे मशीन लगवा दी गई फिटिंग होने के महीना बीत गए चुनाव हो गया चुनाव के बाद आजकल उद्घाटन होते-होते नहीं हो पाया कारण यह की एक्स-रे टेक्निशियन अभी तक ककवन नहीं पहुंचा है आखिरकार धूल खा रही मशीन खराब अगर हो गई तो उसकी जिम्मेदार कौन लेगा वहीं पर ग्रामीण क्षेत्र के मरीज कानपुर रेफर कर दिए जाते हैं अगर चोट होने पर एक्स-रे मशीन चालू हो जाए तो यह पता चल जाए कि कितनी चोट है और वहीं पर मौजूद डॉक्टर उनका इलाज कर सकते हैं अधीक्षक डॉ धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि टेक्नीशियन का कानपुर तबादला हो गया है। लेकिन अभी तक ककवन अस्पताल में आकर उसने ज्वाइन नहीं किया है आते ही मशीन की जांच करवा कर और एनओसी मिलते ही उद्घाटन करा दिया जाएगा।

### प्रसव के बाद जग्चा-बग्चा की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**माधौगढ़।** प्राइवेट अस्पताल में प्रसव के दौरान बच्चा की मौत के बाद महिला की हालात बिगड़ गई। अस्पताल प्रबंधन ने महिला को झांसी रेफर कर दिया। देर रात महिला की भी मौत हो गई।

माधौगढ़ के चितौरा चौराहा के पास दो माह से बालाजी हॉस्पिटल संचालित हो रहा है। छह जुलाई को चितौरी निवासी गर्भवती ऊषा रजवधिया (35) बालाजी हॉस्पिटल में भर्ती हुईं। मंगलवार सुबह प्रसव के दौरान बच्चा की मौत हो गई। बाद में ऊषा की हालात बिगड़ गई। हालात खराब देख अस्पताल प्रबंधन ने आनन-फानन में महिला को झांसी रेफर कर दिया। मंगलवार शाम इलाज के दौरान महिला की भी मौत हो गई। मौत की खबर सुन अस्पताल संचालक ताला लगा कर भाग गए। बुधवार दोपहर महिला का शव माधौगढ़ आते ही परिजनों ने अस्पताल के सामने जाम लगा दिया। जाम की खबर सुन सीओ शैलेंद्र वाजपेई, एसडीएम सुरेश कुमार, कोतवाल सुनील कुमार, नायब तहसीलदार भुवनेंद्र कुमार, रामपुरा एसओ योगेंद्र पटेल मौके पर पहुंच गए। तहसील अधिकारियों ने जाम हटाने का प्रयास किया। परिजन अस्पताल प्रबंधन से मुआवजा दिलवाने को लेकर जाम लगाए रहे। परिजन अस्पताल में तैनात चिकित्सक व स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए।

### पंखे ने ली 7 वर्षीय मासूम की जान

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**। मथुरा के सौंख में गर्मी के चलते छत पर लगाए गए तूफानी पंखे से 7 वर्षीय बालिका करंट की चपेट में आ गई। बालिका को परिजन उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। थाना मगोर्रा के गांव नगला आशा निवासी सतीश ने उमस भरी गर्मी के चलते बुधवार की शाम को अपने घर की छत पर तूफानी पंखा लगाया था। इसके बाद ससुराल से आए फोन से सतीश बातें करने लगा। अन्य परिवार के लोग नीचे खाना खा रहे थे। करीब 10 बजे बालिका छाया कुमारी हाथ मे खाने की प्लेट को लेकर छत पर आ गई और उसने तूफानी पंखे के बटन से चालू किया। इसी दौरान करंट लगा और वो बुरी तरह झुलस गई।



# युवक ने भाई को मारी गोली, तमंचा लहराते हुए पहुंचा पुलिस चौकी






**जन एक्सप्रेस । मथुरा**

युवक ने भाई को गोली मार दी। इसके बाद तमंचा लहराते हुए पुलिस चौकी पहुंचा। दोनों में आपसी लेन देन और जमीन का विवाद चल रहा है।

उत्तर प्रदेश के मथुरा में बुधवार शाम युवक ने अपने ही भाई में गोली मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों भाइयों के बीच पैसे का लेनदेन एवं जमीन का विवाद चल रहा था। ऑटो चालक भाई गोली मारकर हथियार लहराते हुए पुलिस चौकी पहुंच गया। पुलिस ने घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे रेफर कर दिया गया है।

घटना कोसीकलां थाना क्षेत्र के बैठन गेट की है। ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी ऑटो चालक मंगल और उसके भाई हुकम सिंह में आपसी लेन देन व जमीन का विवाद था। इसे लेकर बुधवार शाम मंगल ने बठैन गेट चौराहे पर पुलिस चौकी से महज 15 मीटर की दूरी पर मंगल ऑटो लेकर आया। तमंचा निकालकर फायरिंग करनी शुरू कर दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गोली उसके भाई हुकम की आंख के नीचे लगी। इससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी हथियार लहराते हुए चौकी पहुंच गया। अपने आप को मुजरिम बताने लगा। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।

प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह का कहना है कि फायरिंग की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। आरोपी युवक को पकड़ लिया है।

तमंचा बरामद कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर जांच करके कार्रवाई की जा रही है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ0रे0-उ0रे0/वाणिज्य-मण्डल |
| --- | --- |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14241-SLR-F1-PYGS-SRE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.07.2024 at 12:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12231-SLR-F1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.07.2024 at 12:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20940-SLR-F2-SLN-SBIB-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.07.2024 at 13:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F2-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.07.2024 at 13:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 29.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.07.2024 at 13:20 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14207-SLR-F2-PBH-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.07.2024 at 13:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12184-SLR-R1-PBH-BPL-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 11.07.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 29.07.2024 at 12:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 29.07.2024 at 13:40 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2114/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पाकिस्तान में सऊदी एयरलाइंस के प्लेन में आग लगी, 10 घायल



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सऊदी एयरलाइंस की फ्लाइट में पाकिस्तान के पेशावर एयरपोर्ट पर गुरुवार को आग लग गई। इसमें 10 लोग जख्मी हो गए। हादसा तब हुआ जब विमान लैंड कर रहा था। यात्रियों और केबिन क्रू के सभी सदस्यों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला गया। फ्लाइट रियाद से पेशावर आई थी। रिपोर्ट के मुताबिक लैंडिंग गियर में कुछ खराबी के चलते ये हादसा हुआ। हालांकि अब तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

### विमान में 276 यात्री और 21 क्रू मेंबर थे

सऊदी एयरलाइंस 792 में 276 यात्री सवार थे। इसके अलावा 21 क्रू मेंबर थे। एयर ट्रैफिक कंट्रोलर के मुताबिक, लैंड होने के बाद विमान से धुआं निकलता दिखाई दिया। इसके बाद पायलट को इसकी जानकारी दी गई। इसके साथ ही फायर एंड रेस्क्यू सर्विस को भी इन्फॉर्म किया गया। आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आनन-फानन में इस आग को बुझाया गया। विमान से सभी यात्रियों और क्रू को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### अमेरिका में भी हादसा हुआ, फ्लोरिडा से फोनिक्स जा रहे प्लेन का टायर फटा

अमेरिका के टैंपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भी बुधवार को एक बड़ा हादसा टल गया। अमेरिकी एयरलाइंस फ्लाइट 590 का दाहिना टायर टेक ऑफ करते वक्त ब्लास्ट कर गया। इस दौरान विमान में 176 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। विमान के उड़ने से पहले ये घटना हुई जिसके बाद ऐन मौके पर इसे रोक लिया गया जिससे जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। ये विमान फ्लोरिडा से फोनिक्स जा रहा था। अमेरिकी एयरलाइंस ने बताया, टायर के पास चिंगारी निकलने से हादसा हुआ। टैंपा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने कन्फर्म किया कि ये हादसा बुधवार सुबह 8 बजे (स्थानीय समय) हुआ। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें दिख रहा है कि विमान का दाहिना टायर फटने के बाद, पहिया खुलकर बाहर निकल गया। इसके बाद वहां से चिंगारी निकलने लगी, जिसके बाद धुआं फैल गया।एक पहिया टूटकर अलग हो जाने के बाद भी विमान दो पहियों के सहारे दौड़ता रहा।

### टायर फटने के बाद भी चलता रहा विमान

रनवे के अंत में रुकने से पहले टायर फटने के बावजूद विमान सिर्फ दो पहियों पर दौड़ता रहा। बाद में जब विमान रुका तो आपातकालीन वाहन मौके पर पहुंचे। अमेरिकन एयरलाइंस के प्रवक्ता अल्फ्रेडो गार्डुनो ने कहा कि यात्रियों और क्रूम मेंबर्स को कोई चोट नहीं आई और उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। इसके बाद विमान को टर्मिनल पर भेजा गया। एयरलाइन ने कहा कि यात्रियों को एक दूसरे विमान से भेज दिया गया है। इस घटना से बाकी उड़ानें प्रभावित नही हुई हैं।

### हादसे की जांच करेगा एफएए

अमेरिकन एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि फ्लाइट 590 को उड़ान भरने से पहले रनवे पर फ्लाइट में एक मैकेनिकल खराबी का अनुभव हुआ था। एयरलाइन ने कहा कि इस घटना की वजह से यात्रियों को होने वाली किसी भी असुविधा के लिए माफी मांगते हैं। अमेरिकी विमान एजेंसी ने कहा कि इस घटना की एफएए जांच करेगा।

# नीट पेपरलीक केस में रॉकी गिरफ्तार

## नेपाल भागने की तैयारी में था, सीबीआई ने झारखंड से किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पटना



नीट पेपर लीक केस में सीबीआई को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पिछले कई दिनों से सीबीआई की टीम जिसे तलाश रही थी, वो आखिरकार पकड़ा ही गया। सीबीआई ने झारखंड से रॉकी उर्फ राकेश को गिरफ्तार किया है। आज उसे पटना में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट ने रॉकी को 10 दिन अपने रिमांड में रखने की इजाजत सीबीआई को दी है। बताया जा रहा है कि रॉकी नेपाल भागने की तैयारी में थी। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने उसे दबोच लिया।

### रॉकी उर्फ राकेश पर है यह बड़ा आरोप

पेपर लीक गैंग के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के भांजे राकेश उर्फ रॉकी ने झारखंड से नीट के पेपर उड़ाने की साजिश रची थी। रॉकी उर्फ राकेश मूलरूप से नवादा का रहने वाला है। वह रांची में अपना रेस्टोरेंट चलाता था। सीबीई की पूछताछ में चिंटू, मुकेश, मनीष और आशुतोष ने कई बड़े खुलासे किए थे। जांच में पता चला था कि पेपर लीक गैंग के मास्टरमाइंट संजीव मुखिया के भांजे राकेश उर्फ रॉकी ने झारखंड से नीट के पेपर उड़ाने की साजिश रची थी। वह रांची में रेस्टोरेंट चलाता है। ईओयू सूत्रों की मानें तो रॉकी ने ही पेपरलीक केस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसने हजारीबाग से पेपर उड़ाने की साजिश रची। इसके बाद रांची और पटना के स्कॉलर मेडिकल स्टूडेंट की मदद से पेपर सॉल्व करवाया। इस बीच संजीव मुखिया और सिकंदर यादवेंदु कई बार रांची में रॉकी से मिलने गए थे।

### संजीव मुखिया की तलाश कर रही सीबीआई की टीम

जांच में यह भी पता चला कि रॉकी ने ही पांच मई को प्रश्न पत्र उड़ाने के बाद सॉल्व करवाया था। इसके बाद इसे पटना में चिंटू उर्फ बलदेव के सोशल मीडिया पर भेजा गया। इन सब के लिए माफियाओं ने पिछले कई महीनों से तैयारी की थी। बता दें कि ईओयू ने नीट पेपरलीक केस को सीबीआई को हैंडओवर कर दिया था। इसमें मामले में सीबीआई छह से ज्यादा लोगों को आरोपी बना चुकी है। सीबीआई ने मंगलवार को पटना से सन्नी और रंजीत को गिरफ्तार किया था। इससे पहले सीबीआई की टीम मनीष और आशुतोष को गिरफ्तार किया था। अब टीम संजीव मुखिया की तलाश कर रही है।

# आंध्र प्रदेश में तीसरी की छात्रा से गैंगरेप, हन्या

## आरोपी उसी के स्कूल के छठी-7वीं के छात्र, सबूत मिटाने के लिए नहर में फेंका शव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नांदयाल



आंध्र प्रदेश के नांदयाल जिले में तीसरी क्लास में पढ़ने वाली बच्ची से गैंगरेप और मर्डर का मामला सामने आया है। पुलिस ने बच्ची के स्कूल के तीन नाबालिग छात्रों को आरोपी बनाया गया है। छात्रों ने गैंगरेप के बाद बच्ची की हत्या कर दी। सबूत मिटाने के लिए शव को नहर में फेंक दिया। शव अभी तक बरामद नहीं हुआ है। बच्ची की उम्र 8 साल थी। वहीं, आरोपी दो लड़कों की उम्र 12 साल है। दोनों छठी क्लास में पढ़ते हैं। तीसरे आरोपी की उम्र 13 साल है, वह सातवीं क्लास में पढ़ता है। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार (7 जुलाई) शाम की बताई जा रही है। घटना के वक्त बच्ची पगडियाला स्थित एक पार्क में खेल रही थी। इसी दौरान आरोपी छात्र उसे खेलने के बहाने सुनसान जगह ले गए और वारदात को अंजाम दिया। बच्ची घटना के बारे में अपने माता-पिता को न बता दे, इस डर से आरोपी बच्चों ने उसकी हत्या कर दी और शव को पास की नहर में फेंककर मौके से भाग निकले।

### स्निफर डॉग की मदद ली गई

पुलिस ने कृष्णा नदी के बैकवाटर में सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस ने बताया कि बच्ची 7 जुलाई से लापता थी। वह घर के पास स्थित पार्क में खेलने गई थी, लेकिन काफी समय गुजर जाने के बाद भी नहीं लौटी। पेरेंट्स ने काफी देर खोजा, लेकिन नाकाम रहे। बाद में उन्होंने शिकायत दर्ज कराई। शुरुआत में तो पुलिस को भी आरोपियों के बारे में पता नहीं चला। इसके बाद 9 जुलाई को स्निफर डॉग्स की मदद ली गई। इस दौरान गांव में रहने वाले 3 नाबालिग लड़कों का व्यवहार असामान्य देखा गया। तीन आरोपी लड़कों में से एक ने वारदात को स्वीकार कर लिया।

# योजनाओं का बजट न देने पर स्टालिन नाराज

## कहा, लोकसभा चुनाव में हार के बाद भी भाजपा ने नहीं सीखा सबक

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। धर्मपुरी



तमिलनाडु मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को मक्कलुदन मुधलवार योजना के विस्तार का शुभारंभ कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने लाखों याचिकाओं में वर्णित लोगों की शिकायतों का समाधान करने, शिकायतों के निवारण के लिए सीएम हेल्पलाइन सहित सेवाओं को एकीकृत करके एक नया विभाग मुधलवारिन मुगावरी बनाने जैसी पहलों को याद किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार राज्य में प्रमुख परियोजनाओं के लिए धन स्वीकृत नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा ने तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव में करारी हार से कोई सबक नहीं लिया। न्होंने आरोप लगाया कि वे अपने राज्य के लोगों के लिए इस तरह के प्रतिबद्ध काम से विपक्षी दलों को जलन और चिढ़ हो रही है। इसीलिए वे प्रचार और बदनाम के जरिए राज्य सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के लोगों के लिए काम कर रही है, चाहे उन्होंने डीएमके को वोट दिया हो या नहीं। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दूसरों में ऐसी उदारता नहीं देखी जा सकती। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र के पास चेन्नई में मेट्रो रेल चरण-2 जैसी तमिलनाडु की प्रमुख परियोजनाओं के लिए धन आवंटित करने का मन नहीं है। न ही इन्होंने अपने शासन के पिछले 10 वर्षों के दौरान राज्य में कोई बड़ी परियोजना लागू नहीं की है। उन्होंने कहा, तमिलनाडु के लोगों की ओर से, मैं कहता हूं, भाजपा को कम से कम अब यह महसूस करना चाहिए कि केंद्र सरकार सभी लोगों के लिए एक समान शासन होनी चाहिए, जो पसंद और नापसंद से परे हो।÷ उन्होंने कहा कि जहां तक डीएमके का सवाल है, हम लोगों के साथ हैं और लोग हमारे साथ हैं; यही हमारी सफलता का रहस्य है और यही तमिलनाडु के विकास का रहस्य है।

### 'मक्कलुदन मुधलवार' योजना पहले ही लागू की जा चुकी

7 मई, 2021 को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अब तक 68.30 लाख याचिकाओं में से 66.25 लाख याचिकाओं का निपटारा किया जा चुका है, संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया है। वहीं धर्मपुरी जिले में 72,438 याचिकाओं में विस्तृत मुद्दों का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी याचिकाएं लोगों द्वारा सरकारी अधिकारियों को सौंपी गई थीं। इससे आगे बढ़कर, 'मक्कलुदन मुधलवार' योजना पहले ही लागू की जा चुकी है, जिसके तहत शिविरों का आयोजन करके लोगों से उनके अपने शहरों में याचिकाएं प्राप्त की जाती हैं। फिर 30 दिनों के भीतर मुद्दों का समाधान किया जाता है। ऐसे मक्कलुदन मुधलवार शिविरों में प्राप्त 8.74 लाख याचिकाओं में पाए गए मुद्दों का समाधान किया गया है। धर्मपुरी जिले के शहरी क्षेत्रों में 3,107 याचिकाएं प्राप्त हुईं और 30 दिनों के भीतर 1,868 अभ्यावेदन संबोधित किए गए।

# मणिपुर के हालात में सुधार नहीं, आज भी दो टुकड़ों में बंटा है: राहुल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंफाल



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मणिपुर की स्थिति पर केंद्र सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। उन्होंने गुरुवार को कहा कि मणिपुर की स्थिति में आज भी सुधार नहीं हुआ, यह अभी भी दो टुकड़ों में बंटा हुआ है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी को राज्य का दौरा कर लोगों की तकलीफ सुननी चाहिए और शांति की अपील करनी चाहिए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि इंडी गठबंधन की पार्टियां मणिपुर की समस्या को संसद में पूरी शक्ति के साथ उठाकर, सरकार पर इस समस्या को पूरी तरह से खत्म करने का दबाव बनाएंगी। उन्होंने सोमवार को हिंसाग्रस्त राज्य का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरे का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भी साझा किया। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि 22 जुलाई से आरंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र में मणिपुर का मुद्दा उठाया जाएगा। उन्होंने एक वीडियो साझा करते हुए पोस्ट में लिखा, मणिपुर में हिंसा शुरू होने के बाद, मैं तीसरी बार यहां आ चुका हूं, मगर अफसोस स्थिति में कोई सुधार नहीं है। आज भी यह राज्य दो टुकड़ों में बंटा हुआ है। घर जल रहे हैं, मासूम जिंदगियां खतरे में हैं और हजारों परिवार राहत शिविरों में जीवन काटने पर मजबूर हैं।÷राहुल गांधी ने आगे कहा कि पीएम मोदी को खुद को मणिपुर आकर यहां के लोगों से बात करनी चाहिए। उनकी तकलीफ सुनने के साथ उनसे शांति बनाए रखने की अपील करनी चाहिए। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो के अनुसार, राहुल गांधी ने महिलाओं के एक समूह के समक्ष सवाल किया कि हिंसा क्यों शुरू हुई तो महिलाओं ने बताया कि हिंसा गलतफहमी से शुरू हुई थी। इससे किसी को भी कोई फायदा नहीं हो रहा है।

### मणिपुर में एक साल से जारी है हिंसा

मणिपुर में पिछले एक साल से ही हिंसा जारी है। दरअसल, मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में पिछले साल तीन मई को पर्वतीय जिलों में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के आयोजन के बाद झड़पें शुरू हुई थीं। राज्य में तब से अब तक कम से कम 160 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं।


सहायता पाना आपका अधिकार
हर मुश्किल में साथ खड़ी सरकार

बाढ़ प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अनुमन्य सहायता

- मृतक के परिजन के लिए : ₹4 लाख
- 40% से 60% अपंगता पर : ₹74,000
- 60% से अधिक अपंगता पर : ₹2.50 लाख
- चिकित्सा हेतु : ₹16,000 (1 सप्ताह से अधिक भर्ती पर)
- चिकित्सा के लिए : ₹5,400 (1 सप्ताह से कम भर्ती पर)
- घरेलू सामान एवं कपड़ों की क्षति पर : ₹2,500-₹2,500

फसल की क्षति पर-


- ₹8,500/हेक्टेयर (वर्षा सिंचित क्षेत्र)
- ₹17,000/हेक्टेयर (सिंचित क्षेत्र)
- ₹22,500/हेक्टेयर (बारहमासी फसल)
- रेशम पालन/मूंगा उत्पादन की क्षति पर : ₹6,000-7,500/हेक्टेयर

- दुधारू बड़े पशु की क्षति पर : ₹37,500 (भैंस, गाय, ऊंट)
- दुधारू छोटे पशु की क्षति पर : ₹4,000 (भेड़, बकरी, सूअर)
- गैर दुधारू बड़े पशु की क्षति पर : ₹32,000 (ऊंट, घोड़ा, बैल)
- गैर दुधारू छोटे पशु की क्षति पर : ₹20,000 (बछड़ा, गधा)
- कुक्कुट की क्षति पर : ₹100/मुर्गा/मुर्गी, अधिकतम ₹10,000
- मत्स्य व्यवसाय में नाव एवं जाल की आंशिक क्षति पर : ₹6,000-₹3,000
- मत्स्य व्यवसाय में नाव एवं जाल की पूर्ण क्षति पर : ₹15,000-₹4,000
- पक्के/कच्चे घर की अधिकांश/पूर्ण क्षति पर : ₹1,20,000/प्रति घर
- घर की आंशिक क्षति पर : ₹6,500 (पक्का), ₹4,000 (कच्चा)
- झोपड़ी एवं पशु बाड़ा की क्षति पर : ₹8,000 एवं ₹3,000

बाढ़ राहत खाद्यान्न किट (प्रथम पैकेट)
5 किलो लाई, 2 किलो भुना चना, एक किलो गुड़, 10 पैकेट बिस्किट, 1 पैकेट माचिस, 1 पैकेट मोमबत्ती, 2 नहाने का साबुन, 20 लीटर की जरीकेन, 1 तिरपाल (12X10 वर्ग फीट एवं मोटाई न्यूनतम 110 जीएसएम)

बाढ़ राहत खाद्यान्न किट (द्वितीय पैकेट)
10 किलो आटा, 10 किलो चावल, 2 किलो अरहर दाल, 10 किलो आलू, 200 ग्राम हल्दी, 100 ग्राम मिर्च, 200 ग्राम सब्जी मसाला, 1 लीटर सरसों का तेल एवं 1 किलो नमक

महिलाओं/किशोरियों के लिए डिग्निटी किट
20 सैनिटरी पैड, 2 साबुन, तौलिया, 1 मीटर सूती कपड़ा, 20 डिस्पोजेबल बैग एवं मग



टोल फ्री हेल्पलाइन : 1070

राहत आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश


# 'मोदी सरकार बहुमत खोने के बाद अब तेजी से काम करेगी'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के मुद्दे पर कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने तंज कसते हुए लिखा कि मोदी सरकार अब बहुमत खोने के बाद शायद आंध्र प्रदेश पुनर्गठन कानून 2014 पर तेजी से काम करेगी। केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की आंध्र प्रदेश में तेल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल हब बनाने की मांग मान ली है और इसके लिए केंद्र सरकार राज्य में 60 हजार करोड़ रुपये निवेश करेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा आंध्र प्रदेश में एक तेल रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल हब बनाने का वादा आंध्र प्रदेश पुनर्गठन कानून 2014 के तहत डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में ही किया गया था।

# भाजपा और मीडिया राज्य को कर रही बदनाम महिला से हिंसा का वीडियो दो साल पुराना: ममता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने उपचुनाव के बाद भाजपा और मीडिया के एक वर्ग पर राज्य को बदनाम करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर 24 परगना जिले के अरियाधा में भीड़ द्वारा हमला करने की घटना दो साल पुरानी थी, जिसे बार-बार दिखाया जा रहा है। उस समय अर्जुन सिंह बैरकपुर वहां के सांसद थे, जो कि भाजपा के हैं। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल एक हिंसा के वीडियो को लेकर पश्चिम बंगाल पर जमकर निशाना साधा जा रहा था। यह घटना अरियाधा में एक लड़की पर लोगों के समूह द्वारा हमला किए जाने की थी। हालांकि इस वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। इसके अलावा स्थानीय टीएमसी नेता और मुख्य संदिग्ध जयंत सिंह सहित तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया। बुधवार को ममता बनर्जी ने इस मामले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए भाजपा और मीडिया के एक वर्ग आरोपी बताया। कोलकाता हवाई अड्डे पर उन्होंने कहा कि दो साल पुरानी घटना का वीडियो क्लिप वायरल किया है। यह घटना तब की है जब उस लोकसभा सीट से भाजपा के अर्जुन सिंह बैरकपुर लोकसभा सीट के सांसद थे। उन्होंने कहा कि टीवी चैनलों के एक वर्ग पर बुधवार को होने वाले उपचुनावों से पहले भाजपा के इशारे पर पुरानी घटना को बार-बार दिखाने का आरोप लगाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)